संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 30 जनवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के फोटो के साथ फोटो खिंचवाती हुई लाभार्थी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 29 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com **हरियाणा संस्करण** दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




# परीक्षा पे चर्चा: 'मोदी सर' ने ली क्लास

### 'स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत', जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मैंने अपने जीवन में निराशा के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दी हैं

**प्रतिस्पर्धा**

**8 छात्रों पर तनाव तीन प्रकार का होता है - साथियों के दबाव से प्रेरित, माता-पिता द्वारा और स्वयं से प्रेरित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत बताया और कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा के रूप में काम करती हैं लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को दूसरों से नहीं बल्कि खुद से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। छात्रों को परीक्षा हॉल का तनाव दूर करने का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी) के 7वें संस्करण के दौरान नई दिल्ली के भारत मंडपम में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत की। मोदी ने माता-पिता को अपने बच्चे के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न मानने की सलाह को दोहराया और सुझाव दिया कि छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों पर तनाव तीन प्रकार का होता है - साथियों के दबाव से प्रेरित, माता-पिता द्वारा और स्वयं से प्रेरित। उन्होंने कहा, "कभी-कभी बच्चे खुद पर दबाव ले लेते हैं कि वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। मेरा सुझाव है कि आपको तैयारी के दौरान छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और धीरे-धीरे अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहिए, इस तरह आप परीक्षा से पहले पूरी तरह से तैयार हो जाएंगे।" प्रधानमंत्री ने छात्रों पर बाहरी कारकों के अतिरिक्त दबाव के प्रभाव को कम करने में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने खुद को दबाव से निपटने में सक्षम बनाने और जीवन के एक हिस्से के रूप में इसके लिए तैयारी करने का सुझाव दिया।

#### प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिएः मोदी

**साथियों** के दबाव और दोस्तों के बीच प्रतिस्पर्धा के मुद्दे को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि अक्सर अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा के बीज पारिवारिक स्थितियों में बोए जाते हैं, जिससे भाई-बहनों के बीच विकृत प्रतिस्पर्धा पैदा होती है। मोदी ने अभिभावकों से कहा कि वे बच्चों के बीच तुलना से बचें। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो का उदाहरण दिया, जहां बच्चे स्वस्थ तरीके से प्रतिस्पर्धा करते हुए एक-दूसरे की मदद करने को प्राथमिकता देते हैं।

#### 'शिक्षक छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं'

**उन्होंने** शिक्षकों से यह भी आग्रह किया कि वे पढ़ाए गए विषयों के आधार पर छात्रों से जुड़ने की बजाय उनके लिए अधिक सुलभ बनें। उन्होंने परिवारों के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव विकसित करने और उनसे पहले की उपलब्धियों के लिए छात्रों की सराहना करने का भी सुझाव दिया। मोदी ने कहा, "शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं।" परीक्षा के तनाव से निपटने के बारे में पूछा गये प्रश्नों का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने अभिभावकों के अति उत्साह या छात्रों की अति ईमानदारी के कारण होने वाली गलतियों से बचने की जरूरत पर जोर दिया।

## कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में सिर्फ नफरतः अनुराग ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

नीतीश कुमार की दोबारा एनडीए में वापसी पर प्रतिक्रिया देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि नीतीश कुमार शुरू से एनडीए के सहयोगी थे। जब -जब उन्होंने आईएनडीआई गठबंधन के साथ जाने का प्रयास किया, तब -तब बिहार में जंगल राज की वापसी हुई। एक बार फिर जब नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी हुई है तब हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बिहार में सुशासन हो, विकास हो। इस गठबंधन से बिहार के विकास को बल मिलेगा और बिहारवासियों की आशाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति होगी। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, "कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ ही न्याय करने में असमर्थ है। इनकी मोहब्बत की दुकान में सिर्फ नफरत नजर आती है। आज एक-एक करके इनके साथी इनको छोड़ रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता जैसे कपिल सिब्बल, गुलाम नबी आजाद, मिलिंद देवड़ा और कई बड़े नेता जो केंद्र और राज्य में मंत्री रहे, उन्होंने आज कांग्रेस से किनारा किया है। आज कांग्रेस के सहयोगी दलों को भी लगता है कि अगर कांग्रेस के साथ रहे तो उनका खुद का वोट बैंक खिसक जाएगा। चाहे वह ममता बनर्जी हों या डीएमके या फिर महाराष्ट्र, सभी लोग इनसे किनारा कर रहे हैं।



**निशाने पर**

**8 आईएनडीआई गठबंधन के साथ जाने का प्रयास किया, तब - तब बिहार में जंगल राज की वापसी हुई**

## राज्यसभा के चुनाव की घोषणा, 27 फरवरी को मतदान

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

भारत निर्वाचन आयोग ने 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की घोषणा कर दी है। देश के 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा। इनमें सर्वाधिक दस सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। चुनाव आयोग के अनुसार 15 फरवरी तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे। नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। मतों की गिनती 27 फरवरी को ही शाम पांच बजे से होगी।

## बिहार: '10 लाख रोजगार का वादा पूरा करेगी नई एनडीए सरकार'

### 'प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश के साथ मिलकर बिहार के विकास का काम करेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार के नए डिप्टी सीएम और भाजपा के प्रदेश** अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जनता दल यूनाईटेड को समर्थन देकर फिर से नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बड़ा बयान दिया है। सम्राट चौधरी ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड की तरफ से हमलोगों को सरकार बनाने का प्रस्ताव आया था कि भारतीय जनता पार्टी उनके सरकार बनाने में समर्थन करें। उनके दूत संजय झा हमारे पास आए थे। **अपने सपने को पूरा करेगी एनडीएः** 2005 में जंगल राज को समाप्त कर सुशासन स्थापित किया। पूर्ण रूप से जनता दल यूनाइटेड और भारतीय जनता पार्टी का गठबंधन अभी हम पार्टी का भी हम लोग के साथ सहयोग है। प्रधानमंत्री मोदी और नीतीश कुमार के साथ मिलकर बिहार के विकास का काम करेंगे। 2020 के चुनाव के बाद हम लोगों ने संकल्प लिया था कि 10 लाख लोगों को रोजगार देने का काम करेंगे भारतीय जनता पार्टी और जदयू का कमिटमेंट था, जिसको पूरा किया जा रहा है।



#### 'रेवेन्यू स्तर को भी किया जाएगा ठीक'

**सम्राट** चौधरी ने कहा कि बिहार में रेवेन्यू स्तर को भी ठीक किया जाएगा। बिहार में कैसे अधिक से अधिक रेवेन्यू उत्पन्न हो ताकि विकास बिहार में विकास का काम पिछड़ों में अति पिछड़ों में दलितों में, यानी कैसे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की किरण कैसे पहुंचे, इस तरफ ऐसा करने का काम करेंगे।

इसलिए 2020 के जनमत का सम्मान करते हुए जो भारतीय जनता पार्टी को जनता ने सम्मान दिया था। इसलिए हमलोग एक बार फिर नीतीश कुमार के साथ आए।




केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी इंडिया एनर्जी वीक पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए

## 'एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर 15 फरवरी तक फैसला लें स्पीकर'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में अजीत पवार खेमे के एनसीपी विधायकों की अयोग्यता पर फैसले के लिए विधानसभा स्पीकर को 15 फरवरी तक का समय दे दिया है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे सरकार को समर्थन दे रहे इन विधायकों पर स्पीकर को 31 जनवरी तक फैसला लेने को कहा था। आज स्पीकर ने तीन सप्ताह का अतिरिक्त समय मांगा, जिस पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने 15 फरवरी तक का समय दिया था। कोर्ट ने 30 अक्टूबर, 2023 को एनसीपी के विधायकों के खिलाफ अयोग्यता पर फैसला लेने की समय सीमा तय करते हुए 31 जनवरी, 2024 तक फैसला लेने को कहा था।

## किसान हित में है कृषि वानिकी को बढ़ाना : मुंडा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि वानिकी को बढ़ाकर किसानों की आय बढ़ाई जा सकती है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाना चाहिए। मुंडा ने सोमवार को कृषि भवन में कृषि क्षेत्र में स्वैच्छिक कार्बन बाजार के लिए फ्रेमवर्क एवं कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल का विमोचन करते हुए कहा कि कृषि वानिकी नर्सरी के एक्रीडिएशन प्रोटोकॉल, देश में कृषि वानिकी को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर रोपण सामग्री के उत्पादन और प्रमाणीकरण के लिए संस्थागत व्यवस्था को मजबूत करेंगे। देश में कृषि क्षेत्र, अर्थव्यवस्था व करोड़ों लोगों की आजीविका में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।



## 'पीएम 'परीक्षा पे चर्चा' से छात्रों का बढ़ाते हैं हौसला'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा से पूर्व बच्चों को जिस प्रकार उनके माता-पिता और परिजनों की ओर से मानसिक रूप से मजबूत बनाने का प्रयास किया जाता है, उसी प्रकार प्रधानमंत्री मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से देश के विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हैं। जी.जी.आई.सी कौलागढ़ में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पर चर्चा 2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से लिखित पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स भी प्रदान की। 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर जनपद की कक्षा 07 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री से पूछा कि हम आपकी तरह सकारात्मक कैसे हो सकते हैं? प्रधानमंत्री ने स्नेहा की जिज्ञासा का समाधान करते हुए कहा कि उनकी प्रकृति है कि वे हर चुनौती को चुनौती देते हैं। उसके कारण उन्हें नया सीखने को मिलता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा के दौरान तैयारी में जुटे विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री का प्रेरणादायी, सारगर्भित और व्यावहारिकता से परिपूर्ण उद्बोधन सुनने का अवसर मिला।



**प्रेरणास्त्रोत**

**8 कक्षा 07 की छात्रा स्नेहा त्यागी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछा प्रश्न, पीएम ने दिया जवाब**

## हफ्ते भर में लागू होगा सीएएः केंद्रीय मंत्री शांतनु




**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को दावा किया कि संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) एक सप्ताह के भीतर देश में लागू कर दिया जाएगा। एक समाचार चैनल के साथ साक्षात्कार के दौरान पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के मतुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि इस कानून को सात दिनों के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा। वर्ष 2019 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लाए गए सीएए का उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में बसे बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाइयों सहित प्रताड़ना झेल चुके गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करना है। मतुआ समुदाय के नेता ठाकुर ने कहा कि सीएए बहुत जल्द लागू किया जाएगा। इसे सात दिनों के भीतर लागू किया जाएगा। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने रविवार को भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने दावा किया कि इस साल लोकसभा चुनाव से पहले देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। राज्य की अनुसूचित जाति की आबादी में मतुआ समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है। 1950 के दशक से यह समुदाय मुख्य रूप से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में धार्मिक उत्पीड़न के कारण पश्चिम बंगाल की ओर पलायन कर गया था।

**दावा**

**8 बनगांव से भाजपा सांसद ठाकुर ने कहा कि इस कानून को सात दिनों के भीतर तेजी से कार्यान्वित किया जाएगा।**

**हथकरघा** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की विधायक प्राथमिकता बैठकों की अध्यक्षता

## 'वर्ष 2024-25 के लिए 9990 करोड़ रुपये की वार्षिक योजना प्रस्तावित'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को वर्ष 2024.25 के लिए विधायकों की प्राथमिकताएं निर्धारित करने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। प्रथम दिन के पहले सत्र में जिला ऊना, हमीरपुर तथा सिरमौर के विधायकों की प्राथमिकताओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा वार्षिक योजना 2024-25 का आकार 9989.49 करोड़ रुपये प्रस्तावित किया गया है। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आगामी चार वर्षों में हिमाचल को आत्मनिर्भर तथा 10 वर्षों में देश के सबसे समृद्ध राज्यों में शामिल करने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इस बैठक में होने वाली चर्चा से हमें प्रदेश में विकास की दिशा तय करने के लिए बहुमूल्य सुझाव प्राप्त होंगे। वर्तमान सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों तथा समाज के सभी वर्गों के तीव्र एवं सन्तुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को राज्य सरकार ने नीतिगत दस्तावेज के रूप में अपनाया है तथा इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। हाल ही में विश्व बैंक के साथ 2,000 करोड़ रुपये का समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है जिससे अगले पांच वर्षों में जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास कार्यक्रम के तहत प्रदेश में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायकों की प्राथमिकताओं को सामान्यतः नाबार्ड संचालित आरआईडीएफ कार्यक्रम से वित्त पोषित किया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान नाबार्ड से 918.81 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं जिसमें लोक निर्माण विभाग की 62 एवं जल शक्ति विभाग की 93 विधायक प्राथमिकताएं स्वीकृत करवाई जा चुकी हैं।



**बैठक**

**8 पहले सत्र में जिला ऊना, हमीरपुर तथा सिरमौर के विधायकों ने मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कीं अपनी प्राथमिकताएं**

## 'गठबंधन में विश्वास की भारी कमी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वापस राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने का कारण बताते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रविशंकर प्रसाद ने आईएनडीआई गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि आईएनडीआई गठबंधन में विश्वास की कमी थी। जब गठबंधन पार्टी को एक-दूसरे से बात करनी चाहिए थी, तब कांग्रेस अपनी यात्रा में व्यस्त थी। कांग्रेस ने अपना पुराना आकर्षण खो दिया है लेकिन उसका अहंकार अभी भी चरम पर है। उन्होंने कहा कि बिहार में जिस तरह से कानून-व्यवस्था चरमरा गई थी, उससे नीतीश कुमार नाखुश थे।

# सीएम ने गांव को सुपुर्द किया पैतृक मकान

## मकान में गांव के बच्चों के लिए स्थापित होगी ई-लाइब्रेरी, ई-लाइब्रेरी के संचालन हेतु गठित की जाएगी कमेटी, माता-पिता की निशानी है यह घर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रोहतक जिला के गांव बनियानी में स्थित अपने मकान को सामाजिक कार्य हेतु गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री रोहतक से भिवानी जाते समय अपने गांव बनियानी पहुंचे और अपने पैतृक घर पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों के समक्ष सामाजिक कार्य के लिए अपने मकान को गांव के सुपुर्द करने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जोरदार तालियां बजाकर व नारे लगाकर स्वागत किया। मनोहर लाल ने कहा कि यह गांव उनके लिए दर्शनीय है, क्योंकि उनका बचपन यहां बीता है और



पढ़ाई भी यहीं पर रहकर की है। उन्होंने कहा कि यह मकान उनके माता-पिता की निशानी है, जो उन्होंने उनके नाम किया था। उन्होंने कहा कि यह घर आज वे गांव को सुपुर्द कर रहे हैं। उन्होंने अपने मकान के साथ लगते चाचा के बेटे के मकान को भी गांव को सौंप दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों घरों को मिलाकर यह लगभग 200 गज का क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि इस मकान में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जाएगी। ई-लाइब्रेरी मं. कंप्यूटर के अलावा किताबें उपलब्ध करवाई जाएगी। बुजुर्गों की रुचि के मुताबिक भी यहां किताबें आदि सामान भी उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि इस मकान का सदुपयोग हो, बच्चे यहां बैठकर पढ़े-लिखे और अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण करें। इस उद्देश्य से गांव की समिति का गठन किया जाएगा, जो इसकी पूरी देखरेख करेगी।

**पहल**

**8 मुख्यमंत्री के इस प्रस्ताव का ग्रामीणों ने जोरदार तालियां बजाकर व नारे लगाकर स्वागत किया**

इससे पहले मुख्यमंत्री ने भिवानी रोड से मोखरा रोड तक बनियानी माइनर के साथ सड़क निर्माण के प्रस्ताव को लेकर संबंधित किसानों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री गांव में ही राजकुमार के मकान पर भी गए। यहां भी उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और कहा कि यह जगह उनके लिए यादगार है, क्योंकि यहां उनका बचपन बीता है। उन्होंने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि इस जगह पर देवी सिंह की कुंई हुआ करती थी।

गांव बनियानी में पहुंचने पर गांव के पूर्व सरपंच एवं किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष बंसी विज व पूर्व विधायक सरिता नारायण सहित अन्य गणमान्य लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर उपायुक्त अजय कुमार, जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग सहित अन्य नेतागण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# 'गरीबों और वंचितों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रयत्नशील'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीबों और वंचितों की आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की हैं जो पूरी तरह से अंत्योदय व गरीब हितैषी हैं।

डॉ. कमल गुप्ता आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं व सेवाओं पर पहला हक गरीबों का है। वर्तमान सरकार सत्ता भाव से नहीं सेवा भाव से काम कर रही है। लागू की गई सभी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाना सरकार अपना कर्तव्य समझती है। निकाय मंत्री ने कहा कि यात्रा के दौरान गरीब वर्गों के लोगों, महिलाओं, युवाओं, किसानों, मध्यम वर्ग के लोगों के लिए केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है ताकि योजनाओं के प्रति जागरूक होकर नागरिक इनका लाभ भी उठा सकें।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार द्वारा शुरू की गई मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना गरीबों व वंचितों के लिए संकटमोचक बनकर आई है। सरकार द्वारा गरीबों की आय में इजाफा करने के लिए अनेक योजनाएं क्रियान्वित कर लागू की जा रही हैं। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का उद्देश्य प्रदेश में सबसे गरीब परिवारों की पहचान करके उनको स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है।

# मानेसर भूमि घोटाला: पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से ईडी ने दूसरी बार की पूछताछ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**बिहार** और झारखंड जैसे प्रदेशों के नेताओ के साथ सोमवार को ई डी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ की। ई डी ने हुड्डा से दूसरी बार पूछताछ की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में पूछताछ की गई। मानेसर लैंड डील मामले में दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछताछ की गई। दो हफ्ते पहले भी हुड्डा को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था।

कुछ दिन पहले भी प्रवर्तन निदेशालय ने 2004-07 के दौरान गुरुग्राम के मानेसर में हुए 1500 करोड़ रुपये के भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से छह घंटे पूछताछ की थी। ईडी ने एक हफ्ते पहले हुड्डा को दूसरी बार जांच में शामिल होने का नोटिस दिया था। ईडी ने दिल्ली मुख्यालय में पीएमएलए कानून के तहत 76 वर्षीय हुड्डा के बयान दर्ज किए।

मानेसर थाना पुलिस ने मानेसर के पूर्व सरपंच ओम प्रकाश यादव की शिकायत पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा और अन्य पर धोखाधड़ी की अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया था। प्रदेश सरकार ने इस मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की थी। आठ साल पहले सितंबर माह में सीबीआई ने मामला दर्ज कर तीनों गांव के 200 से अधिक किसानों के बयान दर्ज किए थे। इसमें उसे बिल्डरों की ओर से किसानों के साथ की गई ठगी के सबूत मिले थे। सीबीआई भी इस मामले की जांच कर रही है।

# आयोग द्वारा भरे जाएंगे ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पद: संजीव

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिलों में कार्यरत ग्रुप-डी के रिक्त पदों की संख्या को तीन दिन के अंदर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव आज यहां विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिलों के अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे। उल्लेखनीय है कि इस संबंध में मानव संसाधन विभाग के महानिदेशक को नियुक्ति प्राधिकारी मनोनीत किया गया है। कौशल ने बताया कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-डी के 13 हजार से अधिक पदों की भर्ती की जाएगी।

# 'विपक्षी गठबंधन के बिखराव के साथ-साथ कांग्रेस भी टूट जाएगी'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**विपक्षी** गठबंधन पर हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि यह गठबंधन भानुमति के कुनबे की तरह है, जो कि कभी साथ नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि इस गठबंधन से आज बिहार के सीएम नीतीश कुमार दूर हुए है और इसी तरह आम आदमी पार्टी और अन्य नेता भी दूर हो जाएंगे, अंत में कांग्रेस अकेली बचेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस के पतन का कारण विपक्षी दलों का गठबंधन बनेगा। डिप्टी सीएम ने यह भी कहा कि जनता बहुत जागरूक है और कांग्रेस के लोक लुभावने वादों का जनता पर कोई असर नहीं पड़ेगा

**साधा निशाना**

**8 यह गठबंधन भानुमति के कुनबे की तरह है, जो कि कभी साथ नहीं चल सकता: दुष्यंत**

क्योंकि कांग्रेस ने राजस्थान में भी बड़े-बड़े लोक लुभावने वादे किए थे लेकिन जनता ने सोच-समझकर कांग्रेस को आईना दिखाया। वे सोमवार को भिवानी जिले के विभिन्न गांवों के दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र शासित प्रदेश का बहाने बनाते है लेकिन वे बताएं कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की संपूर्ण सरकार होने के बावजूद पंजाब की अर्थव्यवस्था के बुरे हालात क्यूं है? उन्होंने कहा कि जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से पंजाब के मुकाबले हरियाणा छोटा होने के बावजूद टैक्स कलेक्शन में पंजाब से आगे है। इसी तरह विकास परियोजनाओं को लागू करने में भी हरियाणा अग्रणी राज्य है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी का सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चल रहा है और बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती के लिए पार्टी काम कर रही है।

वहीं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, किसान, कमेरे के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर नई-नई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाया जा रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि टेल के अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने के लिए माइनरों का जीर्णोद्धार करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 500 करोड़ रुपए की राशि शीघ्र ही किसानों को प्राप्त होगी, जिससे किसानों की बकाया मुआवजा राशि का भुगतान होगा। डिप्टी सीएम ने कहा कि फसल मुआवजा के लिए किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

# विश्वकर्मा कौशल विवि पहुंचे जापान और साउथ कोरिया के प्रतिनिधिमंडल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय पलवल में सोमवार को साउथ कोरिया और जापान के प्रतिनिधिमंडल पहुंचे। उन्होंने रोजगार के क्षेत्र में विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ संबंध मजबूत बनाने के लिए कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

वन वर्ल्ड एलायंस जापान के आग्रह पर कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर में विदेशी संगठनों के लिए सेंटर का स्थान उपलब्ध करवाने की सैद्धांतिक स्वीकृति भी दी है। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि भारत के पास सर्वाधिक युवा शक्ति है और हम उन्हें कौशल के माध्यम से वैश्विक स्तर पर रोजगार के साथ जोड़ना चाहते हैं।

# 'सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं लागू कर रही है'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, कमेरे और मजदूर के जीवन में खुशहाली लाने के लिए निरंतर नई-नई कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। गांवों का शहरों की तर्ज पर विकास कार्य करवाया जा रहा है। टेल के अंतिम छोर पर पानी पहुंचाने के लिए माइनरों का जीर्णोद्धार करवाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत करीब 500 करोड़ रूपए की राशि शीघ्र ही प्राप्त होगी, जिससे किसानों की बकाया मुआवजा राशि का भुगतान होगा। फसल मुआवजा के लिए किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।



चौटाला सोमवार को भिवानी जिला के गांव मंढ़ाणा, सुई, नाथुवास, खरक और सैय में जन समस्याएं सुन रहे थे। ग्रामीणों द्वारा गांवों में गलियों, तालाबों व शमशान घाटों के नव निर्माण आदि करवाएं जाने वाले कार्यों की मांग पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा शिव धाम योजना के तहत सभी गांवों के मुक्ति-धामों में शेड निर्माण करने, चारदीवारी बनाने और समुचित पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने आदि का काम करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना के तहत गांवों में तालाबों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने गांव मंढ़ाणा के तालाब को अमृत सरोवर में लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शहरों की तर्ज पर गांवों का विकास करवाया जा रहा है, जिसमें गांव में ई-लाईब्रेरी, व्यायामशाला, ओपन जिम बनाना व फिरनियों पर लाइट लगवाना आदि शामिल हैं। फिरनियों में लाइट लगने से गांव भी शहरों की तरह रोशन होंगे और सीसीटीवी कैमरों से गांव सुरक्षित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का बच्चों की पढ़ाई पर पूरा ध्यान है, इसी के चलते गांवों में लाईब्रेरी बनवाई जा रही है ताकि गांवों के बच्चे अपने घर के नजदीक ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयार कर सकें। इससे बच्चों को शहर में जाने की जरूरत नही है और बच्चों का समय तथा पैसे दोनो की बचत होती है। उपमुख्यमंत्री चौटाला ने कहा कि सरकार व्यवस्था को सुधारने का काम कर रही है। सरकार ने भावान्तर भरपाई योजना और फसल बीमा योजना से किसानों को जोखिम मुक्त किया है।

आज किसान के खेत से उसकी फसल खरीदी जा रही है, जबकि पहले किसान को कई दिनों तक मंडियों में फसल बेचने के लिए अपने ट्रैक्टर में ही सोना पड़ता था। आज किसानों को फसल का पूरा भाव मिल रहा है और फसलों के दाम 48 घंटे के अंदर किसानों के खाते में भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेतों में बारिश से जलभराव की समस्या के निदान के लिए सरकार ने विशेष योजना तैयार कर कार्य किया है।

# 'प्रदेश के 9 शहरों में चलाई जाएगी इलेक्ट्रिक बसें'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के परिवहन एवं उच्चतर शिक्षा मंत्री मूल चंद शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत प्रदेश के 9 शहरों में की जा रही है। पहले चरण में पानीपत और यमुनानगर नगर निगम में यह बसें चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गत दिवस पानीपत के बस अड्डे से इसकी शुरूआत की है। इस बस सिटी सर्विस के लिए सरकार द्वारा जेबीएम कंपनी के साथ 12 साल का समझौता हुआ है। इस समझौते में सरकार 12 साल में 2450 करोड़ रुपये खर्च करेंगी। बस के सभी खर्चे कम्पनी द्वारा किए जाएंगे, परंतु परिचालक हरियाणा रोडवेज का होगा। मूल चंद शर्मा ने आज जगाधरी बस अड्डे से इलेक्ट्रिक बस सेवा की शुरूआत बस के गेट पर फीता काट कर की। उन्होंने स्वयं बस सुविधा की जांच के लिए बस में अधिकारियों व अन्य अतिथियों के साथ सफर किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा रोडवेज देश का ऐसा पहला राज्य है जहां पर इलेक्ट्रिक सिटी बस सेवा उपलब्ध करवाई जा रही है। नागरिकों की सुविधा के लिए इस बस में किराया भी सामान्य होगा। प्रदेश में 375 इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जा चुकी हैं जोकि प्रदूषण रहित हैं। यमुनानगर में 50 इलेक्ट्रिक बस भेजी जाएंगी। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में हरियाणा रोडवेज का यात्रियों के प्रति विश्वास बड़ा है। प्रदेश में करीब 4150 बसों का बेड़ा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की कमी को पूरा करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा रोडवेज में 3500 ड्राइवर व कंडक्टरों की भर्ती और इसके अतिरिक्त 1500 भर्ती एचकेआरएन के तहत की गई।

**सुविधा**

**8 पहले चरण में खरीदी 375 बसें, जून तक चलाई जाएंगी अन्य 7 शहरों में इलेक्ट्रिक बस**

# 'छोटे किसानों हेतु सहकारी फार्मिंग को दें बढ़ावा'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि अधिकारी छोटे किसानों के लिए सहकारी फार्मिंग को बढावा देने पर कार्य करें ताकि उन्हें प्रोत्साहन दिया जा सके। इसके अलावा साझा डेयरी के मॉडल को भी जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाए। सहकारिता मंत्री आज सहकारी, हैफेड, पैक्स, डेयरी विकास के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. वी राजा शेखर वुंडरू, एमडी सहकारी प्रसंघ, संजय जून, एमडी हैफेड जे गणेशन, आरसीएस राजेश जोगपाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी फार्मिंग से छोटे किसान



मिलकर खेती करेंगे तो उनकी लागत कम आएगी और उन्हें ज्यादा लाभ मिलेगा। इसके अलावा सहकारी प्रसंघ की आय बढ़ाने और युवाओं को स्वरोजगार की ओर प्रेरित करने के लिए जल्द राज्य की हर हाउसिंग सोसायटी में वीटा बूथ अलॉट किए जाएगें। यह कार्य आरडब्लूए के सहयोग से पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 जिलों में साझा डेयरी के लिए स्थलों का चयन किया जा चुका है। इनके लिए 240 से 280 पशुओं के लिए मॉडल तैयार किए गए है और इन्हें जल्द ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 776 पैक्स के लिए बाईलॉज तैयार कर दिये गये है। इसके अलावा हिसार में सीएम पैक्स पोर्टल के लिए भी रजिस्टर्ड किया जा चुका है। इसके अलावा पंचकूला, चरखी दादरी व नूंह में भण्डारण केन्द्र बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है ताकि उचित दर पर भण्डारण की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य में 592 किसान समृद्धि केंद्र शुरू किए जा चुके हैं शेष बनाने की प्रक्रिया जारी है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि सहकारी क्षेत्रों के लिए 6 लाख मिट्रिक टन क्षमता के गोदाम तैयार किए जा रहे है। इन पर 275 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा 19 गोदाम एआईएम की सहायता से तैयार किए जा रहे है। इसके अलावा 7.6 करोड़ रुपए की लागत से रादौर में हल्दी प्लांट लगाया गया है।

# हरियाणा में गठित की गई अप्रवासी भारतीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़/अंकुश जैन**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अप्रवासी भारतीयों विशेषकर हरियाणा मूल के एनआरआई के समक्ष आ रही कठिनाइयों व शिकायतों का समाधान एक ही छत्त के नीचे उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में अप्रवासी भारतीय शिकायत निवारण प्रकोष्ठ सृजित किया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा इस आशय का परिपत्र जारी किया गया है। हाल ही में गांधीनगर में आयोजित 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के दौरान जापान, अमेरिका व अफ्रीकन देशों की 10 से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के साथ वन-टू- वन बैठक की थी और हरियाणा में निवेश करने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। निवेशकों ने हरियाणा सरकार की उद्योग एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति के बारे जानकारी ली थी और नीति के तहत हरियाणा में वर्तमान में स्थापित अपनी इकाइयों के विस्तार व नए स्थानों पर निवेश करने की इच्छा जाहिर की थी। इस दौरान विदेशी निवेशकों और एनआरआई ने मुख्यमंत्री के समक्ष कठिनाइयों व शिकायतों का समाधान त्वरित रूप से प्रदान करने के लिए सरकार की ओर से सहयोग का निवेदन किया था।

# 2023-24 में हरियाणा में गन्ने की पिराई 416 लाख क्विंटल होने का है अनुमान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सहकारी चीनी मिलों में गन्ने की पिराई क्षमता और चीनी की रिकवरी बढ़ाई जाए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को कहा कि गोदामों में रखी चीनी में नमी न आए, इसका ध्यान रखा जाए। प्रदेश में पिराई सीजन 2023-2024 के लिए गन्ने की पिराई का अनुमानित लक्ष्य 416 लाख क्विंटल रखा गया है। मंत्री डा. बनवारी लाल आज यहां गन्ने की पिराई सीजन 2023-2024 के लिए सहकारी चीनी मिलों की कार्य दक्षता पर बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सहकारिता मंत्री को अवगत कराया गया कि 23 जनवरी 2024 तक चीनी मिलों में 167.43 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई हो चुकी है, तथा 14.78 लाख क्विंटल चीनी का उत्पादन हो चुका है। चीनी की रिकवरी 9.37 प्रतिशत रही है, जबकि गत वर्ष चीनी की रिकवरी 9.12 रही थी। चीनी मिलों की क्षमता का 86.71 प्रतिशत का उपयोग किया गया है। इसी प्रकार जींद सहकारिता मील में चीनी की रिकवरी 9.94, शहाबाद की 9.85 और सोनीपत की 9.76 प्रतिशत रही है। मंत्री ने कहा कि जिन चीनी मिलों की जैसे रोहतक, कैथल और पानीपत की चीनी रिकवरी कम रही है। इनकी रिकवरी बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाए। इस बात की भी जानकारी दी गई कि हैफेड शुगर मिल फफड़ाना, असंध में चीनी रिकवरी 8.73 प्रतिशत दर्ज की गई। निजी शुगर मिलों में सरस्वती शुगर मिल यमुनानगर, पिकाडली, भादसो, नारायणगढ़ शुगर मिलों में रिकवरी क्रमशः 9.37 प्रतिशत, 9.55 प्रतिशत तथा 10.43 प्रतिशत रही। इस बात की भी जानकारी दी गई कि सहकारिता शुगर मिल जींद में प्रतिदिन पिराई क्षमता 1750 टन, शाहबाद में 5000, सोनीपत की 2200, करनाल की 3500, पलवल की 1900, गोहाना व महज 2500-2500, पानीपत की 5000, कैथल की 2500 तथा की रोहतक की 3500 टन है। बैठक में सहकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. वी राजा शेखर वुंडरू, हरियाणा शुगरफैड के प्रबंध निदेशक संजय जून सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

**शुगरफैड ने 167.56 लाख क्विंटल गन्ने की 646.46 करोड़ रुपये से की खरीद:** बैठक में जानकारी दी गई कि शुगर फैड ने अपने संसाधनों से किसानों को 444.94 करोड़ रुपये की अदायगी की गई।

# 'डिफेंस कालोनी अम्बाला विधानसभा में ढेरों विकास कार्य करवाएं'

## डिफेंस कालोनी बंध रोड का निर्माण कार्य अम्बाला छावनी में ऐसा पहला कार्य जो सेना और राज्य सरकार मिलकर कर रही है : गृह मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में डिफेंस कॉलोनी कच्चे बंध रोड को पक्का करने का यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सेना और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। अम्बाला छावनी एक खूबसूरत शहर है, हमें मिलकर ही काम करने चाहिए क्योंकि यहां हम मिलकर बसे हुए हैं और मिलकर काम करने से शहर का और विकास होता हैं। विज अंबाला छावनी में सवा करोड़ रुपए की लागत से डिफेंस कॉलोनी कच्चे बध रोड को पक्का करने के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित अपार जनसमूह



को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, डिफेंस कालोनी गुड सिटिजन वेलफेयर सोसायटी और कैंटोनमेंट बोर्ड अधिकारियों ने मुख्यअतिथि गृह मंत्री अनिल विज व स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर रणजीत सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर उनका अभिन्नदन किया।

**डिफेंस कालोनी अम्बाला छावनी विधानसभा में ढेरों विकास कार्य करवाए :** गृह मंत्री विज ने कहा कि पहले डिफेंस कालोनी क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में नहीं था, जैसे ही यह क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में आया तो उन्होंने यहां जो भी विकास कार्य उनके संज्ञान में लाए गए उन्हें करवाया। भविष्य में भी इस क्षेत्र के लोगों द्वारा जो भी कार्य बताए जाएंगे उन्हें पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कच्चे बंध रोड को पक्का करने के कार्य पर लगभग सवा करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी, जिसमें 50 लाख रुपए की राशि उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से तथा 75 लाख रूपए की राशि कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा खर्च की जाएगी। उन्होनें कहा कि इस बंध रोड के बनने से डिफेन्स कॉलोनी के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि रोड का निर्माण प्रारंभ होने से आज लोगों की यह पुरानी मांग भी पूरी हो गई हैं। इससे पहले, डिफेन्स कॉलोनी के साथ-साथ नजदीक लगते क्षेत्रों में उन्होंने विकास कार्यो को पूर्ण करवाया है। डिफेंस कॉलोनी में नालियां, गलियां, सड़कें, स्ट्रीट लाईटों के साथ-साथ अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं, सीवरेज का कार्य भी यहां पर करवाने का काम किया जा रहा हैं। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री विज ने कहा कि डिफेंस कालोनी ही नहीं, बीडी फ्लोर मील के पीछे जितने भी कॉलोनियां है जहां पर विकास कार्यों के दर्शन तक नहीं होते थे, वहां पर उन्होंने विकास कार्य करवाए। इसके साथ-साथ चन्द्रपुरी, सुन्दर नगर जोकि विकास कार्यो से अछुता था, वहां पर भी विकास कार्य करवाए।

# सांसद कार्तिकेय शर्मा ने डीसी के साथ विकास कार्यों पर की चर्चा

## 'सीएम भ्रष्टाचार को खत्म करने व कास्टिज्म से उपर उठकर जनहित के लिये कार्य कर रहे'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**राज्यसभा** सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल जीरो टोलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार को खत्म करने व कास्टिज्म से उपर उठकर जनहित के लिये कार्य कर रहे हैं। उसी तर्ज पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा करके विस्तार से समीक्षा करके जो भी कार्य अधूरे हैं, उन्हें पूरा करवाना है। बैठक के दौरान जिन कार्यों के तहत अनियमितता पाई गई, उन कार्यों को दुरूस्त करने बारे भी सम्बन्धित को निर्देश दिये गये हैं। राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा सोमवार को पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी



समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त डा0 शालीन, अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता व जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पिछली बैठक के दौरान एजेंडे के तहत जिन बिन्दूओं पर चर्चा करके उन्हें दुरूस्त करने बारे निर्देश दिये गये थे, उनकी उन्होंने विस्तार से समीक्षा करते हुए जानकारी हासिल की। आज की बैठक के दौरान एजेंडे में रखे तमाम बिंदुओं बारे विस्तार से चर्चा करते हुए सम्बन्धित को निर्देश भी दिये गये।

इसके साथ-साथ सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को स्वच्छ भारत मिशन के तहत जारी फंड के बारे सही जानकारी न होने के चलते उपायुक्त को इस विषय के तहत चार सदस्यीय कमेटी गठित करने के व सुलभ शौचालयों की स्थिति की सही जानकारी सम्बन्धित अधिकारी को न होने बारे भी इस मामले में अगली बैठक से पहले इन शौचालयों की सही जानकारी हासिल कर वैरीफिकेशन कर उसकी वास्तविक रिपोर्ट पेश करने बारे कहा।
सांसद कार्तिकेय शर्मा ने दीन दयाल अंत्योदय योजना (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) विषय पर समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को कहा कि महिलाओं द्वारा जो उत्पाद तैयार किये जाते हैं, उनका जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रचार-प्रसार करवाएं, स्टाल लगवाएं ताकि इन उत्पादों की ज्यादा से ज्यादा बिक्री हो सके। सम्बन्धित ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला में महिलाओं द्वारा फुलकारी, हाथ से सूत के पीड़े, खादी क्षेत्र व कंटीन क्रियान्वित की हुई है। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत भी समीक्षा की और जहां पर विकास कार्य शुरू नहीं हुए थे, या शुरू हो चुके हैं, उन कार्यों को तेजी से करने बारे निर्देश भी दिये। एकीकृत जल प्रबन्धन के तहत सम्बन्धित अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष 10 कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिसके लिये 34 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी और यह सभी कार्य 15 फरवरी तक पूरे हो जाएंगे।

# डी.ए.वी. स्कूल में 'सात दिवसीय एन.एस.एस कैंप का हुआ समापन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**देशबन्धु गुप्ता** राजकीय महाविद्यालय पानीपत के इतिहास विभाग में कार्यरत ग्रीनमैन असिस्टेंट प्रोफेसर दलजीत कुमार को पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार बेहतरीन कार्यो और नैनो-हर्बल गार्डन स्थापित करने तथा नैनो- हर्बल गार्डन की मुहीम को जनसाधारण तक पहुंचाने के लिए। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा राज्यस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में राज्यस्तरीय अवॉर्ड 2024 देकर सम्मानित किया जिससे महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। महाविद्यालय की प्रिंसिपल संजू अबरोल ने कहा कि प्रोफेसर दलजीत कुमार को पर्यावरण के क्षेत्र में महामहिम राजपाल बंडारू दत्तात्रेय के हाथों सम्मान मिलना महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है।
इससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्टॉफ को अच्छे से अच्छा



काम करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने महाविद्यालय में बिना महाविद्यालय का एक भी पैसा खर्च किए हर्बल बॉटनिकल गार्डन महाविद्यालय की सौभाग्य बढ़ाई है और इनकी पर्यावरण संरक्षण की मुहीम अन्य महाविद्यालयो,स्कूलों और गाँव-गाँव तक पहुंच रही है।इस दौरान महाविद्यालय स्टॉफ और विद्यार्थियों को लड्डू वितरित किए गए। प्रोफेसर दलजीत कुमार ने सैदव सहयोग व मार्गदर्शन के लिए प्रिंसिपल संजू अबरोल,समस्त स्टॉफ सदस्यों और इको क्लब के विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# फायरिंग: जल्द ही दोषियों को पकड़ा जाएगा: जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,**
गोहाना में मातूराम हलवाई की दुकान पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग की घटना बारे गृहमंत्री अनिल विज तथा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आश्वस्त किया है कि व्यापारियों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हमलावरों की पहचान हो चुकी है और जल्द ही दोषियों को पकड़ लिया जायेगा। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि गोहाना पहुंचकर घटना बारे पूरी डिटेल लेने के बाद उन्होंने गृहमंत्री तथा पुलिस महानिदेशक से फोन पर बातचीत की थी। राजीव जैन ने गृहमंत्री तथा पुलिस महानिदेशक को बताया कि इस तरह फिरौती मांगने की घटनाओं के चलते कई व्यापारी पहले ही गोहाना छोड़ चुके हैं और दिनदहाड़े इस तरह की घटना से पूरे शहर के व्यापारी दहशत में हैं इसलिए, जल्द से जल्द घटना में संलिप्त अपराधियों का पकड़ा जाना नितांत आवश्यक है।

राजीव जैन ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकारों में अपराधियों को राजनैतिक संरक्षण दिया जाता था परन्तु भाजपा सरकार में हर अपराध कि गुत्थी सुलझाकर अपराधियों को जेल में भेजने का काम किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी ने भी प्रदेश के बड़े-बड़े गैंगस्टरों के ठिकानों पर रेड कर उनकी सम्पति जब्त करके अपराधियों की कमर तोड़ने का काम किया है। राजीव जैन ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में व्यापारियों के साथ हुई इस तरह कि वारदात की सूचना मिलने पर वह स्वयं पीड़ितों से मिलने पंहुचे और मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और पुलिस के आला अधिकारीयों से संपर्क करके कड़ा एक्शन करवाने का काम किया है।

# विद्यालय के प्रांगण में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आर्य वरिष्ठ माध्यमि**क विद्यालय के प्रांगण में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को प्रधान नरेन्द्र मोदी द्वारा सातवां एपिसोड परीक्षा पे चर्चा विषय पर विचार व्यक्त किए गए। जिसका छात्रों को सीधा प्रसारण दिखाया गया । इसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने भाग लिया। प्राचार्य मनीष घनगस द्वारा अध्यक्षता की गई। यह अभियान बच्चों को परीक्षा के दौरान तनाव से बचाने और सकारात्मक मनोबल का संरक्षण करने में मदद करता है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी



ने विचार व्यक्त किए कि जीवन में दबाव तो बनता रहता है। ऐसे समय में छात्रों को पढाई के साथ साथ अच्छी नींद और संतुलित आहार तथा व्यायाम भी करते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि दबाव वह होता है जो हमने खुद ही तैयार किया है। इतने प्रश्न हल करना ही हैं हमें धीरे.धीरे आगे बढ़ना चाहिए जितना हमने आज किया अगले दिन उससे थोड़ा आगे बढ़कर करें पीएम ने कहा कि दूसरा दबाव माता.पिता उत्पन्न करते हैं यह क्यों नहीं किया वह क्यों नहीं किया क्यों सोते रहे जल्दी उठो पता नहीं एग्जाम है दोस्तों से तुलना करते हैं कुछ छात्रों व अभिभावकों ने छात्रों की आपसी प्रतिस्पर्धा के कारण से उत्पन्न होते तनाव पर प्रश्न पूछे इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यदि जीवन में प्रतिस्पर्धा न हो तो तो फिर जीवन बहुत ही प्रेरणा हीन और चेतनाहीन बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि कई छात्र परीक्षा के दिन किताब पढ़ना नहीं छोड़ते है प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्रों को परीक्षा केंद्र में सहज भाव से जाना चाहिए गहरी सांस लेकर प्रसन्न भाव से पूरा प्रश्न पत्र पढ़ लीजिए और इस दौरान अपनी गणना कर लेनी चाहिए कि पहले कौन से प्रश्न करने हैं ।
इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

# 17 से मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान नसीबपुर में आगामी 17 जनवरी से अचार पापड़, मसाला पाउडर मुरब्बे बनाना, ब्यूटी पार्लर, सिलाई, जूट बैग बनाना व आर्टिफिशियल ज्वेलरी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसमें कोई भी बेरोजगार महिला जिसकी आयु 18 से 45 साल के बीच है वह प्रशिक्षण प्राप्त कर सकती है। यह जानकारी देते हुए संस्थान की निदेशक श्वेता गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र की छायाप्रति एवं 4 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लेकर आएं।

# 'नशे के कारण प्रत्येक 4 सेकेंड में एक व्यक्ति की होती है मृत्यु'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ओ.पी. सिंह के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के आदेशानुसार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा प्रतिदिन नशे के विरुद्ध युवा पीढ़ी को जागरूक कर रहे हैं। वे आज अम्बाला जिले में पहुंचे हुए थे। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पसियाना में एक दिवसीय 71 वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।



जागरूकता कार्यक्रम में 177 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि नशा दो प्रकार का है। एक प्रतिबंधित और दूसरा अप्रतिबन्धित। दोनों प्रकार के ही नशे मनुष्य के लिए हानिकारक हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रति वर्ष भारत में 17 लाख लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। केवल धूम्रपान के कारण प्रत्येक 4 सेकंड में एक व्यक्ति की मृत्यु हो रही है। उन्होंने बताया कि नशे की रोकथाम के लिए हरियाणा सरकार द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। ब्यूरो द्वारा पिछले 11 माह में 3471 अभियोग अंकित किए गए हैं जिसमें 4670 अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजा गया है। नशे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के साथ साथ उनके सहयोगियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों के भीतर देश प्रेम की भावना को सृजित किया।

# क्रांतिकारी नाटक ने भावुक किया, गर्व से भर उठे दर्शक



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिंह )** छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व आम लोगों को हरियाणा के क्रांतिकारियों से रूबरू कराया गया। दरअसल, पाइट कॉलेज में हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के सौजन्य से सफीदों के रास कला मंच ने हरियाणा के क्रांतिकारी नाटक का मंचन किया। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में हरियाणा के क्रांतिकारियों के कुछ अनकहे किस्से नाटक के माध्यम से दर्शाए गए। गोपाल कृष्ण राव, उदमी राम, राजा नाहर सिंह, पंडित नेकीराम, राव तुला राम,फौजी मेहर सिंह, सबरुद्दीन और अन्य कई ऐसे क्रांतिकारियों ने किस तरह सन 1857 से 1947 तक भारत कों अंग्रेजों से आजाद करवाने में अपनी भूमिका निभाई। इस नाटक का लेखन पवन भारद्वाज और निर्देशन रवि मोहन ने किया। नाटक में सूत्रधार का किरदार विक्रम धारिया और रूबीया भारती ने निभाया। अन्य चरित्र रघुवंश, चेतन रेवाल, मेहुल, अनिल परिहार मोदी, तन्नू, हिमांशु, अनुराग ठाकुर, सोनिया, योगिता, वंशिता, अंकिता ने निभाए। इस नाटक में गुरप्रीत की कलम से निकले और कमल पेगा की मधुर आवाज में 8 गीतों को प्रस्तुत किया गया। संगीत संचालन शिवानी दुबे और प्रकाश व्यवस्था पवन भारद्वाज ने किया। पाइट के चेयरमैन एवं गोभक्त हरिओम तायल कहा कि स्कूलों में बच्चों को देश पर बलिदान होने वाले वीरों के बारे में बताया जाना चाहिए। अगर अपने बलिदानियों की कहानी पढ़ेंगे तो निश्चित ही देश की आजादी का महत्व समझ सकेंगे।

# असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

**सोनीपतः उपायुक्त** डॉ मनोज कुमार ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं।

# जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का वितरित किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आईबी स्नात**कोत्तर महाविद्यालय में अंग्रेजी विभाग के टैगोर समिति और एलूमनी संगठन द्वारा गौशाला समिति जी.टी रोड पानीपत में जरूरतमंद परिवारों के लिए भोजन, वस्त्र और अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया ।प्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने सराहना करते हुए कहा कि दान देने से संस्कारों में वृद्धि होती है। हमारे शास्त्रों के अनुसार भी दान का अपना एक महत्व होता है बच्चों में अच्छे संस्कार उत्पन्न होते हैं । विभागाध्यक्षा डॉ. नीलम ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में हमेशा आगे रहना चाहिए एवं इससे परोपकार की



भावना जागृत होती है ।जरूरतमंदों की सहायता करने से मन प्रसन्न रहता है ।इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग से डॉ. नीलम,डॉ. निधि मल्होत्रा, डॉ. स्वाती पुनिया , डॉ. नेहा पुनिया, डॉ. मधु शर्मा, डॉ. विनय वाधवा, प्रो. सोनल , प्रो. रेखा शर्मा , प्रो. प्रिया, प्रो. मंजली , प्रो. मंजू मलिक , प्रो. मंजू चंद, प्रो. मीना और टैगोर सोसाइटी और एलूमनी संगठन के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# स्वीटी रंगा घर-घर जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का कर रही हैं प्रचार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहाबाद के गांव सलपानी , अजराना खूर्द,धुराला , में जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार करते हुए। स्वीटी रंगा ने कहा की कांग्रेस पार्टी के लिए सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक कार्य करें और कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। स्वीटी रंगा ने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ रही है जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में है । मौजूदा सरकार से हर वर्ग दुखी है ,सभी मन बना चुके है कि देश और प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बने । इस अवसर पर साथ में सरदार गुरविंदर सिंह, सरदार स्वर्ण सिंह, गौरव कुमार बलबीर कुमार, जय करण, नरेश कुमार ,जय भगवान साथ रहे।

# गुर्जर समाज कर्मचारी कल्याण संघ की बैठक हुई

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** गुर्जर समाज कर्मचारी कल्याण संघ, हरियाणा ने अपना पहला अधिवेशन कुरुक्षेत्र मे एक निजी होटल में आयोजित किया। इस इस कार्यक्रम में हरियाणा के कोने-कोने से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत कर्मचारियों ने हिस्सा लिया अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के विकास और कर्मचारियों के कल्याण को बढ़ावा देना, शिक्षा और खेलों को समाज में बढ़ावा देते हुए शुरूआत से ही बच्चों को तैयार करना और मोटिवेशन देना आदि मुख्य उद्देश्य रहा। इस विषय पर सभी ने अपने-अपने विचार रखते हुए जल्द ही इस पर काम शुरू करने को कहा जिसकी शुरूआत



आज से कर दी गई है,गुर्जर समाज कर्मचारी कल्याण संघ के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिवेशन के माध्यम से कर्मचारी साथियों में समाज के लिए सहयोग और समर्पण की भावना तथा समाज के विकास की भावना जागृत हुई है,जल्द ही पूरे हरियाणा की कार्यकारिणी गठित कर काम शुरू कर दिया जाएगा, जिसके लिए सहयोग और धन की कोई कमी नहीं रहेगी। साथियों ने विश्वास दिलाया इस कार्यक्रम को लेकर सभी में खुशी की लहर नजर आई।

# दो दिवसीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**रिफाइनरी** एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा अपने रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का श्री एम एल डहरिया, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख जोकि इस बड़े आयोजन के मुख्य अतिथि भी हैं की गरिमायी उपस्थिति में , रविवार को सीआईएसएफ कॉम्प्लेक्स के खेल के मैदान में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस अवसर पर रिफाइनरी के सभी अधिकारी , कमांडेंट सीआईएसएफ, , कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधि तथा आसपास के गांवों के सरपंच एवं गणमान्य लोग, स्कूलों के प्रिंसिपल, शिक्षक, पीटीआई व खिलाड़ियों के परिजन



भी विशेष रूप से उपस्थित थे।
ग्रामीण खेल-कूद के इस आयोजन में जिला पानीपत एवं करनाल के लगभग 35 गांवों के गवर्नमेंट स्कूलों के अलग-अलग आयुवर्ग के 1200 से अधिक खिलाड़ियों(लड़के एवं लड़कियां) ने बड़े रोमांचक एवं चुनौतीपूर्ण खेल का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताएं पूरे सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई और सभी दर्शकों, गणमान्य लोगों एवं प्रबुद्धजनों ने भाव विभोर होकर रिफाइनरी प्रबंधनवर्ग की भूरि-भूरि सराहना की। प्रतियोगिता के कुछ परिणाम इस प्रकार हैं जैसे अंडर 19 आयुवर्ग में कबड्डी (लड़कों) में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल (जीएसएसएस), मतलौडा विजेता तथा जीएसएसएस, कवि उप-विजेता, खो-खो (लड़कियों) में जीएसएसएस, भंडारी विजेता तथा जीएसएसएस, कवि उप-विजेता, और वॉलीबॉल (लड़कियों) में, जीएसएसएस, गगसीना, विजेता तथा जीएसएसएस, आसन-कलां, उप-विजेता रहे। इसके अलावा बाकी सभी खेलों के परिणाम घोषित किये गये और पुरस्कार वितरित किये गये। अपने संबोधन में श्री डहरिया ने पीआरपीसी द्वारा आयोजित इस ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के सफल एवं शानदार आयोजन हेतु मदद करने के लिए विशेषकर पानीपत जिला शिक्षा अधिकारी श्री कुलदीप दहिया जी को उनके मार्गदर्शन के लिए, आसपास के गांवों के सरपंचों, गणमान्य लोगों, शिक्षकगणों को उनके निष्ठावान सहयोग के लिए, व खिलाड़ियों को अनुशासन और खेल-भावना के साथ खेलने के लिए दिल से प्रशंसा करते हुए अपना विशेष आभार प्रकट किया। खिलाड़ियो को अपने संदेश में उन्होंने कहा कि जो इस प्रतियोगिता में अधिक सफल नहीं हो पाए या किसी कारणवश भाग नहीं ले पाए, वह सभी अपनी पसंद के खेल अवश्य खेलते रहें व कड़ी मेहनत करते रहें क्योंकि हार जीत तो खेलों का एक हिस्सा भर है।

## न्यूज फ्लैश

### झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों को पढ़ाया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सामाजिक संस्था रॉबिन** हुड आर्मी की ओर से चलाए जा रहे अपने अभियान के तहत साप्ताहिक अकादमी ड्राइव और फूड ड्राइव आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने सबसे पहले सेक्टर 32 के उधम सिंह चौक की झुग्गी झोपड़ी के 40 बच्चों को अकादमी में पढ़ाया और उन्हें विभिन्न विषयों पर जागरूक किया।

संस्था के शहरी प्रतिनिधि राज यादव ने बताया कि उनकी टीम की ओर से यह गतिविधि हर सप्ताह की जाती है और साधनहीन बच्चों को शिक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास करती है। रॉबिन हुड आर्मी के सदस्यों की इस सामाजिक पहल का समर्थन करते हुए गुडरिच फूडटेक कंपनी ने 100 लोगों के खाने के लिए सहयोग किया, जिससे टीम ने कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में मरीजों और उनके करीबियों में तथा महावीर दल मंदिर के पास जरूरतमंद लोगों में वितरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य गौरी, नंदिनी, श्रेया, शाइनी, हर्ष, हर्षित एवं राज उपस्थित थे। राज यादव ने बताया कि रॉबिन हुड आर्मी किसी भी प्रकार का चंदा या आर्थिक दान स्वीकार नहीं करती। उन्होंने शहर के लोगों, होटल और रेस्टोरेंट मालिकों से निवेदन करते हुए कहा की शादी समारोह, किसी भी प्रकार के कार्यक्रम में जो अतिरिक्त भोजन बच जाता है, कृपया उसको फेंके नहीं सिर्फ हमारी टीम को (9149218875) कॉल करें। उनकी टीम खुद आकर आपके स्थान से खाना एकत्र करके जरूरतमंद लोगों में बांटेगी।

### बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हरियाणा के रोहतक शहर में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की

**रोहतक।** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हरयाणा के रोहतक शहर में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन की घोषणा की है. इस रणनीतिक विस्तार का उद्देश्य है भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में बीमा की उपलब्धता को बढ़ाना और भारत के नागरिकों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करना.

भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही जोखिम और अनिश्चितताएं भी बढ़ रही हैं. अपनी विशेषज्ञता के साथ, बजाज आलियांज का उद्देश्य है रोहतक की जनता को अपने नए उत्पाद और समाधान प्रदान करना. कंपनी ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी आधारित सेवाएं प्रदान करेगी. नए ऑफिस के उद्घाटन पर अपनी बात कहते हुए, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस में, नेशनल हेड- जियो, श्री अमितेश आनंद ने कहा, "आज की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में, अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने में बीमा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. इसके महत्व और लाभों की पूरी जानकारी न होने के कारण देश में बहुत कम लोग बीमा का लाभ उठा पाते हैं. देश के प्रत्येक नागरिक को संपूर्ण बीमा समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित, हम भारत के विभिन्न क्षेत्रों में बीमा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयास कर रहे हैं. टियर 2 और टियर 3 क्षेत्रों में खोले गए ऑफिसों के माध्यम से हमारे नेटवर्क का विस्तार हमें बीमा के प्रति जागरूकता और पहुंच के बीच के अंतर को खत्म करने के एक कदम करीब लाएगा, जिससे बीमा सेवाओं का लाभ उठाना सुलभ हो जाएगा. रोहतक में अपने नए ऑफिस के उद्घाटन के साथ, हमारा उद्देश्य आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को अपने बीमा उत्पाद और संबंधित समाधान व सेवाएं प्रदान करना है, ताकि उनकी सभी बीमा आवश्यकताएं पूरी हो सकें।

# गली-मोहल्लों में आतंक मचाने वाले बंदरों से मिलेगी मुक्तिः अभिषेक मीणा



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। गली-मोहल्लों** में आतंक मचाकर नागरिकों को परेशान करने वाले बंदरों को पकड? का अभियान शुरू हो गया है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि बंदरो को पकड? के लिए एक निजी फर्म को काम सौंपा गया है और पिछले दो-तीन दिनों से अभियान को शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान में अब तक बंदर पकड? वाली टीम द्वारा शहर के प्रेम नगर, राम नगर व एफ.सी.आई. गोदाम इत्यादि क्षेत्र से करीब 35 बंदरों को पकड़ा जा चुका है। सभी बंदरों का पशु चिकित्सालय से मेडिकल जांच उपरांत इन्हें टीम की निगरानी में कलेसर के जंगलों में छोड? के लिए टीम रवाना हो चुकी है। निगमायुक्त ने बताया कि अभियान शहर के तमाम बंदर पकड़े जाने तक जारी रहेगा। जहां बंदर ज्यादा है, वहां के नागरिक निगम कार्यालय में इतला कर सकते हैं, ताकि वहां पिंजरा लगाया जा सके। नागरिक, नगर निगम के टोल फ्री नम्बर 1800 180 2700 पर भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जब भी अभियान खत्म होगा, शहर के लोगों को आतंक मचाने वाले बंदरो से छुटकारा मिलेगा और वह भय रहित अपने घरों में रह सकेंगे तथा अपनी छतों पर घूमने के साथ-साथ सामान इत्यादि भी रख सकेंगे। बता दें कि अभियान से पहले नागरिक बंदरो से काफी परेशान थे, कुछ बच्चों व नागरिकों को बंदरों द्वारा काटे जाने की घटनाएं भी सामने आई थी। जींद की टीम बंदर पकडने का कर रही काम- उन्होंने बताया कि हरियाणा के जींद से बंदर पकडने. वाले एक्सपर्ट की टीम इस काम को कर रही है। करीब 5-6 व्यक्ति दो से तीन पिंजरों के साथ इस काम में लगे हुए हैं। बंदरों को पकडने के बाद उनकी मेडिकल जांच करवाकर उन्हें कलेसर के जंगलो में प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जाएगा। निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम समय-समय पर बंदरों को पकड़ने का काम करता रहा है।

इस प्रक्रिया में हालांकि सभी बंदर एक बार पकड़ में नहीं आते, क्योंकि यह प्राकृतिक रूप से चुस्त-चालाक जानवर है। लेकिन जैसे ही नागरिकों की शिकायतें बंदरो को लेकर आती हैं, तदानुसार इनको पकडने का अभियान चलाया जाता है। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि बंदरो से परेशान होने की जरूरत नहीं है, इन्हें पकडने का अभियान अब शुरू हो चुका है।

## गन पॉइंट पर छात्रा से 10 हजार नकदी और मोबाइल की लूट

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। करनाल के** नेशनल हाईवे पर गन पॉइंट पर छात्रा से लूट का मामला सामने आया है। छात्रा ने प्राइवेट वोल्वो बस ड्राइवर पर भी बस स्टैंड से 100 मीटर दूर उतारने का आरोप लगाया है। छात्रा का आरोप है कि एक बदमाश ने उसके सिर पर पिस्तौल तानकर उससे एप्पल मोबाइल, कैश सहित अन्य सामान छीन लिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 13 निवासी छात्रा भूमिका ने बताया कि वह लुधियाना के कॉलेज में पढ़ रही है। रविवार देर शाम करीब साढ़े 6 बजे लुधियाना से करनाल के लिए एक प्राइवेट वोल्वो बस में चली थी। देर रात करीब साढ़े 10 बजे बस ड्राइवर ने उसे सेक्टर 6-7 बस स्टैंड पर उतारने की बजाय 200 मीटर दूर कर्णेश्वर महादेव मंदिर के सामने उतार दिया।

इस दौरान जब वह बस से उतरी तो वहां से कुछ दूरी पर ही एक बदमाश खड़ा था, जिसने अपना मुंह भी ढक रखा था। जब वह आरोपी से पास से गुजरने लगी तो उसने पीछे से पिस्तौल निकालकर उसके माथे पर लगा दी और बोला तेरे पास जो भी है, जल्दी निकाल। इसके बाद डर के मारे उसने मोबाइल, पर्स सहित सारा सामान आरोपी को दे दिया। इसके बाद आरोपी ने कहा कि अगर ये बात उसने किसी को बताई तो वह उसे जान से मार देगा। इसके बाद धक्का देकर मौके से फरार हो गया। ज्यादा अंधेरा होने के कारण वह उसका पीछा नहीं कर पाई।

## पीएम श्री कुंजपुरा में हुआ मिशन बुनियाद जागरूकता कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पीएम श्री** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंजपुरा में मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूक कार्यक्रम में विभाग की ओर से प्रदीप कुमार विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने विस्तार से सभी विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के महत्व को समझाया। सुनीता कटारिया ने मिशन बुनियाद और सुपर 100 के लिए सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधाओं को विस्तार से समझाया कि कैसे विद्यार्थी अपने सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मिशन बुनियाद और सुपर 100 कार्यक्रम ग्रामीण अंचल में छिपी प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने का काम कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थी इसमें रजिस्ट्रेशन करवाएं। प्राचार्य सत्यवीर सिंह ने कहा कि मिशन बुनियाद हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत 9वीं और दसवीं के चयनित विद्यार्थियों को आईआईटी, एनआईटी, एनडीए, नीट आदि कॉम्पिटेटिव एगजाम के लिए तैयार किया जाता है।

## कर्नल सत्यकाम को विशिष्ट सेवा पदक मिलने की घोषणा

**हिसारः वीरता, पराक्रम** व अदम्य साहस के लिए हरियाणा के वीर सैनिकों के उदाहरण दिए जाते हैं। इसी कड़ी में हिसार निवासी कर्नल सत्यकाम डबास का नाम भी जुड़ गया है। असाधारण सैन्य सेवाओं के लिए कर्नल सत्यकाम डबास का चयन विशिष्ट सेवा पदक के लिए किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कर्नल सत्यकाम को विशिष्ट सेवा मेडल प्रदान करने की आधिकारिक मंजूरी दे दी है। अब हिसार के इस रणबांकुरे को भव्य समारोह में विशिष्ट सेवा मेडल से नवाजा जाएगा।

दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय में तैनात कर्नल सत्यकाम डबास विशिष्ट सेवा मेडल की सूचना को अपने परिजनों व मित्रों से साझा करने के लिए हिसार की बैंक कॉलोनी स्थित आवास पर आए हुए हैं।

## 'रक्तदान करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य'

### स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित रहा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** 166 बार रक्तदान और 80 बार प्लेटलेट्स दान कर चुके और राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा नागरिक अस्पताल के रक्त कोष में 485वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित रहा। शिविर में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी करनाल के सचिव कुलबीर मलिक मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हुए थे, जबकि समाजसेवी एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव दविन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में यह शिविर पूर्ण हुआ। पुलिस निरीक्षक रमेश मराठा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नागरिक अस्पताल के क्षेत्रीय रक्त कोष संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा की अध्यक्षता में रक्तदान हुआ।

शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा एवं अन्य अतिथियों ने मुख्य अतिथि कुलबीर सिंह मलिक को स्मृति चिन्ह भेंट कर स.मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक सरल और स्वास्थ्यवर्धक प्रक्रिया है। यह शिविर उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया है।

हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश और समाज कल्याण के कार्य करने चाहिएं। कुलबीर सिंह मलिक ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान से बढकर कोई अन्य पुण्य का कार्य नहीं है।

शिविर की अध्यक्षता कर रहे दविन्द्र सचदेवा ने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती।

## बैंककर्मी की हत्या मामले में तीसरा और मुख्य आरोपी गिरफ्तार

### तीसरे और मुख्य आरोपी बलराज पुत्र ओमप्रकाश वासी पांडू पिंडारा जिला जींद को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। थाना** असंध की टीम ने बीते दिनों जलमाना के खेत में बैंककर्मी की तेजधार हथियार से हत्या करने के मामले में तीसरे और मुख्य आरोपी बलराज पुत्र ओमप्रकाश वासी पांडू पिंडारा जिला जींद को कस्बा असंध से गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी बलराज ने हत्या का कारण अशोक बिंदल का उसकी पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग बताया है। मामले में पहले ही बिट्टू पुत्र कृष्ण वासी पिंडारा और विनोद उर्फ मनोज पुत्र सूबे सिंह वासी मतलौडा थाना बरवाला, हिसार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजा जा चुका है, आरोपी बलराज ने बिट्टू और विनोद के साथ मिलकर योजना बनाकर हत्या को अंजाम दिया था।

इस संबंध में 22 दिसंबर को महावीर वासी असंध ने शिकायत दी थी कि उसके भाई अशोक बिंदल जो कि पंजाब नेशनल बैंक कर्मचारी है, की लाश जलमाना के खेत में पाई गई है। अशोक के 21 दिसंबर को घर न आने पर उसकी पत्नी ने शिकायतकर्ता को बताया था कि अशोक अभी तक घर नहीं आया है। जब सारी रात ढूंढते हुए अगले दिन सुबह पता चला कि जलमाना के खेत में तेजधार हथियार से एक युवक की हत्या की गई है और लाश खेत में पड़ी है, जिसके पास एक मोटरसाइकिल नंबर एचआर40जी-7926 मिली है, जो कि अशोक बिंदल की है।

**सफलता**

**8 प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी बलराज ने हत्या का कारण अशोक बिंदल का उसकी पत्नी के साथ प्रेम प्रसंग बताया है**

शिकायतकर्ता को अशोक की हत्या के पीछे बलराज वासी पांडू पिंडारा, जींद का हाथ लगा। शिकायतकर्ता महावीर की शिकायत पर नामजद आरोपी बलराज के खिलाफ अशोक की हत्या करने के जुर्म में थाना असंध में आईपीसी की धारा 302, 201 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में थाना असंध की टीम ने कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी बलराज को गिरफ्तार किया है। आरोपी बलराज का न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल किया गया है।

## सैकड़ों लोगों ने रैली निकालकर अशोक मंगालीवाला की विचारधारा का किया समर्थन

**हिसारः वरिष्ठ नेता** व जनसेवक अशोक मंगालीवाला को समर्थन देते हुए सैकड़ों लोगों ने मोटरसाइकिल व कार से रैली निकालकर उनकी विचारधारा का समर्थन किया। बरवाला के पास स्थित खरड़ अलीपुर में सैकड़ों युवाओं ने फूल मालाएं व पगड़ी पहनाकर मंगालीवाला का भव्य अभिनंदन किया। खरड़ अलीपुर में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान उत्साहित समर्थकों ने विशाल माला पहनाकर और हमारा नेता अशोक मंगालीवाला जैसा हो के नारे लगाकर अभिभूत कर दिया।

खरड़ अलीपुर के मुख्य चौक पंचायत भवन में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान सरपंच डॉ. सुभाष, बॉबी बंसल, प्रधान रामफल सहरावत, मंजीत सहरावत, बलवान जांगड़ा, सवेर बूरा, राजा नंबरदार, साधुराम मलिक, बारूराम, जयबीर सहरावत, नरेंद्र भानखोड़, गुलशन व सतीश सैनी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग व ग्रामीण मौजूद रहे। ठंड व कोहरे के बावजूद सैकड़ों की संख्या में पहुंचे समर्थकों का आभार व्यक्त हुए अशोक मंगालीवाला ने कहा कि यह आप सभी का स्नेह है जिसके कारण लगातार सामाजिक कार्य संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि हमारे गांवों के युवा पढ़े-लिखे व योग्य होने के बावजूद बेरोजगार हैं। इसी भांति कड़ी मेहनत करने के बावजूद किसान भाइयों को पर्याप्त आय नहीं हो पाती है और माताएं-बहनें चूल्हे-चौके तक ही सीमित होकर रह गई हैं। मंगालीवाला ने कहा कि युवाओं, किसानों व महिलाओं को समर्थ व समृद्ध बनाने के लिए उनके पास पुख्ता योजनाएं हैं। बहुत सी योजनाओं व सेवा कार्यों पर आधारित प्रकल्पों पर अब भी काम चल रहा है।

## हमले में घायल हुए भाजपा नेता के घर पहुंचे सीएम



**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/राजकुमार प्रिंस। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल बीती देर शाम करनाल प्रवास के दौरान हमले में घायल हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक सुखीजा से मिलने उनके घर पहुंचे। उन्होंने सुखीजा का हालचाल जाना और एसपी शशांक कुमार सावन से पूरे मामले की जानकारी ली और पूछा- क्या घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी कैमरा था? एसपी ने सीएम को अपडेट देते हुए बताया कि जहां पर हमला हुआ, वहां पर कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था। लेकिन अशोक सुखीजा ने एफआइआर में 6 हमलावरों के नाम लिखवाए थे, जिसमें से दो को कोर्ट में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दो अन्य आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले में गंभीरता से जांच जारी है। सीएम मनोहर लाल ने अशोक सुखीजा से पूछा-क्या युवकों का झगड़ा आपस में था? इस पर सुखीजा ने पूरे मामले से उनको अवगत करवाया। सुखीजा ने बताया कि मेरे पास 26 जनवरी देर शाम को सेक्टर 14 में कृष्णा मंदिर के पंडित जी का कॉल आया था कि दूसरे पंडित का बेटा उसके साथ मारपीट कर रहा है। मैने वहां पहुंचने से पहले ही सेक्टर-13 पुलिस चौकी में कॉल कर दिया था। जब मैं मंदिर के बाहर पहुंचा तो वहां पर 8-10 लडके डंडे व बिंडों के साथ खड़े थे।

## संत दुर्बल नाथ की प्रतिमा का अनावरण खटीक समाज का सम्मान



**टीम एक्शन इंडिया/करनाला/राजकुमार प्रिंस। संत दुर्बल** नाथ सभा समस्त खटीक समाज ने संत दुर्बल नाथ चौक में संत दुर्बल नाथ की प्रतिमा का अनावरण करने पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट करते हुए उनका धन्यवाद किया।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं खटीक समाज के कोषाध्यक्ष डा. अमित कुमार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खटीक समाज को जो यह सौगात दी है, उसके लिए हम मुख्यमंत्री मनोहर लाल का दिल की गहराइयों से धन्यवाद करते हैं। इसके लिए खटीक समाज हमेशा उनका आभारी रहेगा। संत दुर्बल नाथ की प्रतिमा का अनावरण करना वास्तव में सम्मान की बात है, जो उनके द्वारा छोड़ी गई विरासत के लिए एक श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में सभी को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं और प्रदेश सरकार ने सभी समाजों व सभी धर्मों के संत महापुरुषों को सम्मान देने के लिए संत महापुरुष विचार सम्मान व प्रचार-प्रसार योजना शुरू की है। इसके माध्यम से ही प्रदेश सरकार सभी संत महापुरुषों की जयंतियां प्रदेश स्तर पर मना रही है, जो कि एक सराहनीय कार्य है।

इस मौके पर खटीक समाज के कोषाध्यक्ष एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ट के सह संयोजक डॉ.अमित और डॉ.सुमित धारीवाल, प्रधान विजय तंसर, सचिव श्रीपाल, संजय तंवर, राकेश पवार, राजपाल जाक, मुकेश छलेरिया और संजय तंसर उपस्थित रहे।

## पड़ोसी ने ऑटो में लगाई आग, 7 हजार की नकदी व दस्तावेज हुए राख

### आरोपियों को रोकने का भी प्रयास किया गयाए,लेकिन बात नहीं बनी और ऑटो जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि ऑटो में रखी सीएनजी किट में ब्लास्ट नहीं हुआ



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। हनुमान** कॉलोनी में कपड़े सुखाने को लेकर पड़ोसियों में हुई कहासुनी के चलते एक पड़ोसी ने दूसरे के ऑटो को आग के हवाले कर दिया। आरोपियों को रोकने का भी प्रयास किया गयाए,लेकिन बात नहीं बनी और ऑटो जलकर राख हो गया। गनीमत रही कि ऑटो में रखी सीएनजी किट में ब्लास्ट नहीं हुआ, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। परिवार ने समय रहते आग पर काबू पा लिया और मामले की शिकायत पुलिस को की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हनुमान कॉलोनी निवासी कपिल ऑटो चलाकर अपने परिवार का पेट पालता है। वह अपना ऑटो रात को अपने पड़ोसी के घर के पास खड़ा करता था। उनका अपने पड़ोसी के साथ 20 साल से प्यार है, लेकिन छोटी सी बात पर रिश्ते बिगड़ गए। कपिल ने बताया कि उसकी मां ममतेश ने उसकी जैकेट धोकर पड़ोसियों के घर पर सुखाई थी। शाम को वह जैकेट उताकर घर पर आ गई थी। बाद में उसका पड़ोसी व पड़ोसन आए और इस बात को लेकर कहासुनी कर दी। पड़ोसी ने मुझे मेरा ऑटो भी उसकी दीवार से हटाने के लिए कहा तो मैंने अपना ऑटो वहां से हटाकर अपनी गली में खड़ा कर लिया। लेकिन रात को ही पड़ोसी ड्रिंक करके आया और उसने उसके ऑटो पर तेल छिडककर आग लगा दी। उसने किसी तरह से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। कपिल ने बताया कि ऑटो में ही सात हजार की नकदी रखी हुई थी और ऑटो के कागजात भी थे, जो जल गए हैं।

**विवाद**

**8 भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि उसका बेटा कपिल ऑटो चलाता है और यही हमारी आजीविका का साधन था**

कपिल की मां ममतेश ने बताया कि पड़ोसी के साथ उनकी कहासुनी हो गई थी। वह उनकी तार से अपने कपड़े उतारकर लाई थी। इसी बात को लेकर पड़ोसी ने जान से मारने तक की धमकी दे दी और शाम को ही पड़ोसी शराब के नशे में आया और उसने बाहर खड़े ऑटो को आग के हवाले कर दिया। ऑटो पूरी तरह से जल गया है।

उसने बताया कि उन्हें भारी नुकसान हुआ है, क्योंकि उसका बेटा कपिल ऑटो चलाता है और यही हमारी आजीविका का साधन था। हमने आरोपी को भी रोकने का प्रयास किया था। कपिल संबंधित थाने में पहुंचा और आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नाबालिग भांजी पर मामी का जुल्म

### गला दबाकर हत्या का प्रयास, मौसी ने बुलाई पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** में नाबालिग भांजी को उसकी मामी ने बड़ी ही क्रूरता से पीटा। आरोप है कि लडकी को गला दबा कर मारने का प्रयास किया गया। उसको कई बार दीवार में भी मारा। घटना के वक्त नाबालिग घर में अकेली थी। भांजी को धमकी तक दे डाली कि वह ऐसा काम करवा देगी कि तू किसी को मुंह दिखाने लायक नहीं रहेगी। लडकी किसी तरह से मामी से चंगुल छूटकर गांव के बस अड्डे पर पहुंची और वारदात की जानकारी अपनी मौसी को दी। वारदात की सूचना मिलने पर पुलिस लडकी को घर लेकर पहुंची। आरोप है कि यहां उसकी मामी ने पुलिस कर्मियों को भी गालियां दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**जांच जारी**

**8 महिला ने बताया कि वह 12 जनवरी को अपनी बहन से मिलने के लिए सोनीपत के गांव राजलूगढ़ी गई थी**

नाबालिग लडकी की मां निवासी बीजना गांव ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। वह अपने मायके में ही रह रही है। यहां पर उसने अपने पैसों से मकान बनाया हुआ है। उसकी भाभी मकान के निचले हिस्से में अकेली रहती है। आरोप है कि उसकी भाभी झगड़ालू किस्म की औरत है और उसने उसके भाई और मां को भी घर से बाहर निकाला हुआ है।

महिला ने बताया कि वह 12 जनवरी को अपनी बहन से मिलने के लिए सोनीपत के गांव राजलूगढ़ी गई थी। 13 जनवरी की शाम करीब 7 बजे उसकी भाभी जबरन उसके मकान में घुस गई। वहां पर उसकी बेटी अकेली थी। उसके साथ उसने मारपीट की और उसका सिर कई बार दीवार में भी मारा।

## संपादकीय

# कई पश्चिमी देशों ने यूएन राहत, कार्य एजेंसी की फंडिंग बंद की

वैश्विक स्तर पर आदि अनादि काल से देखा गया है कि जब भी राजाओं महाराजाओं किन्हीं दो देशों राज्यों में दाल की विरोध या, युद्ध होता है तो इसका नतीजा किसी न किसी रूप में नागरिकों को ही भुगतना पड़ता है। चाहे वह जीव आत्मा जीवन उपयोगी वस्तुओं की कमी महंगाई या फिर अपने जान माल की हानि परंतु इससे उनका उभरने के लिए अनेक राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एजेंसियों और मंच ऑन को आगे जाकर उनकी मदद करना सेवा भारी कार्य हो जाता है परंतु उनमें भी कुछ किसी न किसी स्तर पर खेल हो जाता है तो उसका अंजाम भी आम नागरिकों को ही भुगतना पड़ता है जिसका ताजा उदाहरण हम अभी हमास इजरायल युद्ध में देखने को मिला है चार महीना से हम यह युद्ध के विकराल होते मंजर को देख रहे हैं जिसमें विस्थापितों की मदद करने संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी सेवा भाई कार्य कर रही है परंतु उसे पर भीइजरायल द्वारा हमास को सहायता करने व कुछ सदस्यों द्वारा हमास के समर्थ होने के इसराइल के आरोप के बाद अमेरिका सहित दो देशों ने उस यूएनआरडब्ल्यूए की फंडिंग बंद करने की घोषणा की और आज 18 दिन 28 जनवरी 2024 को शहर और देश ने फंडिंग देना बंद करने दिया है बता दें इस एजेंसी को भारत ने भी 2023 24 में 50 लाख डॉलर का चंदा दिया है।अब इन 9 पश्चिमी देशों द्वारा फंडिंग बंद करने से यूएनआरडब्ल्यूए पर समस्या बन आई हैमहज कुछ दिनों की सहायता की बाकी है, फिर पीड़ितों पर भुखमरी की नौबत आने की संभावना को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने अरब देशों से कहा है कि आप सभी हर दिन हर बॉन्ड ऑर्डर तेल सब्सिडी पर काम रहे हैं उसे राजस्व के एक छोटे से हिस्से से उन रवा की मदद करने से इसकी वित्तीय समस्या रातों-रात गायब हो जाएगी क्योंकि मिडल ईस्ट के कुछ संभवत हताश लोग अब भुखमरी का सामना कर रहे हैं जिसमें अब अब राज्यों को आगे आने की जरूरत है जो के मेरा मानना है की जायज भी है। चूंकि अनेक यूरोपीय देशों द्वारा यूएनआरडब्ल्यूए को फंडिंग बंद कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे संयुक्त राष्ट्र महासचिव की अरब दुनियां विशेषकर खाड़ी देशों से भुखमरी का सामना कर रहे युद्ध पीड़ितों की मदद के लिए आगे आने की अपील जायज है।

साथियों बात अगर हम सबसे पहले यूएनआरडब्ल्यूए को समझने की करें तो, यूएनआरडब्ल्यूए की स्थापना 1948 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद विस्थापित फिलिस्तीनियों को मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने की थी। यह संगठन फिलिस्तीनी शरणार्थियों को ऐसे व्यक्ति के रूप में चित्रित करता है,जिनका सामान्य निवास स्थान 1जून 1946 से 15 मई 1948 की अवधि के दौरान फिलिस्तीन था, और जिन्होंने 1948 के युद्ध के परिणामस्वरूप घर और आजीविका के साधन खो दिए थे। जो लोग उस परिभाषा में फिट बैठते हैं उनकी संख्या अब 5.9 मिलियन है, जो बड़े पैमाने पर मूल शरणार्थियों के वंशज हैं। यूएनआरडब्ल्यूए को गाजा में लगभग 20 लाख लोगों के लिए जीवन रेखा माना जाता है। इसकी स्थापना 1949 में उन हजारों फि लिस्तीनियों की सेवा के लिए की गई थी, जिन्हें यहूदी लड़ाकों ने उन क्षेत्रों से जातीय रूप से उनके घरों से निकाल दिया था, जो वर्तमान में इजराइल का हिस्सा हैं।संयुक्त राष्ट्र एजेंसीउन आरडब्ल्यूए ऊनआरडब्ल्यूए इजराइली कब्जे वाले वेस्ट बैंक, पूर्वी येरुशलम और गाजा के साथ-साथ जॉर्डन, लेबनान और सीरिया में भी काम करती है। ऐसे में ये संस्थान लगभग 60 लाख लोगों से प्रत्यक्ष जुड़ी हुई है।

# क्या विदेश में सपने देखने का पासपोर्ट नए क्षितिज खोज पायेगा?

**प्रियंका सौरभ**

> "उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इजराइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनएसडीसी वेबसाइट इसे "विदेश में सपने देखने का पासपोर्ट" और "इजरायल में नए क्षितिज खोजने" का मौका बताती है। प्लास्टरिंग श्रमिकों के लिए 2,000 रिक्तियां, सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए 2,000, और लौह झुकने और फ्रेम श्रमिकों के लिए 3,000 रिक्तियां हैं, जिनका मासिक वेतन लगभग 1.37 लाख (6,100 इजराइली शेकेल) है। ऐसे में बहुत से सवाल जवाब ढूंढ़ रहें है जैसे- क्या भारत सरकार इजरायल के श्रम मानकों से संतुष्ट है। क्या इजरायल में श्रम कानून बहुत सख्त और मजबूत हैं। क्या यह देश आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का सदस्य देश है"

**उत्तर प्रदेश** और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इजराइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया आज जरुरी चर्चा का विषय है। भारतीय मजदूरों की सुरक्षा और सुरक्षा को लेकर चिंताएं होती हैं जब एक बड़ी श्रम शक्ति को ऐसे क्षेत्र में भेजा जाता है जहां हिंसा अभी भी भड़क रही है। इजराइल और फि लिस्तीन अपनी अस्थिर राजनीतिक स्थितियों के कारण संभावित हिंसा और अशांति के प्रति संवेदनशील हैं। कमजोर श्रमिक, विशेष रूप से अपर्याप्त भाषा कौशल और इजराइली श्रम नियमों के बारे में जागरूकता वाले, बेईमान बिचौलियों या नियोक्ताओं द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। निम्न जीवन स्थितियों, वेतन विवादों और भेदभाव की संभावना को संभालना आवश्यक है। उत्प्रवास जांच आवश्यक योजना के तहत जारी किए गए पासपोर्ट अफगानिस्तान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मलेशिया, ओमान, कतर, दक्षिण सूडान सहित 18 देशों की यात्रा करने वाले श्रमिकों को कवर करते हैं। इजरायल इस सूची में नहीं है। गाजा पर इजरायल के हमले के कारण इजरायल जाने वालों के लिए 'ई-माइग्रेट' प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इजराइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया आज जरुरी चर्चा का विषय है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की मदद से मुख्य रूप से निर्माण गतिविधियों के लिए इजराइल जाने के लिए लगभग 10,000 श्रमिकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनएसडीसी वेबसाइट इसे "विदेश में सपने देखने का पासपोर्ट" और "इजरायल में नए क्षितिज खोजने" का मौका बताती है। प्लास्टरिंग श्रमिकों के लिए 2,000 रिक्तियां, सिरेमिक टाइल श्रमिकों के लिए 2,000, और लौह झुकने और फ्रेम श्रमिकों के लिए 3,000 रिक्तियां हैं, जिनका मासिक वेतन लगभग 1.37 लाख (6,100 इजराइली शेकेल)



है। ऐसे में बहुत से सवाल जवाब ढूंढ़ रहें है जैसे- क्या भारत सरकार इजरायल के श्रम मानकों से संतुष्ट है। क्या इजरायल में श्रम कानून बहुत सख्त और मजबूत हैं। क्या यह देश आर्थिक सहयोग और विकास संगठन का सदस्य देश है। क्या यहाँ श्रम कानून ऐसे हैं जो प्रवासी अधिकारों, श्रम अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करते हैं। क्या भारत सरकार भी विदेश में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा के सचेत है। घरेलू दरों की तुलना में काफी अधिक दावा की गई कमाई के साथ, यह प्रयास यूपी और हरियाणा के कुशल और अर्ध-कुशल लोगों को रोजगार की आकर्षक संभावनाएं प्रदान कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप अधिक धन प्रेषण हो सकता है, गरीबी में कमी आ सकती है और घर वापस आने वाले परिवारों के लिए बेहतर रहने की स्थिति हो सकती है। भर्ती प्रक्रिया में कौशल मूल्यांकन और निर्देश की आवश्यकता हो सकती है, जो आवेदकों को कौशल प्रदान कर सकता है और भारत और इजराइल में उनकी रोजगार क्षमता में सुधार कर सकता है। यह समझौता इजराइल और भारत के बीच राजनयिक और वाणिज्यिक सहयोग के लिए भविष्य के अवसरों को सुविधाजनक बना सकता है। भारतीय मजदूरों की सुरक्षा और सुरक्षा को लेकर चिंताएं होती हैं जब एक बड़ी श्रम शक्ति को ऐसे क्षेत्र में भेजा जाता है जहां हिंसा अभी भी भड़क रही है। इजराइल और फि लिस्तीन अपनी अस्थिर राजनीतिक स्थितियों के कारण संभावित हिंसा और अशांति के प्रति संवेदनशील हैं। कमजोर श्रमिक, विशेष रूप से अपर्याप्त भाषा कौशल और इजराइली श्रम नियमों के बारे में जागरूकता वाले, बेईमान बिचौलियों या नियोक्ताओं द्वारा फायदा उठाया जा सकता है। निम्न जीवन स्थितियों, वेतन विवादों और भेदभाव की संभावना को संभालना आवश्यक है। कुछ लोगों का तर्क है कि किसी संघर्ष में उलझे देश में प्रवासन में सहायता करते समय नैतिक मुद्दे भी होते हैं। ऐसे काम करने के लिए लोगों को काम पर रखने की नैतिकता को लेकर विवाद है जो संघर्ष के क्षेत्रों में परिचालन को अप्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषित कर सकता है। ट्रेड यूनियनों ने उत्प्रवास अधिनियम के तहत उत्प्रवास नियमों का हवाला देते हुए इस कदम का विरोध किया है। वे इस रोजगार अभियान को कानूनी रूप से चुनौती देने की योजना बना रहे हैं। केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने मीडिया को बताया कि ऐसा कदम संघर्ष क्षेत्रों से नागरिकों को वापस लाने के भारतीय लोकाचार के खिलाफ है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार इजराइल को खुश करने के लिए अपनी "नफरत की राजनीति" को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं और श्रमिकों के बीच बेरोजगारी का इस्तेमाल कर रही है। विदेश जाने वाले श्रमिकों के लिए भारत में बने नियम कहते है कि संघर्ष क्षेत्रों या अपर्याप्त श्रम सुरक्षा वाले स्थानों पर जाने वाले श्रमिकों को विदेश मंत्रालय के 'ई-माइग्रेट' पोर्टल पर पंजीकरण कराना आवश्यक है। उत्प्रवास जांच आवश्यक योजना के तहत जारी किए गए पासपोर्ट अफगानिस्तान, बहरीन, इंडोनेशिया, इराक, जॉर्डन, सऊदी अरब, कुवैत, लेबनान, लीबिया, मलेशिया, ओमान, कतर, दक्षिण सूडान सहित 18 देशों की यात्रा करने वाले श्रमिकों को कवर करते हैं। इजरायल इस सूची में नहीं है। गाजा पर इजरायल के हमले के कारण इजरायल जाने वालों के लिए 'ई-माइग्रेट' प्रणाली का उपयोग नहीं किया जाएगा। नियमों के अनुसार, कोई भी भर्ती एजेंट श्रमिकों से ?30,000 से अधिक सेवा शुल्क नहीं लेगा। वर्ष, 2019 में विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की एक रिपोर्ट में केंद्र से एक प्रवासन नीति का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया था। दोनों सरकारों को संभावित प्रवासियों के साथ खुला और ईमानदार संचार प्रदान करना चाहिए, इजराइल में काम करने के फायदे और नुकसान को स्पष्ट करना चाहिए और प्रस्थान-पूर्व पर्याप्त प्रशिक्षण और सहायता प्रदान करनी चाहिए। प्रवासी श्रमिकों को शोषण और दुर्व्यवहार से बचाने के लिए, कामकाजी परिस्थितियों की निगरानी करने, श्रम कानूनों को लागू करने और शिकायतों को तुरंत संभालने के लिए कुशल प्रणाली का होना आवश्यक है। यह पहल सुरक्षित और नैतिक श्रम प्रवासन के लिए एक रूपरेखा स्थापित करने के लिए मजबूत सरकार और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता को रेखांकित करती है। इसमें प्रवासी श्रमिकों के लिए काम करने की स्थिति, वेतन, विवाद समाधान तंत्र और सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों पर स्पष्ट समझौते शामिल होंगे। सुरक्षित और नैतिक श्रम प्रवास सुनिश्चित करने और प्रवासी श्रमिकों और उनके गृह देशों दोनों के लिए सकारात्मक परिणामों को अधिकतम करने के लिए सावधानीपूर्वक योजना, मजबूत सुरक्षा उपाय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक हैं।

गंतव्य देशों में व्यवसायों और क्षेत्रों द्वारा श्रम की मांग के अधिक सटीक पूर्वानुमान और अतिरिक्त श्रम संसाधनों वाले देशों में एक मजबूत शिक्षा और प्रशिक्षण प्रणाली की आवश्यकता है। सरकार को ऐसी नीतियों के निर्माण में हितधारकों को सक्रिय रूप से शामिल करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि श्रमिकों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा की जा सके।

## कविता

जिंदगी जब बुलंदी से फिसल
जाती है

जिंदगी जब बुलंदी से फिसल जाती है,
जिंदगी मौत के सांचे में ढल जाती है`

चाहता हूँ सब को दुआएं दूँ लेकिन,
कभी दिल से आह निकल जाती है

अपनी माँ लगनें लगीं सबकी माँ मुझको,
दोस्ती बढ़ के रिश्तों में बदल जाती है`

प्यार फूलों से मिजाजन बहुत लेकिन,
तबियत कभी काँटों से बहल जाती है

छोड़ नहीं सकता उम्मीदें जीवन मे,
जिंदगी लड़खड़ाती फिर सम्हल जाती है

संजीव ठाकुर

# पल्टूराम फिर मार गए पल्टी

**प्रभुनाथ शुक्ल**

**जीवन** एक कला है और राजनीति एक बाजीगरी।अगर आपके पास कलाबाजी, जादूगारी, झूठगिरी, बेशर्मी, मक्कारी, धोखेबाजी, पल्टीबाजी का गुण नहीं है तो आप सफल राजनीतिज्ञ नहीं हैं। सच मानिए, सियासत में आप जीतनी बार धोखा देंगे उतने बड़े आप सच्चे पलटी मार कह लाएंगे। जितनी बार आप थूक कर चाटेंगे उतने महान और शीर्ष नेता होंगे। जितना झूठ बोलेंगे उतना आप सच के करीब माने जाएंगे। अगर चुनाव का मौसम करीब हैं और उस समय आप पलटी मारते हैं तो आप गंगोत्री स्नान से निकले चमत्कारी देव माने जाएंगे। आपके सारे गिले- शिकवे भुला दिए जाएंगे। आप दूध के धुले होंगे। आप जैसा राजनेता त्रिलोक में खोजने से भी नहीं मिलेगा। राजनीति में वैसे भी पल्टूराम नामक जीव सबसे पवित्र और पूज्यनीय माना जाता है। पल्टी मारना उसका धर्म -कर्म है। पल्टी मारना उनका जन्मसिद्ध अधिकार है। राजनीति में पल्टी मारने की कला को वह अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष से जोड़ते हैं। सत्ता हो या विपक्ष पल्टूराम को सभी गले लगाना चाहते हैं। उसकी बेशर्मी, पलटीमारी और बार-बार थूक कर चाटने की प्रवृत्ति को लोग सियासत की अद्भुत, अतुलनीय प्रकृति और विशेषण समझते हैं। राजनीति सबसे चोखा धंधा है। यहाँ कभी मंदी का दौर नहीं होता है। बस अपने फायदे के लिए कायदे बिगाडिए और तलवे चाटिए। यहाँ कोई दुसाध नहीं होता। क्योंकि सियासत की पवित्र गंगोत्री में जो एक बार डुबकी लगा लेता है वह इस कलयुग में देवतुल्य हो जाता है। वैसे भी आजकल देवता से अधिक राजनेता पूजे जाते हैं। राजनीति में सौ-सौ चूहे निगलने वाले लोगों को सत्ता इनाम में मिलती है। लोकतंत्र में अब ऐसे लोग ही सबसे पावरफुल माने जाते हैं। अगर वे किसी विशेष जाति का नेतृत्व करते हैं जिससे सत्ता आसानी से हासिल होती है फिर तो आपका जलवा है। पल्टूराम का इतिहास रहा है वे नीतियों और सिद्धांतों के लिए कभी नहीं पल्टे। सियासत में उन्होंने आया राम और गया राम की भूमिका सिर्फ अपने स्वार्थ के लिए निभाई। राजनीति में उनका ऐसा कोई सगा नहीं होगा जिसको उन्होंने कभी ठगा न हो। इसलिए सत्ता और विपक्ष दोनों के लिए पल्टूराम पूज्यनीय हैं। वर्तमान राजनीति में पल्टूराम ने इतिहास रचा है। उनके जैसा राजनेता राजनीति में भूतो न भविष्यति होगा। हमेशा से उनका धर्म सिर्फ कुर्सी रहीं है। वह कुर्सी के लिए जीते और मरते आए हैं। आने वाला वक्त पल्टूराम का है। राजनीति में पल्टीमार का विशेष गुण ईजाद करने वाले पल्टूराम पर शीघ्र ही एक पल्टू पुराण की रचना की जाएगी। राजनीति में आने वालों के लिए उस पुराण का अध्ययन अनिवार्य बनाया जाएगा। अगर इसी तरह उपकार करते रहे तो आनेवाले दिनों में उनके कार्य को देखते हुए उन्हें पल्टू रत्न से भी सम्मानित किया जाएगा।

पल्टूराम ने इस बार मुख्यमंत्री की शपथ कुछ इस तरह लिया है।

## विचार

# बापू सेंट स्टीफंस कॉलेज से दलित बच्चों के साथ

**आर.के. सिन्हा**

**महात्मा गांधी** हमारे स्वाधीनता आंदोलन के सिर्फ नायक या समाज सुधारक मात्र ही नहीं थे। वे नौजवानों और विद्यार्थियों से मिलना-जुलना भी बेहद पसंद करते थे। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों में लगातार जाया करते थे। वे पहली बार राजधानी दिल्ली 12 मार्च 1915 को आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। वे वहां पर सेंट स्टीफंस कॉलेज और हिन्दू कॉलेज के छात्रों और फेक्ल्टी से भी मिले। उनके तमाम सवालों के उत्तर दिए। उनसे दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद से जुड़े बहुत सारे सवाल पूछे गए थे। उसके बाद वे 1918 में फिर दिल्ली आए तो पुनः सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही ठहरे। उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत से हो गए। जब गांधी जी की 30 जनवरी, 1948 को हत्या हुई तो ब्रज कृष्ण चांदीवाला बिड़ला हाउस में ही थे।31 जनवरी,1948 को गांधी जी की अत्येष्टि होनी थी। गांधी जी को अंतिम बार स्नान उनके परम शिष्य ब्रज कृष्ण चांदीवाला ने रात को दो बजे करवाया था। हालांकि तब बापू के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी भी वहां ही थे। सेंट स्टीफंस कॉलेज में गांधी जी के नाम से एक अध्ययन केन्द्र भी चलता है। देश का यह शिखर कॉलेज गांधी जी और उनके सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज से प्रेरणा पाता है। दीनबंध एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। अब गांधी जी के सत्य और अहिंसा के विचारों को मानने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) सेंट स्टीफंस कैम्बिज स्कूल स्थापित करने जा रही है। यह स्कूल दिल्ली से सटे हरियाणा के राई क्षेत्र में खुल रहा है। इस स्कूल को खोलने के पीछे मकसद यही है ताकि देश के गांवों और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों को श्रेष्ठ शिक्षा मिल सके। संयोग से सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल वहां खुल रहा जिसे किसानों के रहनुमा और स्वाधीनता सेनानी चौधरी छोटूराम का गढ़ माना जाता है। चौधरी छोटूराम किसानों के मसीहा कहे जाते थे और उनकी शिक्षा दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज में ही हुई थी। वे आजादी से पहले पंजाब सूबे की कैबिनेट के सदस्य थे। उनका जन्म मौजूदा रोहतक जिले में 1881 में हुआ था। तब रोहतक पंजाब का ही हिस्सा था। दिल्ली, पश्चिम उत्तर प्रदेश और हरियाणा का जाट समाज चौधरी छोटू राम को लेकर बहुत आदर का भाव रखता है। इस बीच, गांधी जी दिल्ली में दलित बच्चों को भी पढ़ाते रहे थे । यह तथ्य कम ही लोग जानते हैं। यहां उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे मंदिर मार्ग के वाल्मिकि मंदिर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून 1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। बापू अपने उन विद्यार्थियों को जरूरत के मुताबिक फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे हो कर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की थी। कहना न होगा कि स्वच्छ भारत अभियान से देश में साफ-सफाई के लिए एक तरह की अद्भुत जागरूकता पैदा हुई। वह मंजर यकीनन यादगार था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं झाड़ू लेकर दिल्ली की सड़कों पर सफाई करने उतरे थे। उनके पीछे- पीछे उनके मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों से लेकर सरकारी बाबुओं तक का हुजूम भी सड़कों पर उतर आया था। 2014 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के दिन ही प्रधानमंत्री ने स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था। महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें इससे बेहतर श्रद्धांजलि शायद दी भी नहीं जा सकती थी। अब स्वच्छता अभियान के असर देश के गांवों में भी दिखाई देने लगा हैं। गांधी जी कहते थे कि भारत की आत्मा गांवों में ही बसती है। खैर,गांधी जी वाल्मिकी मंदिर के जिस कमरे में पढ़ाते थे, वह अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बीत गए दशक फिर भी विसंगतियों की ठसक

**हम लोग** सामाजिक प्राणी हैं। आज अभिमानपूर्ण हाव-भाव रखना सभ्यता-संस्कृति है। गवीर्ली नखरा बड़ी ठसक से बिकती है। मानव दर्प आज सर्प-सा जहर उगलता और समाज में फूफकारता है। दहेज प्रथा कल भी था आज भी विद्यमान है। यह बुराई जोर-शोर से चलन में है। मैं देखता हूँ कि अपने देश के सामाजिक गली-कूचों की बदरंग दीवारें हो चली हैं।विसंगतियों की परछाइयाँ अमानवीय दुर्गंध में लिपटी सड़ती है और हम सभ्य कहलाते हैं।

ऑफिस में दिन के अँधेरे में फाइलों को भ्रष्टाचार का दीमक चट कर रहा है। चूहों की लेंडियाँ फाइलों की शोभा हैं। जेब से हरियाली दिखाते ही फाइलों की शोभायात्रा निकलती है। जिम्मेदार अफसर के टेबल से होते हुए गंतव्य तक पहुँचती है। मवाद की तरह हर टेबल पर आम आदमी की जेब निचोड़ी जाती है। नेता, मंत्री और संतरी की ईमानदारी स्याह भभके में डूब जाती है। मनुष्य देह थी,आत्मा नहीं थी। साथ नहीं मानवीय प्रेम था। यह देखकर उदास मानवता का चेहरा है। कल हिटलर की नाजी यातना-शिविरों पर चिंता थी।पर आज आतंकी शिविरों के कारण चिता जल रही थी। इतिहास में टंकित यातनाओं का दौर कहाँ बीता है? मुर्दा हो चुका सिस्टम है। बदबूदार कंबल में लिपटा समाज बीमार है। भाईचारे का कसैला स्वाद है। अब विसंगतियां नंगी हैं। फिर भी चंगी हैं। सच बेचारा भंगी है। धर्मात्मा की खाल ओढ़ी जा सकती, पर आत्मा नहीं घुसाई जा सकती। मासूमियत की देह पर जहाँ नजरें हैं गिद्धों की। उसकी चीख के बाद समाज की अँधेरी चुप्पी। मासूम के छटपटाते दो पैर और अट्टहास करती दानवता।फिर भी स्त्री को ही निर्दोष होने का साक्ष्य देना पड़ता है।कानून की देवी की आँखों पर पट्टी बंधी है। वहसियाना क्रूरता का दौर है। वहसी मजहबी लिबास में है। इसलिए वह पाक साफ है। अपराधमुक्त समाज कहाँ है? समाज में ही अपराध है। अब तो घर में ही अपराध है। अब डाकू एक नंबर गा रहे हैं। किस बात की अकड़ है? समाज में पकड़ है। ठसक और हनक में कुछ फर्क है। किसी असहाय को छेड़ने या तंग करने के लिए दानवी व्यवहार करना उद्दंडता है।

शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण के लिए आवश्यक है।परन्तु सत्य इसके विपरीत ही है।

# हे राम!

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**पीके फिल्म का** एक दृश्य है। अभिनेता आमिर खान गाजर खरीदने के लिए दुकानदार को गांधी जी के चित्र वाली कई तरह की सामग्री देता है। उस पर दुकानदार कहता है, ह्लई कबाड़ हमरी दुकान पर काठे लारे हो?ह्व इस पर अभिनेता गांधी जी की छवि वाला पचास रुपये का नोट देता है। बदले में दुकानदार गाजर देता है। तब अभिनेता कहता है- ह्लई फोटु का वैल्यु सिरफ एक तरह का कागज पर है। बाकी सब कागज पर ई फोटु का वैल्यु जीरो बटा लूल है।ह्व पीके फिल्म का यह दृश्य हमारे आज के समाज पर एक जोरदार तमाचा है। अब सवाल यह उठता है कि क्या वास्तव में गांधी जी की वैल्यु करेंसी तक ही सीमित है या फिर उससे बढ़कर भी है? महात्मा गांधी करिश्माई फकीर बाबा थे। उन्होंने शोषितों, पीडितों, गरीबों, पथभ्रष्टों के दुखों को अपना दुख माना। दूसरों को सीख देने से पहले स्वयं को भाईचारे, धार्मिक सद्भावना, अहिंसा के अनुयायी के रूप में स्थापित किया। कुछ कर गुजरने के लिए बाहुबल या जनबल की नहीं बल्कि दृढ़ संकल्प की आवश्यकता पड़ती है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने महात्मा गाँधी के बारे में कहा था कि आने वाली पीढ़ियों को यकीन ही नहीं होगा कि हाड़-माँस का ये व्यक्ति कभी पृथ्वी पर चला भी होगा। यही कारण है कि महात्मा गांधी को जिसने चाहा, जैसे चाहा, अपने हिसाब अपने किताब से उनका भरपूर उपयोग किया। महात्मा गांधी ने जीकर जितना नहीं कमाया उतना तो उनके मरने के बाद मुन्नाभाई एमबीबीएस तो कभी लगे रहो मुन्नाभाई बनकर गांधीगिरी के नाम पर कमा गए। यह गांधीगिरी पुस्तकों तक ही सीमित रह गयी है। कार्यालयों में उनके फोटो के पीछे या तो छिपकलियाँ और आगे अधिकारी बड़े धड़ल्ले से घूस लेते नजर आते हैं। 30 जनवरी को महात्मा गांधी केवल एक बार मरे थे। अब भी देश में कई नाथूराम गोड़से हैं जो हर दिन हर पल उन्हें मारने से नहीं चूकते। आजकल देश का जो हाल हो रहा है उसे देख कर नहीं लगता कि कभी इस देश में गांधी जी जैसे महापुरुष भी हुए होंगे जिन्होंने देश में राम-राज का सपना देखा था। गांधी जी देश के राष्ट्र पिता माने जाते हैं लेकिन यह सच है कि जिस गांधी जी को नोट पर बने हुए हम देखते हैं और जिसे हम अपने घर की दीवारों पर टांगते या लटकाते हैं दोनों के मतलब अलग-अलग है।

## न्यूज फ्लैश

### समाज को एकजुट होकर युवाओं को आगे लाना चाहिए : मोहन सिंह भाटिया



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** **भाटिया सेवा** मंच ट्रस्ट करनाल द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह के साथ रंगारंग कार्यक्रम इंद्रधनुष एक स्वर्णिम यात्रा कार्यक्रम का आयोजन डा. मंगल सैन आडीटोरियम में किया गया। इस अवसर पर कक्षा दसवीं तथा बारहवीं में टापर बच्चों को पांच और दस हजार के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले युवाओं और उन दिवंगत समाजसेवियों, शिक्षाविद तथा व्यापारियों को उनके असाधारण कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार वनीत भाटिया तथा राजेश भाटिया रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि भाटिया मित्र मंडल के चैयरमैन नितिसेन भाटिया और घनश्याम भाटिया रहे। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि भाटिया सेवक समाज फरीदाबाद के प्रधान मोहन सिंह भाटिया, सैंट्रल भाटिया सभा दिल्ली के चेयरमैन रवि भाटिया, सुधीर भाटिया, ओमप्रकाश भाटिया और विकास भाटिया मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर मेयर रेनू बाला गुप्ता एवं मुख्यमंत्री के प्रतिनिध संजय बठला मौजूद रहे। अपने संबोधन में भाटिया सेवक समाज फरीदाबाद के प्रधान मोहन सिंह भाटिया ने कहा कि हमें समूह में रहना चाहिए। भाटिया बिरादरी को शिक्षा, प्रशासनिक सेवाओं के साथ राजनीति के क्षेत्र में युवाओं को आगे लाने के लिए प्रशिक्षण संस्थान खोलने चाहिएं। आज भाटिया समाज की प्रशासनिक और राजनीतिक क्षेत्रों में कम भागीदारी है।

### दिशा परमार और राहुल वैद्य ने अपने बच्चे के लिए भारत के सबसे मुलायम डायपर पैम्पर्स प्रीमियम केयर का इस्तेमाल किया

**नई दिल्ली: भारत का सबसे ज्यादा बिकने वाला डायपर ब्रांड, का पैम्पर्स, जो रोजाना लाखों शिशु**ओं द्वारा पहने जाते हैं, भारत भर में हैप्पी बॉटम्स, खुश शिशुओं, और खुश माता-पिता सुनिश्चित करते हैं। आज, उन्होंने नए और बेहतर प्रीमियम केयर रेंज के डायपर पैंट्स का शुभारंभ किया, जिसे भारत भर में माताएँ द्वारा #1 सबसे सॉफ्ट और #1 ऑल-इन-वन डायपर के रूप में चुना गया है। सही डायपर चुनना एक नए माता-पिता के लिए सबसे महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है, क्योंकि शिशु अपने दिन का अधिकांश समय अपने माता-पिता की बाहों से भी अधिक, डायपर्स में बिताते हैं। माता-पिता हमेशा बच्चे की त्वचा और आराम को लेकर चिंतित रहते हैं। उन्हें एक ऐसा डायपर चाहिए जिसमें बच्चा पूरे दिन आराम से खेल सके, घूम सके और रात में शांति से सो सके। आखिरकार, उचित खेल और अच्छी नींद शिशु के विकास और प्रगति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। अपनी अनूठी 360-डिग्री कॉटनी सॉफ़्टनेस के साथ, नए और बेहतर पैम्पर्स प्रीमियम केयर डायपर इतना नरम है, कि यह बच्चों को ऐसा महसूस कराता है कि उन्होंने कुछ पहना ही नहीं है, जबकि उन्हें ऑल-इन-वन डायपर के सभी लाभ प्राप्त होते हैं। इसमें एक इनबिल्ट एंटी-रैश ब्लैंकेट और एलोवेरा के साथ लोशन है, जो बच्चे की नाजुक त्वचा को रैशेज से बचाता है। हर डायपर में मौजूद 10 मिलियन माइक्रोपोर्स बच्चे की त्वचा को सांस लेने की अनुमति देते हैं; जाँघ क्षेत्र में कफ द्वारा और मैजिक जेल के माध्यम से दोहरी सुरक्षा, 100% तक लीकेज से रोकथाम प्रदान करता है, जो बच्चे को दिन भर और रात में सूखा रखता है। यह डायपर किसी साधारण डायपर की तुलना में 2 गुना तेजी से सोखता है। और जब बदलने का समय आता है, वेटनेस इंडिकेटर पीले से नीले में बदल जाता है!

### राजपुरा में पीएनजी गैस को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अभियान का शुभारंभ



**राजपुरा (पटियाला)** जसलीन कौर, एसडीएम, राजपुरा ने राजपुरा की विधायक नीना मित्तल की उपस्थिति में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और शहर में पाइप्ड पीएनजी गैस को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय अभियान भी शुरू किया। देश भर में घरेलू पाइप गैस कनेक्शन और इसके लाभों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड के सहयोग से टोरेंट गैस द्वारा अभियान शुरू किया गया था। इस अवसर पर जसलीन कौर ने कहा कि पीएनजी सुविधा अब राजपुरा के नागरिकों के लिए उपलब्ध है और 3500 से अधिक उपभोक्ता पहले से ही इसका उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने 'आगे बढ़ें, पीएनजी चुनें' के दर्शन पर जोर दिया और उन परिवारों को प्रेरित किया जिन्होंने अभी तक पीएनजी के लिए पंजीकरण नहीं कराया है। इस अवसर पर उपस्थित टोरेंट गैस के जीएम जिग्नेश अग्रवाल ने कहा कि पीएनजी आधुनिक घरों में निर्बाध रसोई गैस की आपूर्ति कर एक अनूठी सुविधा प्रदान करती है।

# स्वतंत्र समूह सेवा समिति ने मैस कर्मचारियों को किया सम्मानित

### स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**स्वतंत्र समूह** सेवा समिति ने विश्वविद्यालय शिक्षक संघ एवं कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के मैस कर्मचारियों को सम्मानित किया। स्वतंत्र समूह सेवा समिति के चेयरमैन प्रदीप मोर के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया। सेवा समिति के प्रधान कृष्ण श्योकन्द ने बताया कि यह विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार ऐसा प्रयास किया गया है कि विश्वविद्यालय के मैस कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय से बहुत सारे विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात देश और प्रदेश में उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके शिक्षण काल में छात्रावास में मैस कर्मचारियों के सराहनीय कार्य को देखते हुए सम्मानित का निश्चय किया गया। इसी उद्देश्य को विश्वविद्यालय के आर.के. सदन सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधान कृष्ण श्योकन्द ने बताया कि स्वतंत्रता समूह सेवा समिति पिछले दो वर्षों से समाज सेवा के कार्यों में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को जर्सी वितरण, गरीब परिवार की बेटी की शैक्षणिक गतिविधियों को देखते हुए सहायता करना, गरीब परिवार के बच्चों को खेलों में प्रोत्साहित करना, गरीब परिवार की बेटी की शादी में सहायता करना, रक्तदान शिविर आयोजित करना इत्यादि में सक्रिय है।श्योकन्द ने बताया कि मैस कर्मचारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर आध्यात्मिक गुरु राजेंद्र गिरी महाराज पहुंचे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर डा. सत्यदेव विश्वविद्यालय के पूर्व में चीफ वार्डन, रवि बतान भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष, अनिल वशिष्ठ डीन अकादमिक, कुसुम गर्ल्स हॉस्टल चीफ वार्डन, सभी हॉस्टलों के वार्डन, डा. जितेंद्र खटकड़ सचिव विश्वविद्यालय शिक्षक संघ, प्रताप सिंह बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य तथा बहुत बड़ी संख्या में पूर्व छात्र और मैस कर्मचारी मौजूद रहे। मैंस कर्मचारी यूनियन के प्रधान रजनीश ने स्वतंत्र समूह सेवा समिति एवं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का का आभार व्यक्त किया। स्वतंत्र समूह सेवा समिति द्वारा सभी मैस कर्मचारियों को कंबल वितरित किए गए और मैस कर्मचारियों के प्रधान रजनीश की बेटी के विवाह के लिए 11 हजार रुपए की कन्यादान राशि दी।

## बाबा सुशील नाथ ने 108 ठंडे पानी के मटकों की जलधारा के नीचे तपस्या पूरी की



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **गांव राजलू** गढ़ी में रेलवे स्टेशन के समीप बाबा प्रेमनाथ की समाधि स्थल में क्षेत्र की सुख शांति के लिए बाबा सुशीलनाथ की 41 दिन से ठंडे पानी की धारा में तपस्या पूरी हुई। बाबा ने तपस्या 108 ठंडे पानी के मटकों की जलघारा के नीचे तपस्या करके पूरी की। तपस्या पुरी होने पर समाधि स्थल परिसर में हवन यज्ञ किया गया। वहीं दिनभर भंडारे का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने आसपास से आए साधु संतों का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि बाबा सुशीलनाथ 40 दिन से प्रतिदिन सुबह मटकों में भरे गए ठंडे पानी की धारा लगाकर उसके नीचे तपस्या कर रहे हैं। इसके बाद प्रतिदिन दो मटक बढ़ते रहे। बाबा सुशीलनाथ की तपस्या के लिए सांय के समय साफ व नये मटकों में ठंडा पानी भरा जाता था। रात भर खुले आसमान के नीचे मटकों को रखा जाता है तथा सुबह मटके के नीचे से निकलने वाली पानी की धारा में बाबा सुशीलनाथ बैठ जाते थे। मटकों में भरे पानी की धारा जब तक चलती है तब तक बाबा नाथ उसके नीचे बैठकर ध्यान में रहते हैं। बाबा सुशीलनाथ ने जल तपस्या में सेवकों की सेवा को देख कहा कि गांव के लोगो की अपार श्रद्धा है।

### साइकिल चोर गिरफ्तार, 1450 रुपए बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस। जिला पुलिस** की बर्गलेरी स्टाफ की टीम द्वारा नेहरू पैलेस से शिकायतकर्ता सुनहरा वासी मदनपुर की साइकिल चोरी करने वाले आरोपी सुमित कुमार पुत्र नकली राम वासी जुंडला गेट करनाल को जुंडला गेट से गिरफ्तार किया गया। आरोपी से साइकिल को बेचकर मिली राशि से बकाया 1450 रुपए बरामद किए गए।
इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में साइकिल चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी सुमित ने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

## तीर्थ राणा के नेतृत्व में झांकी का ग्रामीणों ने किया स्वागत

### भाजपा नेता आजाद नेहरा ने लगाए जय श्रीराम के जय कारे, वातवरण भक्तिमय बना



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** **कुंडली** से गत 27 जनवरी को आयोजक तीर्थराणा के नेतृत्व में चली प्रभु श्रीराम मन्दिर की झांकी तीसरे दिन सोमवार को गन्नौर के आधा दर्जन गांवों से निकलते हुए गोहाना में प्रवेश किया। गांव बली कुतबपुर में भाजपा नेता आजाद नेहरा के साथ ग्रामीणों ने श्री राम मन्दिर की झांकी का भव्य स्वागत किया और झांकी में दीप प्रज्जवलित कर गांव की सुख शांति की कामना की। झांकी के आयोजक तीर्थ राणा व ग्रामीणों ने जय श्रीराम के नारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। तीर्थ राणा ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा को श्री राम मन्दिर की मूर्ति देकर सम्मान किया। नेहरा ने कहा कि राम नाम की महिमा कभी भी कम नहीं होगी बल्कि दिन-प्रतिदिन इसकी महिमा बढ़ते ही जाएगी। उन्होंने कहा कि राम की महिमा अपरंपार है। प्रभु श्रीराम स्वयं कह गए राम से बड़ा राम का नाम है। जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है। जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मंत्र है। संसार चल ही राम नाम से रहा है। तीर्थ राणा ने कहा कि सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम चलन रहता है। बच्चे के जन्म में श्री राम के नाम का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यों के अवसर पर श्री राम के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। राम सब में बड़े हैं। राम में शिव और शिव में राम विद्यमान हैं। श्री राम को शिव का महामंत्र माना गया है और राम सर्वमुक्त हैं। राम सबकी चेतना का सजीव नाम है।

### लाइव प्रसारण द्वारा विद्यार्थियो ने सीखा तनाव मुक्त रहना

**मार्गदर्शन**

8 परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने व परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें, बारे विस्तार से अवगत करवाया गया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी द्वारा आज देश के सभी विद्यार्थियों के साथ लाईव परीक्षा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर पार्षद मेघा भंडारी ने लाईव प्रसारण को वार्ड-आठ के क्षेत्र सैक्टर-6 स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय में स्कूली बच्चों के साथ सुना, जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा बच्चों को लाईव सेमिनार के माध्यम से परीक्षा के दौरान तनाव मुक्त रहने व परीक्षा में अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें, बारे विस्तार से अवगत करवाया गया। पार्षद मेघा भंडारी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने जब से देश एवं प्रदेश की बागडोर संभाली है, तब से शिक्षा प्रणाली पूरी तरह से बदल चुकी है। आज गली के हर बच्चे को पढने का अवसर प्राप्त हो रहा है। पहले ये सुख-सुविधाएं नहीं थी, आज यह सभी सुविधाएं उपलब्ध है। इस कार्यक्रम में मुख्य रुप से स्कूल के सभी विद्यार्थी, स्कूल प्राचार्य प्रमोद वर्मा एवं अध्यापक-अध्यापिकाएं उपस्थित रहे।

## केजरीवाल की रैली को सफल बनाने के लिए आभार



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** **आम आदमी** पार्टी के शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल ने जींद रैली में भारी संख्या में पहुंचने पर हलके की जनता का आभार व्यक्त किया है। आंतिल ने कहा कि जींद में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार के सामने पांच मांगें रखीं है। जिसमें सभी भारतीयों को समान शिक्षा, मुफ्त व अच्छा इलाज, हर युवा को नौकरी, महंगाई से निजात और 24 घंटे बिजली दे तो उन्होंने राजनीति छोड़ने का ऐलान भी किया है। आंतिल ने कहा कि बदलाव रैली में केजरीवाल ने कहा है कि वे एक लाख लोगों के बिजली बिल लेकर आए हैं, जिनका बिल जीरो आया है। अगर दिल्ली और पंजाब

**हुंकार रैली**

8 अगर दिल्ली और पंजाब वालों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं तो हरियाणा के लोगों ने क्या कसूर कर रखा है

वालों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं तो हरियाणा के लोगों ने क्या कसूर कर रखा है। यदि 24 घंटे और मुफ्त बिजली चाहिए तो एक मौका दे। यहां पावर कट खत्म कर देंगे।

## महिला कर्मचारियों को महिला अपराधों बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। डीएसपी** महिला सुरक्षा नायाब सिंह के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता की अध्यक्षता में टीम ने लिबर्टी कंपनी कुटेल में जाकर महिला कर्मचारियों को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया।
महिला निरीक्षक राजेश लता ने बताया कि आज के समय में अपराध समाज में बुरी तरह फैल चुका है, जिसमें महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है।
टीम ने महिला कर्मचारियों को बताया कि कई बार चुप रहकर हम भी अपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा देते है। पुलिस टीम ने महिला कर्मचारियों को महिला विरुद्ध होने वाले अपराध जैसे भादंसं की छेड़छाड़ की धारा 354

## 'अरविंद केजरीवाल दुनिया का सबसे झूठा आदमी'

**टीम एक्शन इंडिया/जींद** **केंद्र सरकार** पांच वायदे पूरे करने पर राजनीति छोडने के अरविंद केजरीवाल के बयान पर सुभाष बराला ने कहा कि जो राजनीति छोडने की बात अब कह रहे है। वो कहते थे कि मेरी सरकार बनाओंगे तो किसी तरह की गाड़ी, बंगला सहित अन्य सुख सुविधा नहीं लूंगा। अब किस प्रकार के महल बनाए जा रहे है। करोड़ रुपए के महल दिल्ली की जनता की खून पसीने की कमाई केजरीवाल ने खड़े किए। वे पुलिस थाना के सामने जगदीप डूमरखा की माता लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने आए हुए थे। 13 फरवरी को किसान संगठनों के दिल्ली जाने के आह्वान पर भाजपा

**साधा निशाना**

8 करोड़ रुपए के महल दिल्ली की जनता की खून पसीने की कमाई केजरीवाल ने खड़े किए

पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि किसान एक लंबे समय से किसी न किसी समस्या से जूझता रहता है। अब जो वर्तमान में केंद्र, प्रदेश सरकार ने किसान के लिए, किसान के भले के लिए काम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। फसलों की बिक्री की बात हो या लाभकारी मूल्य की बात हो, किसान को समय पर खाद, बीज, दवा मिलना हो। हर तरह से किसान की सुविधा का ख्याल हमारी सरकार रख रही है। हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहां पूरे देश में सबसे अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाता है। वर्तमान जो किसान आंदोलन है वो कहीं ना कहीं राजनीति से प्रेरित नजर आता है।
इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए बराला ने कहा कि इंडिया गठबंधन केवल और केवल भाजपा के विरोध में बना है। गठबंधन का लोगों के भले से कोई मतलब नहीं है। गठबंधन बनने की शुरूआत से लेकर अब तक गठबंधन के किसी भी नेता का बयान जनता के हित में क्या करेंगे अब तक नहीं दिया गया है।

### गन्नौर-गोहाना के 20 गांवों में निकाली श्री राम की झांकी

**सोनीपत: सिद्धपीठ** सतकुंभा तीर्थ के पीठाधीश्वर श्रीमहंत राजेश स्वरुप महाराज ने सोमवार को कहा कि सही मायने में आजादी 22 जनवरी को मिली है। इससे पहले हिन्दुओं पर मुगलों ने अत्याचार किया, फिर अंग्रेज आए उन्होंने देश को विभाजित किया लेकिन आजाद भारत की सुगंध तो वास्तव अब आई है।
यह बात उन्होंने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा की ओर से निकाली जा रही श्रीराम जी की झांकी यात्रा में कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस संकल्प के साथ सनातन धर्म की ध्वज पताका को फहराया है। इससे पूरे विश्व में भारत का नाम ऊंचा हुआ है।

## महंत राजेंद्र पुरी ने दर्जनों गांवों में किया धर्म प्रचार



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**सोमवार को** जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पुरी ने थानेसर, पिहोवा व शाहाबाद उपमंडल के दर्जनों गांवों में पहुंच कर अपने सनातन धर्म प्रचार के अभियान को जारी रखा। इन गांवों में जगह जगह पर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि उनकी भगवान श्री राम व सनातन की अलख निरंतर जारी रहेगी। आज उनका एक ही लक्ष्य है कि हर भारतीय के दिल में सनातन के साथ भगवान श्री राम की गूंज हो। उन्होंने कहा कि अब भगवान श्री राम का युग आ रहा है। जिसका शंख नांद हो चुका है, अब इस आवाज को बुलंद रखने की जिम्मेवारी हमारी है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि भगवान श्री राम हर इंसान के साथ हैं आज हमें दिखाने की भी जरूरत है। न ही बताने की भी कि भगवान श्री राम का युग आरंभ हुआ है। पत्रकारों के सवाल कि क्या आप राजनीति में आने का विचार कर रहे है तो राजेंद्र पुरी ने कहा कि धर्म और सनातन के प्रचार के लिए भगवान श्री राम जी के नाम की अलख जगाने के लिए जैसा भी अवसर आयेगा महंत राजेंद्र पुरी सभी कार्यों के लिए तैयार है। इस अवसर पर बिट्टू शर्मा, बजरंग दल के प्रदेशाध्यक्ष जागीर मोर, अखिल, राकेश टोनी, संजय बारू, सुरेश कमल आदि भी मौजूद रहे।

**अलख**

8 महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि उनकी भगवान श्री राम व सनातन की अलख निरंतर जारी रहेगी

## हरिनगर कॉलोनी में दूषित पानी निकासी के लिए दबाए गए पाइप बने परेशानी का कारण

### लोगों का आरोप ठेकेदार द्वारा ठीक से नहीं की गई पाइपों की लेवलिंग, विपरित दिशा में बहने लगा दूषित पानी



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर** **वार्ड** 6 हरिनगर कालोनी की श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर वाली गली में दूषित पानी निकासी के लिए नगरपालिका द्वारा दबवाए जा रहे पाइप स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गए हैं। लोगों का कहना है कि दूषित पानी की निकासी के लिए उनकी गली में दबवाए गए पाइपों की लेवलिंग ठीक से नहीं की गई है। गली में ठेकेदार की लेबर बिना लेवल के पाईप लाईन दबाने में लगी है। इस तरफ अधिकारियों का कोई ध्यान नही है और न ही ठेकेदार मौके पर पहुंच रहा है। जिससे हरिनगर के लोगों में प्रशासन के प्रति रोष है। श्रीकृष्ण प्रणामी गोशाला समिति के प्रधान सतपाल शर्मा, स्थानीय वासी लक्ष्मण, जयबीर, जगदीश, सोमबीर, रामदत, राजेश, विरेंद्र, षिराज, प्रमोद, मनोज, दीपक ने बताया कि गली में नगरपालिका द्वारा नालियों की जगह पर 12 इंची के पाइप दबवाए जा रहें हैं। लेकिन नगरपालिका के अधिकारियों की अनदेखी के कारण निकासी के पाईप गलत तरीके से दबाई जा रही हैं। दूषित पानी का पाइप का लेवल नाले के लेवल से काफी नीचे है, जिससे दूषित पानी फिर से नाली में विपरित दिशा में बहना शुरू हो गया है। इससे लोगों में सरकार व प्रशासन के प्रति रोष है।

**लेवलिंग**

8 दूषित पानी की निकासी के लिए उनकी गली में दबवाए गए पाइपों की लेवलिंग ठीक से नहीं की गई है

**ठीक नहीं करवाया तो करेंगे प्रदर्शन:** स्थानीय लोगों ने बताया कि नाली में पाइप बनाने के लिए उनकी गली में मकानों के रैंप भी तोड़ दिए गए है। उन्हें उम्मीद थी कि पाइप लगने से दूषित पानी की निकासी का स्थाई समाधान हो जाएगा है, लेकिन समस्या और गंभीर हो गई। दूषित पानी विपरीत दिशा में बहने लगा है। ऐसे में उनके घरों की नींव में पानी घुसने का खतरा बन गया है। वहीं रैंप टूटने के कारण उनका घरों से बाहर निकलना भी दुर्भर हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि पाइप को उखाड़ कर उनका लेवल ठीक नहीं करवाया गया तो वह नगरपालिका कार्यालय में प्रदर्शन करेंगे।
**जेई को मौका निरीक्षण के दिए आदेश:** नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी के मामला संज्ञान में आने के बाद उन्होंने जेई सचिन धीमान को मौका निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि पाइप दबाने में गड़बड़ी मिली तो उन्हें उखड़वा कर दोबारा लेवल में दबवाया जाएगा।

# मोहित सुखीजा बने जेसीआई करनाल सिटी के नए प्रधान




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। जेसीआई** करनाल सिटी द्वारा आज आज स्थानीय होटल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जेसी मोहित कुमार सुखीजा को वर्ष 2024 के लिए प्रधान पद के लिए चयनित किया गया। मंच संचालन जेसी अनूप भारद्वाज ने किया, जिन्होंने आये हुए सभी सम्मानित जेसी सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगमोहन आनंद मीडिया कोऑर्डिनेटर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार रहे। आज के कार्यक्रम इंस्टालेशन ऑफिसर जोन प्रेजिडेंट जेसी जतिन सिंगला, इंडक्शन ऑफिसर जेसी मनीष सिंगला एवं केयनोट स्पीकर मुकेश पाहवा रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा दीप जलाकर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की। वर्ष 2023 के प्रधान सुशील बिंदल ने अपने कार्यकाल की रिपोर्ट पेश की एवं नई टीम को बधाई दी। मोहित सुखीजा ने नए पद की जिम्मेदारी ग्रहण की। मोहित सुखीजा ने बताया कि संस्था सितंबर माह में जेसी वीक कार्य करती है, उसी के साथ समाज में किसी को कभी भी कोई जरूरत होती है।
संस्था मिलकर उनकी सहायता भी करती है। आज अपनी नई कार्यकारिणी में जेसी दीपक सिंगला सचिव, मनोज गोयल कैशियर पद की जिम्मेदारी दी गई।

# कितनी भी बिजली करो प्रयोग, बिल आएगा शून्य

## हमने 2016 में सोलर पॉलिसी पास की थी, पूरे देश में इसे सबसे प्रोग्रेसिव सोलर पॉलिसी मानी गईः सीएम

**पॉलिसी**

8 केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने नई सौर ऊर्जा नीति, सौर नीति 2024 जारी की है






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** आम आदमी पार्टी की सरकार ने राजधानी में सोलर पॉलिसी 2024 को लेकर इसके बारे में लोगों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरा प्लान बताया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने 2016 में सोलर पॉलिसी पास की थी। पूरे देश में इसे सबसे प्रोग्रेसिव सोलर पॉलिसी मानी गई। इसने ही सोलर पॉवर की बुनियाद रखी। दिल्ली सरकार ने नई सोलर पॉलिसी 2024 लागू की है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार ने नई सौर ऊर्जा नीति, सौर नीति 2024 जारी की है। अब तक 2016 की नीति लागू थी, यह देश की सबसे प्रगतिशील नीति थी। दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त, 400 तक आधी यूनिट और उससे ऊपर का पूरा बिल वसूला जाता है। जो लोग अपनी छत पर सोलर पैनल लगाएंगे, उनका बिजली बिल शून्य होगा, चाहे वे कितनी भी यूनिट बिजली का उपभोग करें। 700-900 रुपए कमा सकते हैं। जो लोग सोलर पैनल पर खर्च करेंगे, उनको 4 साल में रिटर्न मिल जाएगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिल्ली सौर नीति 2024 के तहत घर पर छत पर सौर पैनल लगाने वाले लोगों को पीढ़ी-आधारित प्रोत्साहन मिलेगा।

### सौर पैनल लगाने पर 10 हजार की देगी सब्सिडी

**दिल्ली** की बिजली मंत्री आतिशी ने कहा कि सौर नीति को दो दिन पहले कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है और इसे 10 दिनों के भीतर अधिसूचित किया जाएगा। सौर पैनल लगाने पर 10 हजार की सब्सिडी दिल्ली सरकार देगी। दिल्ली सरकार की 2016 की नीति ने शहर के भीतर 250 मेगावाट से अधिक छत सौर संयंत्रों और लगभग 1,250 मेगावाट उपयोगिता-पैमाने के सौर संयंत्रों, कुल 1,500 मेगावाट की तैनाती को सक्षम बनाया।

**नीतीश कुमार के एनडीए में शामिल होने पर भी बोले:** बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इंडिया गठबंधन से अलग होकर एनडीए में शामिल होने पर केजरीवाल ने कहा कि मेरे हिसाब से उन्हें नहीं जाना चाहिए था। उन्हें सही नहीं किया, ये लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं। उनके इस कदम से बिहार में इंडिया गठबंधन को फायदा होगा न की एनडीए को।

# मैदानगढ़ी - अंगीठी से मां-बेटे की मौत, तीन की हालत गंभीर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मैदानगढ़ी** थाना इलाके में ठंड से बचने के लिए एक परिवार ने कमरे में अंगीठी जलाई थी और जलती अंगीठी को छोड़कर रात को घर में सभी पांच लोग सो गए। कुछ घंटे बाद कमरे में वेंटिलेशन न होने के कारण सभी लोगों का दाम घुटने लगा। इसके बाद आनन-फानन में परिवार में मौजूद सभी लोगों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में दो लोगों ने दम तोड़ दिया और तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि 28 जनवरी को सुबह 6:16 बजे सफदरजंग अस्पताल से सूचना प्राप्त हुई कि अंजलि उम्र 23 वर्ष पत्नी दिनेश और शंभू उम्र 2 वर्ष पुत्र दिनेश, निवासी असोला को मृत अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पूछताछ में पता चला कि दिनेश का परिवार जिसमें पत्नी अंजलि उर्फ दिलीप, पुत्र देवांश उम्र 6 वर्ष पुत्री देवासी उम्र 4 वर्ष और पुत्र शंभू उम्र दो वर्ष शामिल है। पिछले दो वर्षों यह परिवार मैदानगढ़ी थाना क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहे थे। दिनेश असोला स्थित एक फार्म हाउस में माली का काम करते है।

# पुलिस के मालखाने में भीषण आग

**जलकर राख**

8 देखते ही देखते वहां रखी गाड़ियां आग की चपेट में आ गई, जिनमें कार, बाइक इत्यादि गाड़ियां रखी हुई थी।



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीराबाद** इलाके में रविवार रात पुलिस के मलखाने में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते वहां रखी गाड़ियां आग की चपेट में आ गई, जिनमें कार, बाइक, स्कूटी इत्यादि गाड़ियां रखी हुई थी। दमकल विभाग को रविवार देर रात 12:15 बजे के आसपास आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद अलग-अलग दमकल स्टेशन से आग बुझाने वाली लगभग आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। दमकल विभाग के अनुसार करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, मालखाने में आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आकर लगभग 250 वाहन जलकर राख हो गए, जिससे लाखों का नुकसान हुआ है।

दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

# ...तो यह बयान देकर फंस सकते हैं दिल्ली के मुख्यमंत्री?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने के आरोप का साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर भाजपा मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और अन्य आप नेताओं के विरुद्ध पुलिस से शिकायत करेगी। भाजपा ने मुख्यमंत्री पर झूठ बोलकर जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। प्रेसवार्ता में दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि 62 विधायकों की पार्टी में इतनी निराशा व हताशा है कि उसके नेता तथ्यहीन बयानबाजी कर रहे हैं। वह भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को तोड़ने की कोशिश के झूठे आरोप लगा रहे हैं।

**भाजपा ने साक्ष्य उपलब्ध कराने की दी चुनौती:** भाजपा ने उन्हें उन विधायकों और उन्हे फोन करने वाले व्यक्ति का नाम सार्वजनिक करने की चुनौती दी थी। अब तक मुख्यमंत्री साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सके हैं। अगर मंगलवार सुबह तक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किए तो दिल्ली पुलिस आयुक्त से शिकायत की जाएगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री को झूठ नहीं बोलना चाहिए। उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



परीक्षा पे चर्चा के दौरान पीएम मोदी छात्रों से मिलते हुए।

# प्रबीर और अमित की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट के एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और एचआर हेड अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 17 फरवरी तक बढ़ा दी है। प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने 20 जनवरी को दोनों की न्यायिक हिरासत आज तक बढ़ाई थी। कोर्ट ने दोनों को 20 जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 22 दिसंबर, 2023 को ही कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को न्यूज क्लिक के खिलाफ यूएपीए के तहत लगे आरोपों की जांच के लिए 60 दिनों का समय और दे दिया था। दिल्ली पुलिस ने कहा था कि इस मामले की जांच के लिए और समय की जरूरत है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जांच के लिए 90 दिन और दिए जाने की मांग की थी।

# महिला टीचर ने छात्र को फेंक कर मारा लोहे का स्केल, आंख कटी, हुआ ऑपरेशन

**केस दर्ज**

8 बच्चे की मां उसे एक निजी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने आंख कटे होने की बात कही



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
मोहन गार्डन थाना इलाके के एक स्कूल में अध्यापक ने लोहे का स्केल (फुट्टा) फेंककर मारा, जो छह वर्षीय छात्र की आंख में लगा। जोर से लगने के कारण बच्चे की आंख से पानी निकलने लगा। बच्चे की मां उसे एक निजी अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने आंख कटे होने की बात कही और आंख का ऑपरेशन करने को कहा। बच्चों के स्वजन पर ऑपरेशन करवाने के पैसे नहीं थे। इस वजह से डॉक्टर ने बच्चे को एम्स अस्पताल में रेफर कर दिया। यहां पर बच्चे की आंख का ऑपरेशन किया गया। अब भी उसका इलाज चल रहा है। मंगलवार को बच्चे को फिर से एम्स ले जाया जाएगा। बच्चे की पहचान विपिन गार्डन के अक्षांश कुमार वर्मा के रूप में हुई है। मोहन गार्डन थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में विपिन गार्डन की अनुराधा कुमारी वर्मा ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के दरभंगा के विद्यापति चौक के पास की रहने वाली हैं। उनका बेटा अक्षांश कुमार वर्मा भगवती गार्डन के गुड लक पब्लिक स्कूल में यूकेजी कक्षा में पढ़ता है। उनके बेटे की बायीं आंख से पानी आ रहा था। इसलिए वह 19 जनवरी को बच्चे को लेकर निजी अस्पताल गईं। इस दौरान डॉक्टर ने उसकी आंख का ऑपरेशन करने को कहा। इसके बाद वह बच्चे को लेकर एम्स अस्पताल में चली गई। एम्स में बच्चे की आंख की सर्जरी करवाई, बच्चे का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अनुराधा ने बताया कि जब उन्होंने अक्षांश से पूछा तो बताया कि 17 जनवरी को कक्षा में अध्यापक मीनाक्षी रावत ने लोहे का स्केल फेंककर मारा। इससे उसकी आंख में चोट लगी, जब अनुराधा इस बारे में और जानने के लिए स्कूल गई तो अक्षांश की कक्षा के बच्चों ने भी उन्हें यही बताया कि मीनाक्षी मैम ने स्केल फेंककर मारा था। इस वजह से आंख में चोट लगी। इस वजह से उसे देखने में दिक्कत हो रही है।

इस बारे में पुलिस अधिकारी का कहना है कि फिलहाल मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। अध्यापक का कहना है कि वह बच्चों को चुप करवा रही थी, इसी दौरान स्केल हाथ से छूट गया व बच्चे को लग गया। मोहन गार्डन थाना पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# कालिंदी कुंज-मीठापुर रोड पर रेंगती नजर आईं गाड़ियां

**जाम**

8 हालांकि शिकायत करने पर ट्रैफिक पुलिस कहती है यहां ट्रैफिक मार्शल की तैनाती की गई है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में हर** दिन यात्रियों को कई सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से जुझना पड़ता है। सोमवार दोपहर कालिंदी कुंज-मीठापुर रोड पर इतना भयंकर जाम लग गया है कि दो घंटे तक लोग गाड़ियों में जाम में फंसे रहे। हालांकि यहां यह नजारा आए दिन ऐसा ही रहता है। यातायात पुलिस की ओर से कोई व्यवस्था नहीं है। हालांकि शिकायत करने पर ट्रैफिक पुलिस कहती है यहां ट्रैफिक मार्शल की तैनाती की गई है।

**लंबे समय से चल रहा पुल काम, लगता है लंबा जाम:** इसी मार्ग पर मीठापुर चौक पर नहर पर पुराने पुल की मरम्मत का काम लंबे समय से चल रहा है। पुल के एक मार्ग पर ही आने और जाने की व्यवस्था की है, जिसके कारण हमेशा इस पर गाड़ियां का अतिरिक्त बोझ रहता है। कई बार लोग जल्दी निकलने के चक्कर में गलत दिशा से भी अपनी गाड़ी इस पुल पर ले आते हैं जिसके कारण भीषण जाम की नौबत आ जाती है। ऐसे लोगों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने कोई खास व्यवस्था भी नहीं की है।

**लोहे का पुल है बहुत संकरा:** मीठापुर चौक के जाम से निकलने के बाद आगे कालंदी कुंज की ओर बढ़ने पर एक लोहे का पड़ता है। जहां एक बार यदि को गाड़ी फंसा दे तो फिर घंटों का जाम लगना तय माना जाता है।

कई बार लोगों ने इसकी शिकायत की तो ट्रैफिक पुलिस का कहना है कि ट्रैफिक को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक मार्शल तैनात किए गए हैं। हालांकि इन मार्शलों का भय शायद ही किसी को है। लोग मनमानी करते हैं और जल्दी निकलने के चक्कर में यहां जाम लगा देते हैं।

# दिल्ली में नहीं थम रहा कड़ाके की ठंड का तांडव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मौसमी उतार चढ़ाव के बीच सोमवार को भी** दिल्ली के मौसम में ठिठुरन भरी ठंड बरकरार रही। सुबह का तापमान एक दिन पहले की तुलना में थोड़ा सा बढ़ा तो दृश्यता के स्तर में भी सुधार रहा।

**न्यूनतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री कम:** मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने का अनुमान जताया है। शुक्रवार सुबह दिल्ली का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री कम 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। रविवार को यह 6.0 डिग्री था। कहीं हल्के तो कहीं मध्यम कोहरे के असर से आईजीआई एयरपोर्ट पर सुबह साढ़े पांच बजे दृश्यता का न्यूनतम स्तर 200 मीटर रिकॉर्ड किया गया।

# आजाद हिंद फौज के अधिकारियों को कैद रखने वाली जेल का खुलेगा ताला

**योजना**

8 इसे पर्यटकों के लिए खोले जाने की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की योजना है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आइएनए (आजाद हिंद फौज - इंडियन नेशनल आर्मी) के अधिकारियों को कैद रखने वाली जेल का ताला वर्षों बाद अब खुलेगा। लाल किला में एक बावली (सीढ़ी वाला कुआं) में जेल बनाकर आइएनए के तीन अधिकारी रखे गए थे। इस बावली का संरक्षण कार्य कराकर इसे पर्यटकों के लिए खोले जाने की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआइ) की योजना है। नेताजी की फौज के तीन सैन्य अधिकारियों को इस बावली में कैद करके रखा गया था।

**बावली में फिलहाल पर्यटकों को जाने की इजाजत नहीं:** इस बावली में फिलहाल पर्यटकों को जाने की इजाजत नहीं है। मगर जिन पर्यटकों को इस बावली के बारे में जानकारी है, वे इसे देखने की चाहत रखते हैं और बाहर से देखकर लौट जाते हैं। उनमें इस बावली को लेकर सम्मान है। लाल किले की इस बावली को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है कि इसे लाल किले के साथ बनाया गया था या फिर पहले की बनी है। लाल किले के स्मारकों में इस बावली का जिक्र नहीं है, हालांकि एएसआइ भी मान रहा है कि यह एक महत्वपूर्ण बावली है। लाल किले में प्रवेश करने के बाद छत्ता बाजार से जैसे ही आगे बढ़ते हैं, बाईं तरफ मुड़ने पर करीब 40 मीटर दूर जाने पर दाहिनी ओर बावली है, जिसमें एक कमरा बना है। कहा जाता है कि यह बात किसी को पता न चल पाए कि आइएनए के अधिकारियों को कहां रखा गया है, इसलिए अंग्रेजों ने बैरकें मौजूद होने के बाद भी बावली में जेल बनाकर इन अधिकारियों को रखा था।

# विज्ञापन बढ़ाने के लिए बनाई थी रश्मिका मंदाना की डीप फेक वीडियो



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**फिल्म अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की डीप फेक** वीडियो मामले में नया खुलासा हुआ है। आंध्रप्रदेश निवासी आरोपी ईमानी नवीन ने फिल्म अभिनेत्री की डीपफेक वीडियो विज्ञापन बढ़ाने के लिए बनाई थी। उसके एक सोशल मीडिया पर फैन पेज वीडियो चैनल फॉलोअर बढ़ नहीं रहे थे, इस कारण उसे विज्ञापन नहीं मिल रहे थे। उसके दो अन्य फैन पेज यू-ट्यूब चैनल पर फॉलोअर बढ़ते जा रहे थे। अपने यू-ट्यूब चैनल पर फॉलोअर बढ़ाने के लिए उसने फिल्म अभिनेत्री का डीपफेक वीडियो बनाया था। इसके बाद उसके यू-ट्यूब चैनल पर फॉलोअर बढ़ गए थे। दूसरी तरफ देश के एक बड़े क्रिकेटर की बेटी का भी डीपफेक वीडियो बनाया गया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जब आरोपी ईमानी नवीन को पता लगा कि उसके बनाए डीपफेक वीडियो पर पूरे देश में बवाल हो गया है, तब उसे लगा कि उसने गलत काम कर दिया। इसके बाद उसने फेसबुक व इंटाग्राम से यू ट्यूब चैनल से ओरिजनल वीडियो के साथ-साथ वह टूल्स भी डिलीट कर दिए थे। दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार दिल्ली पुलिस इस मामले में गहनता से जांच कर रही है। आरोपी ने दक्षिण भारत के ही दो और वीआईपी की डीपफेक वीडियो बनाई थी। दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ आरोपी की डिवाइस को फोरेंसिक जांच के लिए भेज रही है। दिल्ली पुलिस ये भी जांच कर रही है कि आरोपी ने डिवाइस से और क्या-क्या डिलीट किया है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी ने तीन वीआईपी लोगों के अलावा किसी और वीआईपी की तो डीपफेक वीडियो तो नहीं बनाई है।

**भ्रम में न रहें, गलत काम करेंगे तो पकड़े जाएंगे:** दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लोगों के दिमाग में ये रहता है कि वह सोशल मीडिया पर डीपफेक वीडियो या फिर अन्य गलत काम करेंगे तो पकड़े नहीं जाएंगे। आईएफएसओ के एक साइबर एक्सपर्ट का कहना है कि सोशल मीडिया पर किसी भी गलत काम करने वाले को आसानी से पकड़ा जा सकता है।

**डीपफेक वीडियो को लेकर अभी कोई कानून नहीं है**
दिल्ली पुलिस अधिकारियों के अनुसार, डीपफेक वीडियो को लेकर अभी कोई कानून नहीं है। केंद्र सरकार इस पर अध्यादेश ला रही है। अभी दिल्ली पुलिस 66 सी और ईआई टीम एक्ट यानि दूसरे की छवि खराब करने के तहत एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करती है।

### असली व नकली वीडियो की ऐसे करें पहचान...

= सकुर्लेट करने से पहले ये देख ले कि जिसको आप सकुर्लेट कर रहे हैं वह नकली वीडियो तो नहीं है
= असली व नकली वीडियो में बोलते हुए व्यक्ति के होठ एक जैसे नहीं होते हैं
= डीपफेक वीडियो में चेहरा हिलता-डुलता रहता है
= कान और हाथों का रंग एक जैसा नहीं होता है
= यदि कोई वीडियो विवादित व अश्लील है तो उस व्यक्ति का इतिहास देख लेना चाहिए
= देखना चाहिए कि क्या वह व्यक्ति सोशल मीडिया पर ऐसी वीडियो डालता है
= डीपफेक वीडियो व अश्लील वीडियो को सकुर्लेट करना भी जुर्म है
= इंटरनेट पर डालने के बाद वापस नहीं होती
= स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, लोगों को दूसरों की इज्जत का ख्याल रखना चाहिए। अगर एक बार इंटरनेट पर कोई चीज डाल दी जाती है तो वह फिर वापस नहीं होती है

# 'विचारणीय नहीं है मानहानि का मुकदमा...'

**सुनवाई**

8 महेंद्र सिंह धौनी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि मानहानि मुकदमा विचारणीय नहीं है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दो पूर्व** बिजनेस पार्टनर्स मिहिर दिवाकर द्वारा दायर किए गए मानहानि मुकदमा पर महेंद्र सिंह धौनी की तरफ से दिल्ली हाई कोर्ट में जवाब दाखिल किया गया है। महेंद्र सिंह धौनी की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि मानहानि मुकदमा विचारणीय नहीं है। न्यायमूर्ति प्रतिबा एम सिंह की पीठ के समक्ष धौनी की तरफ से अधिवक्ता ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ मुकदमा चलने योग्य नहीं है और क्रिकेटर ने केवल दिवाकर के खिलाफ रांची में मामला दायर किया था। वहीं, शिकायतकर्ता दिवाकर की ओर से पेश वकील ने कहा कि मीडिया रिपोर्टें निष्पक्ष नहीं थीं

क्योंकि उनके मुवक्किल को पहले ही ठग और चोर करार दिया जा चुका है। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले की सुनवाई तीन अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दी।

# विज ने बांध रोड के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## जहां विकास कार्यों के दर्शन नहीं होते थे वहां विकास कार्य करवाए-गृह मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला छावनी में डिफेंस कॉलोनी कच्चे बांध रोड को पक्का करने का यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सेना और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। अम्बाला छावनी एक खूबसूरत शहर है, हमें मिलकर ही काम करने चाहिए क्योंकि यहां हम मिलकर बसे हुए हैं और मिलकर काम करने से शहर का और विकास होता हैं। विज सवा करोड़ रुपए की लागत से डिफेंस कॉलोनी कच्चे बांध रोड को पक्का करने के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित अपार जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले डिफेंस कालोनी गुड सिटिजन वेलफेयर सोसायटी और कैंटोनमेंट बोर्ड अधिकारियों ने



मुख्यअतिथि गृह मंत्री अनिल विज व स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर रणजीत सिंह को स्मृति चिन्ह व शॉल भेंटकर उनका अभिनन्दन किया।

**डिफेंस कालोनी अम्बाला छावनी विधानसभा में आते ही ढेरों विकास कार्य करवाए-गृह मंत्री अनिल विज** गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि पहले डिफेंस कालोनी क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में नहीं था, जैसे ही यह क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में आया तो उन्होंने यहां जो भी कार्य उनके संज्ञान में लाए गए उन्हें करवाया। आगे भी इस क्षेत्र के लोगों द्वारा जो भी कार्य बताए जाएंगे उन्हें पूरा कराया जाएगा। उन्होंने कहा कच्चे बांध रोड को पक्का करने के कार्य पर लगभग सवा करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी, जिसमें 50 लाख रुपए की राशि उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से तथा 75 लाख रूपए की राशि कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा खर्च की जाएगी। उन्होनें कहा कि इस बांध के बनने से डिफेन्स कॉलोनी के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा रोड का निर्माण प्रारंभ होने से आज लोगों की यह पुरानी मांग भी पूरी हो गई हैं। इससे पहले डिफेन्स कॉलोनी के साथ-साथ नजदीक लगते क्षेत्रों में उन्होंने विकास कार्यो को पूर्ण करवाया है। डिफेंस कॉलोनी में नालियां, गलियां, सडकें, स्ट्रीट लाईटों के साथ-साथ अन्य विकास कार्य करवाए गए हैं, सीवरेज का कार्य भी यहां पर करवाने का काम किया जा रहा हैं। गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि डिफेंस कालोनी ही नहीं, बीडी फ्लोर मील के पीछे जितने भी कॉलोनियां है जहां पर विकास कार्यों के दर्शन तक नहीं होते थे, वहां पर उन्होंने विकास कार्य करवाए। इसके साथ-साथ चन्द्रपुरी, सुन्दर नगर जोकि विकास कार्यो से अछुता था, वहां पर भी विकास कार्य करवाए। उन्हेंने बताया कि सन- 1999 में मैंने यहां पर पेयजल की पाईप लाईन डलवाई थी, समय के मुताबिक अब क्षेत्र बढ् गया हैं, इसलिए लोगों को आगे पेयजल की समस्या न हो इसके लिए अद्दोमाजरा से दूसरी पेयजल पाईप लाईन कलरहेड़ी तक बिछाई जा रही है। यहां पर बूस्टर भी बनाया गया हैं ताकि बिना मोटर के तीसरी मंजिल तक आसानी से पानी पहुंच सके।

**संयुक्त रूप से**

8 कच्चे बांध रोड को पक्का करने का यह पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें सेना और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है

# लाला लाजपतराय के जन्मदिवस पर हुई चर्चा

## लाला जी की देश के स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिकाः डॉ. अनुपमा आर्य

**अहम**

8 लाला जी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अह्म भूमिका निभाई। वे आर्य समाज को अपनी माता मानते थे



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**आर्य** गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा लाला लाजपतराय के जन्मदिवस पर चर्चा-परिचर्चा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि लाला जी ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अह्म भूमिका निभाई। वे आर्य समाज को अपनी माता मानते थे। उन्होंने साईमन कमिशन का विरोध किया। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश पुलिस अधिकारी सांडर्स ने लाठी चार्ज कर दी जिससे लाठियों के प्रहार से लाला जी ने प्राण त्याग दिए। उनका बलिदान सदैव पीढ़ियों द्वारा स्मरण किया जाएगा। प्राचार्या महोदया ने बताया कि देश के लिए जान न्यौछावर करते हुए उन्होंने कहा कि ह्यह्यमेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी।ह्लह्ल इस अवसर पर राजनीतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अमनीत ने लाला लाजपत राय के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि लाला लाजपत राय एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने देश के लिए अपनी जान न्यौछावर कर दी। लाला जी ने सम्पूर्ण स्वराज्य की मांग की और अंग्रेजों की हुकूमत की बगावत की। वे आर्य समाज के प्रवर्तक थे। उनके योगदान से पंजाब में डी.ए.वी. स्कूल बेहतरीन विद्यालय बनकर उभरे।

**न्यूज फ्लैश**

## '9 फरवरी तक सरकार जारी करे मुआवजे का पैसा'



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/पिहोवा(दलबीर मलिक)**

**भाकियू(चढ़ूनी) के** बैनर तले पिहोवा किसान रेस्ट हाउस में किसानो की जरूरी मीटिंग हुई। जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान जोगिंदर काजल व इस्माइलाबाद ब्लॉक प्रधान गुरनाम चम्मू ने की।मीटिंग में पिहोवा हल्का के सैंकड़ो किसानो ने शिरकत की।प्रिंस वड़ैच (प्रदेश प्रवक्ता) ने कहा कि 2014 में अंबाला हिसार हाईवे के लिए किसानो की जमीन अधिग्रहीत की गई थी।किंतु पिहोवा के किसानो को पूरा मुआवजा नहीं मिला जिस कारण किसानो का तकरीबन 80 करोड़ रुपये का मुआवजा पैंडिंग है।जबकि अंबाला व कैथल दोनों सीमावृति जिलो का पूरा मुआवजा किसानों को मिल चुका है केवल पिहोवा के किसानो का मुआवजा लंबित है। गाँव धनिपुरा के पूर्व सरपंच दर्शन सिंह ने बताया की पिहोवा के किसान इस मामले में अनेकों बार सरकार व प्रशासन से गुहार लगा चुके है किंतु किसी भी स्तर पर उनकी सुनवाई नहीं हो रही।जिससे इलाके के किसनो में भारी रोष है।प्रिंस वडैच ने कहा की सरकार में हल्के का मोजूदा विधायक व मंत्री होने के बावजूद पिहोवा के किसानो की सुनवाई नहीं हो रही। जिसका कारण शायद हल्का विधायक व मंत्री द्वारा इलाके की मजबूती से पैरवी ना करना है। अब किसानो ने 9 फरवरी तक का अल्टीमेट सरकार को दिया है।प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि सरकार व प्रशासन अगर 9 फरवरी तक किसानो से बातचीत करके किसानो का मुआवजा जारी नहीं करती तो किसान बड़ी संख्या में अजरावर बस अड्डे पर इक्कठा होंगे और कोई बड़ा फैंसला लेंगे।इस मौके पर आईटी सेल अध्यक्ष जरनैल मल्ली,शहरी प्रधान गौरव कुमार,सुखविंदर वडैच,करतार दंदयान,(धनिपुरा)दर्शन सिंह पूर्व सरपंच,हरजीत विर्क,अमरजीत विर्क,जोधा वड़ैच,सुरेंद्र पाल सिंह,अमृतपाल सैनी ,ज्ञान सिंह,सुरजीत सिंह,प्रतीक संगवान ठोल,बलिन्द्र सिंह,राज दुलार,सुरेंद्र सिंह पूर्व सरपंच,राजकुमार शर्मा(धनिरामपुरा),हरिंदर सिंह,भरपूर सिंह,सुरेंद्र सिंह सोढ़ि,सुरजीत उप्पल,प्रीत महिम्द्र सिंह,पवन सेठी सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

## पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर का राजनीतिक कद बढ़ा गई कांग्रेस संदेश यात्रा

**समालखा/( कुलदीप सिंह )**

**कांग्रेस की** संदेश यात्रा समालखा में पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर का राजनीतिक कद बढ़ा गई। यूं तो संदेश यात्रा का समालखा में कई स्थानों पर स्वागत किया गया लेकिन गांव किवाना में पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर के हजारों समर्थकों ने रणदीप सुरजेवाला व भरत सिंह छौक्कर जिंदाबाद के जयकारों से स्वागत किया। हजारों समर्थकों की भीड़ को देखकर गदगद अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस महासचिव कुमारी शैलजा व पूर्व मंत्री एवं विधायिका किरण चौधरी बस के उपर चढ़ गए। रणदीप सुरजेवाला ने समालखा के पूर्व विधायक भरत सिंह छौक्कर को भी बस की छत पर बुलाया ओर उन्हें गले से लगाया।

रणदीप सुरजेवाला ने भरत सिंह छौक्कर की खूबियां गिनवाते हुए कहा कि भरत सिंह ने पहले भी विधान सभा में हमारे साथी रहे हैं ओर आगे भी यह बढ़ौतरी जारी रहेगी। सन 2009 के विधानसभा चुनाव में टिकट कटने के बाद कांग्रेस छोड़ चुके भरत सिंह छौक्कर एक के बाद एक राजनीतिक दलों में रहने के बाद पिछले साल दोबारा से कांग्रेस में शामिल हुए।इस पर चुटकी लेते हुए कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा ने भरत सिंह को संबोधित करते हुए कहा कि अब सही जगह आ गए हो। इतना ही नहीं ग्रामीणों की भीड़ को देखकर शैलजा ने कहा कि जब हमारे पास ऐसे नेता हैं तो जीत पक्की है। पूर्व मंत्री एवं विधायिका किरण चौधरी ने तो इससे भी आगे बोलते हुए ग्रामीणों से समालखा हल्के में बदलाव करके भरत सिंह छौक्कर को जीताकर विधानसभा में भेजने की अपील की।

# घर-घर में जींद की बदलाव जनसभा की चर्चाः राकेश चुघ

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**आम आदमी** पार्टी की जींद में आयोजित बदलाव जनसभा की चर्चा हरियाणा के घर घर में है। जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया कि प्रदेश की जनता खट्टर सरकार से त्रस्त है और बदलाव चाहती है। ये बात आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा के घर घर में जींद की बदलाव जनसभा के चर्चा है। जींद में उमड़े जन सैलाब ने दिखा दिया कि हरियाणा के लाल केजरीवाल की गारंटी के साथ हरियाणा की जनता खड़ी है और 2024 में दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी।



उन्होंने कहा कि बदलाव जनसभा में केजरीवाल 1 लाख जीरो बिजली के बिल लेकर पहुंचे। इसकी पूरे हरियाणा में चर्चा है। दिल्ली में जनता को फ्री बिजली मिल रही है। पंजाब में 90 प्रतिशत ने ज्यादा लोगों को फ्री बिजली मिल रही है। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार लाकर अपने बिजली के बिल को जीरो करवाएगी। उन्होंने कहा कि जींद महासभा में अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने बताया कि पंजाब में 40 लाख घरों में जीरो बिजली के बिल आते हैं। वहीं पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार में महज 20 महीने में 42,000 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। इसके साथ पंजाब में 664 मोहल्ला क्लिनिक चल रहे हैं। जबकि 125 बनकर तैयार हैं। इनमें अबतक 1 करोड़ से ज्यादा लोग फ्री इलाज, फ्री टेस्ट और फ्री दवाइयों की सुविधा ले चुके हैं।

उन्होंने कहा कि जींद जनसभा में अरविंद केजरीवाल ने दिखा दिया कि वे ईडी और सीबीआई से नहीं डरते हैं। उनमें हरियाणवी खून है। जो जनता की भलाई के लिए जेल जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। आम आदमी पार्टी के एक एक कार्यकर्ता उनके सच्चे सिपाही हैं। हरियाणा के हर एक घर तक अरविंद केजरीवाल की नीतियों को पहुंचाने का काम करेंगे। पंजाब के जीरो बिजली के बिलों को हरियाणा के हरेक गांव में जनता के बीच लेकर जायेंगे। इस बार हरियाणा की जनता भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएगी।

# उपायुक्त ने विकास कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**उपायुक्त** डा. मनोज कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्यों में गति लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को देरी के लिए फटकार भी लगाई। साथ ही उन्होंने एक अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई के साथ एक अन्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए।

कैंप कार्यालय में दोपहर बाद पंचायती राज संस्थाओं के अंतर्गत किये जाने वाले विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डा. मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए खांडा में जोहड़ की खुदाई आदि के कार्य की रिपोर्ट तलब की, जिसमें विकास कार्य में विलंब पर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित विकास कार्यों के संदर्भ में पूर्ण जानकारी न दिए जाने का कारण पूछते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने अमृत सरोवरों के सौंदर्यकरण इत्यादि कार्य के साथ, गांवों में व्यायामशालाओं, गलियों, जोहड़ों की चारदीवारी, गंदे पानी की निकासी, खेल स्टेडियम, चौपालों का निर्माण कार्य, पार्क निर्माण आदि विकास कार्यों की समीक्षा की।

# आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने तीन कांस्य पदक जीता



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पंजाब के** अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पैन्चिंग स्लॉट प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के खिलाडियों ने तीन कांस्य पदक जीत कर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि 25 से 27 जनवरी तक अमृतसर के गुरु नानक देव विश्वविद्यालय में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पैन्चिंग स्लॉट प्रतियोगिता में आर्य कॉलेज के बीए द्वितीय वर्ष के छात्र आशु, बीए तृतीय वर्ष की माफी और मुस्कान ने पैन्चिंग स्लॉट के गांडा विधा में ब्रॉन्ज मेडल जीत कर न केवल अपने महाविद्यालय का अपितु अपने जिले व राज्य का भी नाम रोशन किया।

# नि:शुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरूक्षेत्र (दलबीर मलिक) कुरूक्षेत्र के** सेक्टर सात के क्यूआरएस नैचरोपैथी क्लीनिक में दो दिवसीय निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने कैम्प का शुभारंभ किया।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य जब तक ठीक है तब तक उसे कोई नहीं हरा सकता। जब उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं होगा तो वह अपने जीवन में कार्य कैसे करेगा। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से भी स्वस्थ बनेगा हल्का लाडवा अभियान के तहत लगभग 52 गांवो में निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प लगवाए जा चुके हैं ताकि कोई व्यक्ति बीमार न हो और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे।



वहीं क्लीनिक की संचालिका डा. हरविन्द्र कौर ने बताया कि कैंसर, सर्वाइकल, कमर दर्द, हार्ट मरीज, घुटनों के दर्द, अनिद्रा, नसों की चक्रण के अलावा सभी बीमारियों के लिए यह दो दिवसीय कैम्प लगाया गया। जिसमें मरीजों का चैकअप किया गया और उन्हें दवाईयां भी वितरीत की गई। मौके पर यशस्वी शर्मा, शिवानी, भीम सिंह, रोहित, जुगराज, छवि, हरजिन्द्र सिंह, शिवानी आर्य आदि मौजूद रहे।

# करनाल से ही लड़ूंगा चुनाव : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। करनाल** पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आइएनडीआइए अलायंस पर शायरी करते हुए तंज कसा। वहीं उन्होंने करनाल से बाहर चुनाव लड? की चचाओं पर भी विराम लगाया। उन्होंने कहा कि मैं यहीं से चुनाव लड़ूंगा। निगम चुनाव के सवाल पर सीएम ने कहा कि अभी उसमें वार्डबंदी व अन्य कार्य चल रहे हैं।

अन्य नगर इकाईयों का काम कंप्लीट होते ही लोकसभा के साथ या फिर आगे पीछे चुनाव करवाए जा सकते हैं। एनडीए में नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के जुडने के सवाल पर सीएम ने कहा कि जो आएगा उसका स्वागत है।

# गांव-गांव लगेंगे हेल्थ चेकअप कैंपः डीसी

## 'हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएं ताकि लोग बीमारी के प्रति जागरूक हों'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपयुक्त डॉक्टर** वीरेंद्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में टीबी मुक्त जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए की गांव स्तर पर लोगों के हेल्थ चेकअप कैंप लगाए जाएं ताकि लोग बीमारी के प्रति जागरूक हों। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक स्कूल में भी इसको लेकर एक नोडल अधिकारी लगाया जाए जो सभी बच्चों को टीबी के लक्षण के बारे में और इसमें लेने वाले खान-पान के बारे में भी बच्चों को जागरुक कर सके।

उन्होंने बैठक में जिला ड्रग



कंट्रोलर अधिकारी विजय राजे को निर्देश दिए की सभी मेडिकल स्टोर यह सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति टीबी की दवाई लेने अगर मेडिकल स्टोर पर आता है तो उसका आधार कार्ड जरूर लें। यही नहीं जो लोग निजी अस्पतालों में टीबी की दवाई लेते हैं उनका डाटा भी सिविल अस्पताल के डाटा से मिलाया जाए। सभी रोगियों का डाटा निक्षय पोर्टल पर भी अपलोड किया जाए। 6 फरवरी को होगी सभी बीडीपीओ के साथ बैठक। उपायुक्त ने इस अभियान को लेकर धरातल पर काम करने के निर्देश दिए और कहा कि आगामी 6 फरवरी को

दोपहर 12 बजे जिला सचिवालय में सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों के साथ इसको लेकर बैठक होगी जिसमें पंचायत स्तर तक इस अभियान को अमलीजामा पहनाने बारे विचार विमर्श कर दिशा निर्देश दिए जाएंगे। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा टीवी मुक्त अभियान के नोडल अधिकारी डॉक्टर नवनीत भी उपस्थित रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में परीक्षा पर चर्चा आयोजित

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उनकी टीम के साथ परीक्षा पर चर्चा की । जिसमें एम के झा, उदेशवाली और सीमा जैन के साथ विधार्थियों ने अपनी सभी शंकाओं को प्रधानमंत्री के समक्ष रखा और उनका निवारण करने हेतु विचार विमर्श किया, जिसमें छात्रों को पाठ्यक्रम क्रियाकलाप, गतिविधियां और प्रश्नपत्र संबंधित जानकारी हासिल करने का मौका मिला। आपसी बातचीत में छात्रों के मन के डर को दूर भगाते हुए उनके सभी विषयों को ध्यान में रखकर उचित जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि कोई भी विषय आसान या कठिन नहीं होता हमें केवल अपनी स्मरण शक्ति से उसे समझना और ध्यान में रखना होता है। एक विद्यार्थी के लिए आवश्यक है कि अपने चयनित विषयों का गहन अध्ययन करें ताकि पाठ्यक्रम में आने वाली चुनौतियां उसे भयभीत न कर सके।

**पाठ्यक्रम**

8 चयनित विषयों का गहन अध्ययन करें ताकि पाठ्यक्रम में आने वाली चुनौतियां उसे भयभीत न कर सके

# महिलाओं की सुरक्षा कुरुक्षेत्र पुलिस की प्राथमिकताः पुलिस अधीक्षक

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**पुलिस** अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा कुरुक्षेत्र पुलिस की प्राथमिकताओं में है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला थाना के अलावा जिला के प्रत्येक थाना में एक महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। कोई भी पीडित महिला अपने नजदीक के थाना में महिला हेल्प डेस्क पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए है कि महिला विरुद्ध अपराधों में बिना किसी देरी के कारवाई करें।



महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिला में चिन्हित भीड़-भाड वाले स्थान तथा शिक्षण स्थानो के आसपास महिला पुलिस टीम द्वारा गस्त की जा रही है तथा निगरानी रखी जा रही है। जिला में भीड़-भाड वाले स्थान तथा शिक्षण स्थानो के आसपास के एरिया में गस्त के लिए टीमें बनाई गई हैं।

# 'कांग्रेस सरकार बनने पर बदलेंगे ग्रामीण हलके की तकदीर'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान हरियाणा कांग्रेस व राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस का ह्लघर घर कांग्रेस - हर घर कांग्रेस" अभियान को लेकर युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ने काबड़ी रोड़ कार्यालय पर अपने कार्यकर्ता साथियों की बैठक बुलाई जिसमे अभियान को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई प्रदेश की समस्त कॉलोनियां का बड़ा ही बुरा हाल बना हुआ है। सभी गलियों में नालियों का गंदा पानी बह रहा है। छोटे बच्चे, बड़े बुर्जुग व महिलाएं मजबूरन गंदे पानी से गुजर रहे हैं । पीने के पानी के लिए लोगों को



संघर्ष करना पड़ रहा है। रास्तों पर जगह जगह खड्डे हो रखे हैं आए दिन आने जाने वालों के साथ कोई न कोई दुर्घटना होती है । । ये जनवीरोधी सरकार प्रदेश की जनता को उनकी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराने में असफल रही है। 2014 के पहले तक पूरे प्रदेश में हुड्डा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार की खेल नीति की मिसाल दी जाती थी। हरियाणा के खिलाड़ी खेलों में कैरियर बनाते और देश के लिए झोली भरकर मेडल जीत लाते। क्योंकि, सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देती और उनका मान-सम्मान करती थी।

आज हरियाणा के नौजवान बेरोजगारी से हताशा में, हताशा से नशा और अपराध के चंगुल में फंस रहे हैं। अपराध और नशे का मूल कारण बेरोजगारी है, जिसको गर्त में पहुंचाने वाली इखढ-खखढ सरकार को हरियाणा का युवा कभी माफ नहीं करेगा। जिसके चलते चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को 6000 रुपए पेंशन दी जाएगी। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। गरीब परिवारों को 100झ100 गज के प्लॉट दिए जायेंगे। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा, सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मजदूरों को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को समाप्त कर लोगों को पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर उनका हक दिलाएंगे।

इस अवसर पर पूर्व सीनियर डिप्टी में सुभाष भटला, पूर्व ब्लॉक समिति के अध्यक्ष रमेश मलिक, साधुराम त्यागी, मदनलाल मजोका पूर्व पार्षद, राम रतन अग्रवाल पूर्व पार्षद और पवन स्वामी, डीपी ग्रोवर, शीशराम, स्पट्टर अली, जितेंद्र कंडेला , पूर्व ब्लाक प्रधान दीपक खटकड़,सतपाल रोड, माधव राम कश्यप, श्री भगवान कश्यप, पवन, रामकिशन कालूपीर कॉलोनी, दिनेश मास्टर कालूपीर कॉलोनी, सुरेश सैनी अर्जुन नगर, रमेश पांचाल, राम सिंह सैनी जी, राकेश गोयल, मनु शर्मा, बलवान सैनी जी, राजबीर लखमी कॉलोनी व शीशपाल सन्त नगर आदि सैकैडो कालोनी वासी मोजूद रहे।

# राजेंद्र नगर विधानसभा के भाजपा प्रभारी बने सुरेन्द्र खर्ब, लोगों ने दी बधाई







**तीरथ राज/नई दिल्ली**

**भारतीय** जनता पार्टी के राजेंद्र नगर विधानसभा का प्रभारी सुरेंद्र खर्ब को बनाए जाने पर बादली विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।

आपको बातदें कि सुरेन्द्र खर्ब सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन रह चुके है और एमसीडी में कई पदों पर भी रह चुके है और भाजपा के मजबूत सिपाही है। यही कारण है कि इनकी पार्टी के प्रति लगन को देखते हुए इन्हें यह अहम जिम्मेवारी सौंपी गई है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष टीटू राम, बलविंदर सिंह, रामनिवास शर्मा, मुकेश गुप्ता, प्रमोद सिंह, वीरेंद्र पहलवान, हिमांशु भारद्वाज, अनिल मिश्रा, राजेंद्र बिष्ट, जाकिर, नफीस, विशाल, दीपक पांडे, प्रमोद शर्मा, दीपक, आशीष, मंजू, वनिता एवं पवन गोयल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे और सुरेन्द्र खर्ब को प्रभारी बनने पर बधाई दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के राजेंद्र नगर विधानसभा के प्रभारी सुरेंद्र खर्ब ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे बधाई दी है। मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं और पार्टी आलाकमान का दिल ही गहराईयों से धन्यवाद करता हूं और पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा और राजेंद्र नगर विधानसभा में भाजपा को और अधिक मजबूत करने का कार्य करने की पूरी कोशिश करूगां। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार व्यक्त किये।



# नरेला: भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के मन की बात को सुना





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बाहरी दिल्ली के** नरेला में मन की बात के 109वें एपिसोड को सुना गया। संयोजक लाभार्थी नरेला विधानसभा पवन खत्री (मोनी) के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 109वें संस्करण को सुना और आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा को जीतने और मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। क्योंकि यह सभी बातें जनउपयोगी हैं और समाज उपयोगी हैं। इस अवसर पर भाजपा के संयोजक लाभार्थी नरेला विधानसभा पवन खत्री मोनी ने कहा कि मन की बात के 109वें संस्करण में प्रधानमंत्री मोदी ने जन भावनाओं को रखा और वह देश कैसे पहले प्रधानमंत्री हैं जो प्रत्येक जनसाधारण आम आदमी के मन की बात को समाज के सामने रखते हैं और उसे पूरा करते हैं। इस दौरान पवन खत्री ने सभी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियो का पटका पहनाकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेश कुंडू, कुंदन कुमार, योगेश शर्मा, मांगेराम अत्री, बलवान पहलवान, राजेश शुक्ला, मुकेश योगी, आरिफ राणा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की तैयारियां हुई तेज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी को लेकर राज्यसभा सांसद और संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में अहम बैठक बुलाई। बैठक में आम आदमी पार्टी के विधायक और उपाध्यक्ष ऋतुराज झा, विधायक और उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, विधायक और उपाध्यक्ष गुलाब सिंह और उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह तोमर शामिल हुए। बैठक में संगठन महामंत्री डॉक्टर संदीप पाठक ने कहा कि हमने दिल्ली में मंडल प्रभारियों को नियुक्ति की है। आप लोगों को जो भी मंडल मिला है उसपर ध्यान केंद्रित करते हुए आपको पूरी मेहनत के साथ काम करना है। जिस मंडल के आप प्रभारी बनाए गए हैं उस मंडल की पूरी जिम्मेदारी अब आप लोगों की होगी। अगले एक हफ्ते में सभी मंडलों पर बैठक की जाएगी। पाठक ने आगे कहा कि हम लोगों ने मंडल प्रभारी तो नियुक्त कर दिए हैं लेकिन अब हमें बूथ स्तर पर जाना है। हम दिल्ली के हर बूथ पर 11 सदस्य कमेटी का गठन करेंगे और हर बूथ पर अध्यक्ष भी नियुक्त करेंगे। हर मंडल पर बैठक की जाएगी। बैठक करने की जिम्मेदारी मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष और मंडल संगठन मंत्री की होगी। यह तीन लोगों की टीम मंडल स्तर पर बैठक आयोजित करेगी। पहले हम 11 सदस्य बूथ कमेटी का गठन करेंगे उसके बाद दिल्ली में डोर टू डोर अभियान शुरू किया जाएगा। दिल्ली की सभी विधानसभाओं में कल से ट्रेनिंग शुरू होगी। इस ट्रेनिंग में सभी विधायक, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल संगठन मंत्री और मंडल के सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र: ग्राम सुधार समिति सिंघौला गांव ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**ग्राम सुधार समिति** सिंघौला गांव में 75वें गणतंत्र दिवस पर पार्क नंबर-एक में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीडीए के अनुभाग अधिकारी कुंज बिहारी का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए इस पार्क की समस्याओं पर कुछ सुविधाओं की मांग की।

इनमें प्रमुखतः इस पार्क का विस्तार जीटी रोड की तरफ किया जाए ताकि वाकिंग ट्रेक बढ़ सके, टूटे हुए झूलों की मरम्मत, पार्क में झंडारोहण के लिए पचास फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया जाये, आवारा मवेशियों से पेड़-पौधों की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवाल की ऊंचाई बढ़ाना, इस पार्क में बेसिक सुविधाएं जैसे टॉयलेट तथा पेयजल आदि उपलब्ध कराना प्रमुख थी। इसके साथ ही इस समारोह के विशेष अतिथि नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने उपस्थित जनसमूह को 75वें गणतंत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा की आज हमारे सामने कई चुनौतियां है, समाज में टूटते भाईचारे को बचाए रखना और दूसरी चुनौती दिन प्रतिदिन नष्ट होते पर्यावरण की रक्षा है जिसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी तभी हम स्वस्थ जीवन जी सकेंगे। इसके लिए जरूरी है, पेड़-पौधों की रक्षा। लोकगीतकार राधारानी ने राष्ट्रीय प्रेम के गीतों की





प्रस्तुति की। स्कूली छात्र आयुष्मान करियाणा और अक्षांश करियाणा ने भी सुंदर कविता पेश की। उपस्थित गणमान्य लोगों में सतबीर राणा, दीपक तोमर, डॉक्टर सुरेंद्र खत्री, धीरज खत्री, मांगेराम गौतम, काला गौतम, जीत सिंह खत्री, सहदेव खत्री आदि प्रमुख थे। अंत में ग्राम सुधार समिति सिंघौला के सचिव सूबे सिंह करियाणा ने समारोह में आए सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए समापन की घोषणा की।

तो वहीं, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के झंडे तले स्वतंत्र नगर कार्यालय में 75वें गणतंत्र दिवस पर नरेला के गणमान्य नागरिक कामरेड नरेश गुप्ता ने तिरंगे का झंडारोहण करते हुए उपस्थित जनसमूह को अपनी शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि आज हमारे सामने अनेक ज्वलंत समस्याएं मुंह बाए खडी हैं और सत्ताधारी वर्ग उनसे पब्लिक का ध्यान हटाने के विभिन्न प्रकार के प्रपंच रच रहा है। बेरोजगारी, भुखमरी, कुपोषण, आर्थिक विषमता आदि से ध्यान हटाकर आस्था के नाम पर अंध विश्वास की ओर जबरन धकेला जा रहा है। मंहगाई तो 1971 में स्वर्गीय इंदिरा जी के राज में भी आई थी। सरकार के पास आर्थिक संसाधन भी इतने नहीं थे जितने आज है। फिर भी देश की जनता ने उसका मुकाबला किया। आज 2024 तक में 80 करोड़ लोगों को पांच किलो मुफ्त राशन देकर अहसान किया जा रहा है। हमें एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। इस समारोह के अन्य वक्ताओ में कामरेड सुरेंद्र पंचाल, नागरिक अधिकार आंदोलन के नेता राजव्रत आर्य, विनोद कुमार सिंह, एडवोकेट धर्मपाल आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर बच्चों ने भी संविधान व सामाजिक विषयों पर अनूठे अंदाज में कार्यकर्मो की प्रस्तुति दी। अंत में इस क्षेत्र के पार्टी के प्रभारी कॉमरेड अनिल कुमार सिंह ने सभी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए समारोह का समापन किया।

इसी कडी में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के बैनर तले नरेला क्षेत्र की इकाई ने विशाल एन्क्लेव, बवाना रोड पर स्थित कामरेड शिव कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी को 75 वें गणतंत्र दिवस पर अपनी क्रांतिकारी शुभकामनाएं देते हुए मजदूर वर्ग पर केंद द्वारा काले कानूनो के खिलाफ लड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनिट प्रभारी कॉमरेड डी एन सिंह ने की। कामरेड हरे राम सिंह, सुरेंद्र पंचाल, पीपुल्स फ्रंट के नेता कॉमरेड नरेश गुप्ता ने असली आजादी के लिए संघर्ष का आह्वान किया।

# बजट से पहले ही मालामाल हुए देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बजट** से पहले देश के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी मालामाल हो गए। अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयर में सोमवार को करीब सात फीसदी की उछाल आने से कंपनी का मार्केट कैप 19.59 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 6.86 फीसदी बढ़कर 2,896.15 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान दिन में एक समय यह 7.18 फीसदी की उछाल के साथ 2,905 रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर यह 6.79 फीसदी की बढ़त के साथ 2,890.10 रुपये पर पहुंच गया, जबकि दिन में कारोबार के दौरान यह 7.34 फीसदी बढ़कर 2,905 रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में आज कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) बढ़कर 19,59,444.03 करोड़ रुपये हो गया।

# मंगोलपुरी: संजय गांधी अस्पताल में एम.एस डॉ.एस.के. काकरन ने किया ध्वजारोहण







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल के मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. एस.के. काकरन ने ध्वजारोहण कर एकता और अखंडता का संदेश दिया। अस्पताल प्रांगण में मौजूद सभी स्टाफ देशभक्ति के माहौल में सराबोर दिखाई दिया। इस दौरान डॉ.एस.के. काकरन ने कहा कि आज के दिन सभी को प्रण लेना चाहिए कि हम अपने काम को ईमानदारी से करेंगे, तभी हम देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. काकरान सहित संजय गांधी अस्पताल के पूर्व मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. पीएस नैय्यर, पूर्व मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ. पुनीता महाजन, डीएमएस डॉ. एम.दास, डॉ. पूनम जून, डॉ. विजय मोहन अग्रवाल सहित संघ के प्रधान मनोज मिश्रा, महासचिव जोगिंदर सिंह, अध्यक्ष बुध राम सहित संघ के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आजादी के बाद गणतंत्र दिवस के इस दिन के वास्तविक मायने पर अपने विचार रखते हुए संघ के प्रधान मनोज मिश्रा ने कहा कि हमें यह दिन बड़े परिश्रम के बाद मिला है, लिहाजा यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि आजादी के इस दिन को बड़े ही सद्भाव के साथ संजोकर रखें।

# भारत नगरः श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में कथा का हुआ आयोजन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के भारत नगर स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रीराम कथा यज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉ. हर्षवर्धन, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व निगम पार्षद सुरेश भारद्वाज सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कथा वाचक पंडित विजय शास्त्री ने कहा कि सभी को सच्चे मन से कथा का श्रवण करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने कार्यक्रम के आयोजको की सराहना की और कहा कि सभी को इस प्रकार के धार्मिक कार्यक्रम अधिक से अधिक आयोजित करने चाहिए। तो वही, पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल ने कहा कि सभी को कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतरना चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। क्योंकि सत्य हमेशा ही सत्य रहता है। निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने भी कार्यक्रम की सराहना की और कहा कि भक्ति में शक्ति होती है। इसलिए सभी प्रभु की आराधना करें। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सुरेश भारद्वाज ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे ह्दय से प्रभु की आराधना करता है। प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की आराधना करें। तो वहीं अनिल शर्मा व अन्य गणमान्य लोगों ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी 37वे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेले का उद्घाटन : डीसी

**निर्देश**

**8 37वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की मीटिंग में दिए निर्देश**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस बार का 37वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट्स मेला पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष और भी ज्यादा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। ऐसे में मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन व सरकार द्वारा सभी तैयारियां और अधिक बेहतरीन ढंग से की जा रही हैं। डीसी विक्रम सिंह सूरजकुंड परिसर स्थित होटल राजहंस में 2 फरवरी से शुरू होने वाले 37वें अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि 2 फरवरी को मेले का आधिकारिक उद्घाटन महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा किया जाएगा वहीं 3 तारीख को उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ मेले में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार मेले में 40 देश शामिल होंगे तथा कई देशों के राजदूत भी विभिन्न अवसरों पर मेले में शिरकत करेंगे। मेला सुबह 10:00 बजे शुरू हो कर रात 08:00 बजे तक रहेगा। वहीं बड़ी चौपाल व छोटी चौपालों पर लगातार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यहां देश व विदेश के कलाकारों के अलावा स्कूली बच्चे भी अपनी प्रस्तुती देंगी। बच्चों के लिए प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। इस दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला में विभिन्न स्थानों पर जाकर तैयारियों का जायजा लिया व मेले के दौरान लगने वाले विभिन्न स्टालों की जानकारी भी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में सफाई, सडकों की व्यवस्था, लाईटिंग, बिजली की व्यवस्था, शौचालयों सहित सभी सुविधाएं बेहतरीन हों। इसके लिए सभी विभागों को भी निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां समय से पूरी कर लें। मेले में पार्किंग सहित अन्य सभी विषयों पर भी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। मीटिंग में एडीसी आनंद शर्मा, पर्यटन विभाग के एमडी नीरज कुमार, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन, जीएम टूरिज्म यूएस भारद्वाज, सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के बेहतर संचालन सेक्टर-55 के स्कूल में दिए गुरु मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज सोमवार को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के तत्वाधान में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन के दौरान प्रातः 11:00 बजे सेक्टर 55, के राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। वहीं केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर स्कूल पहुंच कर वहां पर बच्चों को तनाव मुक्त परीक्षा के बेहतर सफल संचालन के लिए बारीकी से मूल मंत्र दिए। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में चलाए जा रहे तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के



रूप में शिरकत करके स्कूली बच्चों के साथ बैठकर तनाव मुक्त परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मोटिवेशनल स्पीच को भी बच्चों के संग बैठकर ध्यान पूर्वक सुना। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने उपस्थित बच्चो को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव प्रसारण के जरिये कहा है कि बच्चों को परीक्षाओ का तनाव मस्तिष्क पर बिल्कुल नहीं रखना चाहिए। तनाव मुक्त परीक्षा देने से बच्चे की खुशी के साथ साथ परिवार के लोग भी खुश रहते हैं। परीक्षा के दौरान हर रोज तनाव मुक्त परीक्षा के सफल संचालन के लिए आधुनिक तकनीकी डिजिटल व्यवस्था के साथ कार्य करके आराम जरूर करें। ह्वह्यपरीक्षा पे चर्चा एक वार्षिक परंपरा बन गई है

# हरियाणा के नकारे मुख्यमंत्री के कारण विधायक नीरज शर्मा मजबूर : कृष्ण अत्री



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
आज एनएसयूआई फरीदाबाद के कार्यकताओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के गेट पर एनआईटी फरीदाबाद से कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के पक्ष में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर का पुतला फूंका। यह पुतला एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री के नेतृत्व में फूंका गया। एनएसयूआई हरियाणा के पूर्व प्रदेश महासचिव कृष्ण अत्री ने बताया कि विधायक नीरज शर्मा फरीदाबाद लोकसभा में अकेले कांग्रेस के विधायक है और समय समय पर विधानसभा में अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते रहते है। उन्होंने बताया कि विधायक नीरज शर्मा ने दिसंबर 2023 विधानसभा सत्र में एनआईटी विधानसभा को नारकीय स्थिति से निजात दिलाने

**फूंका पुतला**

**8 कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा के समर्थन में एनएसयूआई ने फूंका मुख्यमंत्री खट्टर का पुतला**

के लिए सरकार से लगभग 28 करोड रुपए की मांग करी थी जिस पर सदन में सरकार ने आश्वासन दिया था कि एक माह के अंदर यह पैसे अलॉट कर दिए जाएंगे लेकिन एक माह पूर्ण होने बाद भी जब फाइल मुख्यमंत्री कार्यालय से नहीं निकली तो विधायक नीरज शर्मा ने 17 जनवरी को चंडीगढ़ में अपने कपड़े त्यागने का काम किया। विधायक नीरज शर्मा को कपड़ा त्यागे आज 13वा दिन है लेकिन हरियाणा के मुख्यमंत्री का इस ओर ध्यान नही है। उल्टा गणतंत्र दिवस वाले दिन पुलिस के माध्यम से नीरज शर्मा के साथ तानाशाही और की। कृष्ण अत्री ने कहा कि नीरज शर्मा इस संघर्ष में की लड़ाई में अकेले नही है कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा हुआ है। कृष्ण अत्री ने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री कहते है "सबका साथ सबका विकास" और वही दूसरी तरफ विपक्ष के विधायको को विकास कार्य कराने के लिए फंड तक देते नही देते है। यह पहली ऐसी सरकार है जो हरियाणा के महान सदन में भी वायदा करके मुकर जाती है। उन्होंने कहा कि विपक्षी विधायको के साथ भेदभाव करना मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर की ओछी मानसिकता को दशार्ता है। इस मौके पर एसवी पंडित, पुनीत सहरावत, निपुण पंडित, प्रिंस भड़ाना, निखिल शर्मा, देव कुमार, ध्रुव चौहान, प्रवीण भारद्वाज, सन्नी, विक्की, मोनू, मोहित, रोहन, सुमित आदि मौजूद थे।

## भारतीय गुर्जर परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश लोहिया ने बैठक की अध्यक्षता की और सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए बताया कि संगठन 1982 से काम कर रहा है गुर्जर समाज की सेवा और उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है हमारा संगठन उन सभी जातियों के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा जिनका इतिहास की गलतियों के कारण उचित सम्मान नहीं मिल सका है नवनिर्वाचित राष्ट्रीय सचिव के पद पर रोमी भाटी ने अपने संबोधन में कहा कि नए जोश और नई योजनाओं से उत्प्रोत है।

# भाजपा व कांग्रेस को नकार जनता मांग रही बदलावः जगवीर हुड्डा

**रोहतक**
प्रदेश संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने सोमवार को बयान देते हुए कहा कि 28 को हुई जींद में हुई बदलाव जनसभा में उमड़े जनसैलाब ने दिखा दिया की हरियाणा की जनता अब बदलाव चाहती है। भाजपा के झूठे वायदे और कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार को हरियाणा की जनता ने नकार दिया है। अब की बार हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बन रही है। ये बात उन्होंने आम आदमी पार्टी की जींद में हुई बदलाव रैली में भाग लेने से पहले हजारों समर्थकों सम्बोधित करते हुए कही।
वे अपने हजारों समर्थकों के साथ जींद रैली में पहुंचे। उन्होंने बताया कि जींद में हुई बदलाव रैली का



सम्बोधन आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने किया। यह रैली अब तक - की सबसे बड़ी रैली हुई है। हरियाणा के हर गांव और - शहर के हर वार्ड से आम लोगों की भीड़ थी। अरविंद केजरीवाल ने जींद रैली में घोषणा की है कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनते ही दिल्ली और पंजाब की तरह हरियाणा में भी बिजली 24 घंटे फ्री मिलेगी, हर - घर स्वच्छ पानी मिलेगा। किसानों को फसल का अच्छा रेट मिलेगा, बुजुर्गों को फ्री तीर्थयात्रा करवाई जाएगी, महिलाओं को फ्री बस यात्रा मिलेगी, सरकारी अस्पताल में अच्छा और मुफ्त इलाज मिलेगा। सबसे बड़ी बात शहीद के परिवार को 1 करोड़ रुपए सम्मान राशि मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज बिजली के जीरो बिलों की चर्चा प्रदेश के हरेक घर में है। उन्होंने बताया की पंजाब में 90 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के बिजली बिल जीरो आते हैं। हरियाणा की जनता भी अपनी बिजली फ्री चाहती है और 24 घंटे चाहती है। जोकि सिर्फ आम आदमी पार्टी ही कर सकती है। इससे पहले, दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी फ्री बिजली योजना लागू कर चुकी है। आज पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार में खुशहाल है।

# सेक्टर-46 के सामुदायिक भवन में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
।सामुदायिक भवन,सेक्टर-46 गांव मेवला महाराजपुर में कबडड्ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फरीदाबाद और आसपास के क्षेत्र के विभिन्न इलाकों की टीमों ने बढ़ चढकर भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आरडब्लूए सेक्टर-46 के प्रधान राजसिंह बैंसला उपस्थित थे। कबडड़ी प्रतियोगिता का आयोजन बादल चपराना और अनिल चपराना द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि ने खिलाडि?ों से परिचय प्राप्त कर



उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर खिलाडि?ों को संबोधित करते हुए राजसिंह बैंसला ने कहा कि खेलों में अच्छा भविष्य है और खेल प्रतिभाएं इसमें मेहनत व लगन से अपने भविष्य को उज्जवल बना सकती है। उन्होनें कहा कि खेल खेलने से स्वास्थय बढि?ा रहता है। सभी जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल को भी उतना ही महत्व दे जितना पढ़ाई को देते है।
उन्होनें कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से ही खेलना चाहिए। खेल में हार जीत काई मायने नहीं रखती।

# अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में मातृ-नवजात इंटेंसिव केयर यूनिट का शुभारंभ - 'जन्म से शून्य अलगाव' के सिद्धांत पर आधारित



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट मल्टी-स्पेशियलिटी स्वास्थ्य सेवा संस्थान फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल ने प्राइवेट हेल्थकेयर सेक्टर में अपनी तरह की पहली मातृ-नवजात इंटेंसिव केयर युनिट (एमएनआईसीयू) लॉन्च की है। यह युनिट "जन्म से शून्य अलगाव" रणनीति को उच्च प्राथमिकता देती है, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा किए गए शोध के अनुरूप है, जिसने नवजात शिशुओं का जीवन बचाने के लिए तत्काल कंगारू मदर केयर (आईकेएमसी) की निर्विवाद क्षमता का प्रदर्शन किया है। समय से पहले जन्म और जन्म के समय कम वजन के कारण नवजात शिशुओं की बढ़ती मौतों को देखते हुए, एम-एनआईसीयू की स्थापना समय की मांग बन गई है। डब्ल्यूएचओ का इमीडिएट कंगारू मदर केयर (ङटउ) परीक्षण, भारत सहित पांच केंद्रों में आयोजित किया गया, जिसमें 1 से 1.8 किलोग्राम वजन वाले शिशुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। शोध से पता चला कि जन्म के तुरंत बाद कंगारू मदर केयर शुरू करने और इसकी अवधि बढ़ाने से नवजात मृत्यु में 25% की कमी आई। इससे एम-एनआईसीयू की स्थापना हुई, जिसमें समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं के अस्तित्व को बढ़ाने में प्रारंभिक शुरूआत निरंतर कंगारू मदर केयर की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद के नियोनेटोलॉजी विभाग की सीनियर कंसलटेंट डॉ निधी गुप्ता ने कहा, ह्लएम-एनआईसीयू में छोटे और बीमार शिशुओं को जीरो सेप्रेशन से जल्दी स्तनपान को बढ़ावा देने के साथ-साथ संक्रमण और बुखार के जोखिम को कम करने में मदद मिली है।
यह दृष्टिकोण मां और बच्चे के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करता है, मातृ संतुष्टि को बढ़ाता है और परिवार-केंद्रित देखभाल सिद्धांतों के अनुरूप मां को पर्यवेक्षण के तहत प्राथमिक देखभालकर्ता बनाता है।"

# बदरपुर बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने तथा सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के द्वारा महत्वपूर्ण स्थान, मॉल,होटल बैंक इत्यादि को चेक करने दिए गए दिशा-निर्देश पर कार्रवाई करते हुए सराय थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अर्जुन देव की टीम ने डॉग्स स्क्वाड के साथ मिलकर बदरपुर बॉर्डर पर नाका लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों को चेक किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ करके नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही है। इसी के तहत पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश पर सराय थाना की टीम ने आज डॉग स्क्वायड के साथ मिलकर बदरपुर बॉर्डर पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया जिसमें संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की गई। जैसा कि आपको ज्ञात है कि कुत्तों में सूंघने की विशेष क्षमता होती है जिससे कि वह दुर्गंध का पता लगाकर किसी की पहचान कर सकते हैं। डॉग स्क्वायड को समय-समय पर इसकी ट्रेनिंग दी जाती है।

# परविन्द्रर मल्होत्रा (शंटी) द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
ओल्ड फरीदाबाद के तालाब वाली गली में ग्रीवेन्स कमेटी के सदस्य परविन्द्रर मल्होत्रा(शंटी) द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री चौ. कृष्णपाल गुर्जर, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़,भाजपा जिलाध्यक्ष राज कुमार वोहरा,एवं निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा को फूलों की बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।
इस समारोह में पूरे ओल्ड फरीदाबाद से विशेष रूप से प्रेम प्रकाश मंदिर गोपी कालोनी चौक, राम मंदिर तालाब वाली गली, लक्ष्मी नारायण मंदिर गोपी कालोनी चौक, जैन मंदिर सेक्टर 16, सेंट्रल मार्केट



ओल्ड फरीदाबाद, मैन मार्केट पार्ट 1-2 लैय्या बिरादरी, सखी सरोवर बिरादरी , सैनी समाज, गोपी कालोनी आरडब्लूए, सेक्टर 19 बलदेव राज ओझा पॉकेट, सेक्टर 19 आनंदा पॉकेट, शेख वाडा, महावीर नगर सैय्यदवाडा, शिव कालोनी, बाबा नगर, सैनी समाज एवं बार काउंसिल से गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मौके पर चौ. कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हरियाणाा प्रदेश के विकास पुरूष मनोहर लाल के नेतृत्व में देश व प्रदेश के विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। उन्होनें कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति से काम कर रही है और आने वाले समय में हमारे देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नंबर पर होगी। इस अवसर पर अजय गौड ने कहा कि भगवान राम में आस्था रखने वाले लोग काफी वर्षो से राममंदिर बनने के क्षण की प्रतीक्षा कर रहे थे जिन्हें माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत का डका बज रहा है। इस अवसर पर राजकुमार वोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री ताऊ मनोहर लाल ने ग?ीब और पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को सशक्त करने का काम किया है। सुभाष आहूजा और परविन्द्र मल्होत्रा ने कार्यक्रम में आए लोगों का धन्यवाद किया और आने वाले समय में भाजपा को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# क्राइम ब्रांच 85 ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश कर आरोपियों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंद्र सिंह की टीम ने वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसीपी क्राइम अमन यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपियों में देवेंद्र उर्फ देवन(44), अनिल उर्फ भूषण(26), यामीन उर्फ भोलू(35) तथा अब्दुल रहमान(50) का नाम शामिल है। आरोपी देवेंद्र तथा अनिल दोनों फरीदाबाद में रह रहे थे वहीं



आरोपी यामीन उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर तथा आरोपी अब्दुल रहमान पलवल के चांदहट में रहता था। आरोपी देवेंद्र की सेक्टर 81 में गाड़ी की वर्कशॉप है वहीं आरोपी अब्दुल रहमान पलवल में कबाड़ी का काम करता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर 20 जनवरी को आरोपी देवेंद्र

**वारदात**

**8 आरोपी फरीदाबाद में 20 से अधिक गाड़ी चोरी की वारदात को दे चुके हैं अंजाम**

को चोरी की गाड़ी सहित काबू किया था। आरोपी जब गाड़ी के दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके पश्चात आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस रिमांड पर लिया गया और मामले में गहनता से पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी ने अपने तीन उक्त साथियों के साथ मिलकर गाड़ियों को चोरी करके बेचने की कई वारदातों को अंजाम दिया है। आरोपी देवेंद्र द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर 25 जनवरी को पुलिस द्वारा आरोपी यामीन को उत्तर प्रदेश के रबूपुरा तथा कबाड़ी अब्दुल को पलवल के चांदहट से गिरफ्तार किया गया। 28 जनवरी को आरोपी अनिल को भी रबूपुरा से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से फरीदाबाद में दर्ज चार मुकदमों में चोरी हुई 4 गाड़ियां बरामद की गई जिसमें 2 वेगनआर, 1 ऑल्टो तथा 1 इक्को गाड़ी शामिल है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी देवेंद्र और अनिल गाड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं तथा आरोपी देवेंद्र जो मैकेनिक है पुरानी स्क्रैप गाड़ियां खरीदकर उनके चेसिस नंबर चोरी की गाड़ियों पर लगाकर आरोपी यमन के माध्यम से अपने साथी कबाड़ी रहमान को बेच देता है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी फरीदाबाद में वाहन चोरी की 20 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। आरोपी अनिल के खिलाफ वाहन चोरी के 14 मुकदमे दर्ज है वहीं आरोपी देवेंद्र के खिलाफ वाहन चोरी के 5 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस रिमांड पूरा होने के पश्चात आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है वहीं अन्य गाड़ियों की बरामड़की के लिए उन्हें प्रोडक्शन वारंट पर लेकर पूछताछ की जाएगी ।

# हरियाणा के घर घर में पंजाब के जीरो बिजली बिल की चर्चाः अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/ रोहतक**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की जींद जनसभा में उमड़ा जनसैलाब प्रदेश में होने जा रहे बदलाव की तरफ संकेत कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज पंजाब के 90 प्रतिशत घरों में आने वाले जीरो बिजली बिल की चर्चा हरियाणा के घर घर तक पहुंच गई है।
उन्होंने कहा की एक तरफ तो पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार है, इसमें मुख्यमंत्री भगवंत



मान ने महज 20 महीने में 42 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी देने का काम किया। वहीं अकेले 2023 में 30 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी। वहीं हरियाणा की खट्टर सरकार ने वर्ष 2023 में 1000 युवाओं को भी सरकार नहीं दी। प्रदेश के युवाओं के साथ इससे ज्यादा दुर्भाग्य तो क्या होगा।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 10 हजार युवा हरियाणा में भूखे मरने की बजाय इजराइल में खराब हालातों में जाकर नौकरी करने को मजबूर हैं। जहां उनकी जान की भी कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर ने हरियाणा को बेरोजगारी में पूरे देश में नंबर एक बनाने का काम किया है।
उन्होंने कहा कि अब हरियाणा का युवा भी आम आदमी पार्टी को बड़ी उम्मीदों से देख रहा है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 30 जनवरी 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## अवैध संबंध के चलते अध्यापक को जिंदा जलाया

**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**

पनकी थाना क्षेत्र में रविवार को बंद कमरे में कानपुर देहात में कार्यरत अध्यापक दयाराम (48) का जला शव मिला था। मामले की जांच कर रही पुलिस ने चौबीस घंटे के भीतर ही घटना के खुलासे के नजदीक पहुंच गई। पुलिस का दावा है कि अधिवक्ता ने अवैध संबंध के चलते अध्यापक को बंद कमरे में आग लगाकर जिंदा जलाया है। घटना में दो लोग और शामिल हैं, जिसको लेकर पुलिस की जांच जारी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने सोमवार को बताया कि रविवार को अनुज ने फोन पर सूचना दी थी कि उसके अध्यापक भाई फतेहपुर निवासी दयाराम को अधिवक्ता संजीव कुमार ने पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा इलाके में अपने मकान के कमरे में बंद कर दिया है। पूरे कमरे को आग हवाले कर दिया है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अध्यापक की आग में जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। पीड़ित अनुज की तहरीर पर अधिवक्ता संजीव कुमार, संगीता और पवन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया। अधिवक्ता संजीव कुमार को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की गई तो पता चला कि अध्यापक की पत्नी संगीता से उसके अवैध संबंध है। जबकि अध्यापक पति से संगीता का विवाद चल रहा है, जो मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अधिवक्ता ने अवैध संबंध के साथ ही अध्यापक को जिंदा जलाने की भी बात कबूल कर ली है। दो अन्य आरोपितों के खिलाफ अभी किसी प्रकार का साक्ष्य नहीं मिला है, लेकिन मामले की जांच पड़ताल चल रही है। फिलहाल तीनों आरोपित पुलिस हिरासत में हैं।

## विस्फोट मामले में एनआईए ने तृणमूल नेता की आवाज का नमूना परीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने 2022 बीरभूम विस्फोटक मामले में गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता इस्माइल चौधरी के मोबाइल फोन से प्रभावशाली राजनीतिक संबंधों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के बाद उनकी आवाज का नमूना परीक्षण किया है।

एनआईए के एक अधिकारी ने बताया कि सुरागों की पुष्टि के लिए चौधरी की आवाज का नमूना परीक्षण किया गया है, जिसे जल्द ही केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। सूत्रों ने कहा कि एनआईए के अधिकारियों को गिरफ्तार तृणमूल कांग्रेस नेता के मोबाइल फोन से कई ऑडियो संदेश मिले हैं। उन ऑडियो संदेशों से केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों को जो सुराग मिले, उनमें पश्चिम बंगाल में पशु तस्करी मामले के मुख्य आरोपी सहगल हुसैन के संभावित संबंध के बारे में भी जानकारी मिली है। हुसैन, तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता और पार्टी के पूर्व बीरभूम जिलाध्यक्ष अणुब्रत मंडल के अंगरक्षक थे। ये दोनों फिलहाल पशु तस्करी मामले में नई दिल्ली की तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। सूत्रों ने बताया कि हाल ही में एनआईए के अधिकारी तिहाड़ जेल भी गए थे और वहां इस मामले में हुसैन से पूछताछ की थी। गौरतलब है कि 30 जून, 2022 को बीरभूम जिले के मुहम्मदबाजार इलाके में 81 हजार डेटोनेटर, 27 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट और 1,925 किलोग्राम जिलेटिन की छड़ें सहित भारी विस्फोटक सामग्री बरामद की गई थी।

# 'छात्रों में नई ऊर्जा का हुआ संचार'

## पीएम मोदी को आपकी चिंता, क्योंकि आप देश का भविष्य : सीएम साय

परीक्षा का उत्सव

8 परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया



**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ परीक्षा को उत्सव की तरह मनाने एवं विद्यार्थियों में तत्संबंधी तनाव दूर करने टिप्स दिये। इस दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरन्दर मिश्रा, अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब राजधानी रायपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित परीक्षा पे चर्चा के सीधे प्रसारण कार्यक्रम में शामिल हुए।

**प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया:** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के सुकमा की छात्रा उमेश्वरी को अपने पास बिठाया। कांकेर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्र शेख तैफुर रहमान ने प्रधानमंत्री से सवाल करते हुए पूछा-परीक्षा के दौरान अधिकांश छात्र घबराहट महसूस करते हैं, जैसा कि प्रश्नों को सही ढंग से न पढ़ना आदि। मेरा आपसे प्रश्न है कि इन गलतियों से कैसे बचा जाए कृपया अपना मार्गदर्शन दें ? जिस पर प्रधानमंत्री ने उत्तर दिया कि धैर्य रखकर अतिउत्साह में न आना और परीक्षा को एक उत्सव की तरह देखना बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी हम सभी ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रेरक उद्बोधन सुना। इस उद्बोधन से निश्चित रूप से आपके भीतर नयी ऊर्जा का संचार हुआ होगा। आपका आत्मविश्वास और अधिक मजबूत हुआ होगा। आप सभी कितने सौभाग्यशाली हैं कि जब आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, तब आपको न सिर्फ आपके शिक्षकों, माता-पिता और मित्रों का साथ मिल रहा है, बल्कि देश के प्रधानमंत्री भी आपके साथ खड़े हैं।

### 'देश के प्रधानमंत्री को आप लोगों की चिंता'

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री हर साल परीक्षा से पहले विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें सफल परीक्षार्थी बनने का गुर बताते हैं। यह भी बताते हैं कि परीक्षा की तैयारी के दौरान आप स्वयं को तनाव से किस तरह दूर रख सकते हैं। हर साल आयोजित होने वाला उनका यह कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा, बहुत लोकप्रिय कार्यक्रम है। आज का यह कार्यक्रम इस तरह का सातवां कार्यक्रम था। देश के प्रधानमंत्री को आप लोगों की चिंता है, क्योंकि आप देश का भविष्य हैं। प्रधानमंत्री का आप लोगों के लिए यही संदेश है कि परीक्षा एक उत्सव है। इसकी तैयारी उत्सव की तरह करें, उत्साह के साथ और पूरी ऊर्जा के साथ करें।

सकारात्मकता और मेहनत विद्यार्थियों के लिए सफलता की कुंजी है। आपको हर चुनौतियों पर विजय पाते हुए अपनी सकारात्मकता को बनाए रखना है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि पाठ्यक्रम की तैयारी तभी ठीक तरह से हो पाती है, जब आप अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए ठीक तरह से तैयारी करते हैं। अध्ययन और सेहत के बीच जितना अच्छा संतुलन आप बनाए रखेंगे, आपकी सफलता की गारंटी उतनी ही अधिक होगी।

## योगी ने किया रुद्राभिषेक, देवाधिदेव से की लोकमंगल की प्रार्थना



**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**गोरखनाथ** मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह रुद्राभिषेक एवं अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं जगत के कल्याण की प्रार्थना की। ऐसी मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं। और ऐसा करने वालों की सभी मनोकामना पूरी करते हैं,"भोलेनाथ"। मठ के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में सीएम योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि

अनुष्ठान

8 कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रुद्राभिषेक करने से भगवान शिवशंकर अत्यंत प्रसन्न होते हैं

अर्पित करने कर बाद रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की।

## '13 फरवरी को दिल्ली कूच करेंगे'



**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**भारतीय** किसान एकता बीकेई ने अपनी मांगों को लेकर 13 फरवरी दिल्ली कूच के लिए देशभर के किसान तैयारियां कर रहे हैं। बीकेई के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख सोमवार को ऐलनाबाद में किसान विश्राम गृह में प्रकाश ममेरां की अध्यक्षता में किसानों की मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा। ममेरां ने सबके विचार लिए, जिसमें सभी ने दिल्ली कूच के लिए सहमति जताई। औलख ने आंदोलन की मांगों के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें मुख्यतः स्वामीनाथन आयोग सी2 प्लस 50 प्रतिशत के तहत एमएसपी पर फसल खरीद का गारंटी कानून, किसान व मजदूर की संपूर्ण कर्जा माफी, नए भूमि अधिग्रहण कानून के तहत किसानों की जमीनों को लूटना बंद करें सरकार, किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को इंसाफ, अजय मिश्रा टैनी व उसके बेटे सहित सभी दोषियों को सजा मिले, बिजली संशोधन बिल वापस लिया जाए, भारत डब्ल्यूटीओ से बाहर आए, फसलों पर इंपोर्ट ड्यूटी हटाकर किसानों को बर्बाद ना किया जाए, नरमे सहित सभी फसलों के बीजों में सुधार किया जाए। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में सुधार किया जाए व बीमा प्रीमियम राज्य की सरकारें स्वयं अदा करें।

## हिप्र और उत्तराखंड में अगले दो दिनों तक बारिश की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पश्चिमी विक्षोभ के चलते आने वाले दो दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के साथ बारिश होने की संभावना है। 31 दिसंबर को उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी बारिश होने की संभावना है। सोमवार को मौसम विभाग के वैज्ञानिक सोमा सेन ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ ने उत्तर-पश्चिम हिमालय को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ रामलला का दर्शन करते हुए।

## राहुल के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी: शुभेंदु के खिलाफ केस



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल कांग्रेस ने राहुल गांधी के प्रति अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बंगाल कांग्रेस के सचिव सुमन रॉय चौधरी और पार्टी की राज्य इकाई के प्रवक्ता अभिषेक बनर्जी ने रायगंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की "भारत जोड़ो न्याय यात्रा" पर रविवार को पूछे गए एक सवाल के जवाब में सुरेंद्र अधिकारी ने आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था। उन्होंने कहा था, "मैं पिछले चार दिनों से लगातार राहुल गांधी के बारे में सुन रहा हूं। वह कौन हैं?

उन्होंने कुछ दिन पहले कहा था कि वह सुबह चाय बनाने के लिए स्टोव पर कोयले के टुकड़े डालते हैं। सच तो यह है कि कोयला को स्टोव पर रख कर चाय बनाने की बात किसी ने कभी नहीं सुनी होगी। यह मेरी जानकारी या समझ से परे था।" इस बयान के बाद शुभेंदु अधिकारी हंसने लगे थे। इसमें एक आपत्तिजनक शब्द का भी इस्तेमाल किया गया था, जिसे हमने यहां जिक्र नहीं किया है। इसी को लेकर कांग्रेस ने केस दर्ज करवाया है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव और प्रवक्ता कुणाल घोष ने भी अश्लील शब्द के इस्तेमाल के लिए भाजपा विधायक की आलोचना की। उन्होंने एक्स पर वीडियो साझा किया और लिखा कि राजनीति में ऐसी "असभ्य और बुरी संस्कृति" बंद होनी चाहिए।

अभद्र टिप्पणी

8 कुणाल घोष ने भी अश्लील शब्द के इस्तेमाल के लिए भाजपा विधायक की आलोचना की

## 'सीएम मनोहर के नेतृत्व में हो रहा विकास'

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**

**भारतीय जन**ता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि जिस प्रकार से केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साढ़े वर्षों में देश की दशा व दिशा को बदला है, उसी प्रकार से पिछले नौ वर्षों में हरियाणा की मनोहर सरकार ने हरियाणा में भ्रष्टाचार मुक्त शासन व प्रशासन देकर पारदर्शी सरकार दी है। हरियाणा की 36 बिरादरी में आज यह चर्चा चहुंओर है कि मोदी सरकार की तरह ही हरियाणा में भी भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। यह बात उन्होंने सोमवार को जारी बयान में कही। कुलदीप



बिश्नोई ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विगत 9 वर्षों का कार्यकाल सबका साथ-सबका विकास, पादर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान वाला रहा है। मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने हरियाणा में ऐसी व्यवस्था कायम की है, जिसने भ्रष्टाचार पर चोट की है। पर्ची-खर्ची सिस्टम, क्षेत्रवाद को समाप्त कर उन्होंने प्रदेश का एकसमान विकास किया है। आज राज्य के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह से बदल गई है। राज्य को किसान खुशहाल है, उद्योग का पहिया तेजी से घूम रहा है, गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है तथा आज कोई भी सरकार अफसर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने से पूर्व 10 बार सोचता है। यह सब मुख्यमंत्री की जनहितैषी नीतियों और राज्य की जनता का चहुंमुखी उत्थान करने की उनकी सोच के कारण ही संभव हो पाया है।

## चमारी गांव में बनेगा जिले का सबसे हाईटेक स्वास्थ्य केंद्र: पाठक

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक सोमवार को जालौन पहुंचे, यहां पर वह चमारी गांव में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा में शिरकत करने आए थे। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से गांव की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वहीं ग्राम में सबसे अत्याधुनिक स्वास्थ्य केंद्र बनवाने का निर्देश भी दिए। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पहुंचे, यहां पर उन्होंने भागवत कथा के दौरान श्लोकों का श्रवण किया।

## ईआरसीपी के लिए सीएम शर्मा को आमजन ने दिया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान के 13 जिलों के लिए बहुप्रतिक्षित पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर रविवार को नई दिल्ली में त्रिपक्षीय एमओयू हस्ताक्षर हुए। इस ऐतिहासिक निर्णय के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को जब नई दिल्ली से जयपुर एयरपोर्ट पहुंचे तब वहां विभिन्न जिलों से आए लोगों ने धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर उनकी वर्षों पुरानी आस अब पूरी हुई है। इससे राज्य के 13 जिलों में 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे 25 लाख से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे। साथ ही, औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी मिल सकेगा। उल्लेखनीय है कि ईआरसीपी के तहत पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक के लोगों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी।

## 'सिकल सेल रोग के साथ 2047 के बाद कोई बच्चा जन्म नहीं ले'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

**राज्यपाल मंगुभाई** पटेल ने कहा है कि वर्ष 2047 के बाद कोई भी बच्चा सिकल सेल रोग के साथ जन्म नहीं ले। यह सुनिश्चित किया जाना जरूरी है कि जांच और पुनर्वास के कार्य तीव्र गति और नियोजित रणनीति के अनुसार किये जाए। प्रभावी परिणामों के लिए कार्यों की पहुँच अंतिम कड़ी तक हो, यह भी सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा है कि वाहक और रोगी के चिन्हांकन के साथ ही जेनेटिक काउंसलिंग कार्ड प्राथमिकता के आधार पर उन्हें प्रदान किये जाये। प्रत्येक जिले के सिविल अस्पताल



में सिकल सेल रोग वार्ड बनाया जाए। रोगी बच्चों के प्रभावी उपचार के लिए वार्ड में प्रयास किये जाने चाहिए। राज्यपाल पटेल ने यह निर्देश जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य और आयुष विभाग की उच्चस्तरीय बैठक में दिये। बैठक का आयोजन राजभवन के सभाकक्ष में किया गया था। यह जानकारी सोमवार को जनसंपर्क अधिकारी अजय वर्मा ने दी। राज्यपाल पटेल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिकल सेल रोग उन्मूलन प्रयासों की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे है, जिसका उल्लेख वह अपने सार्वजनिक उद्बोधनों में भी करते है। उन्होंने

शांति

8 राज्यपाल ने जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य और आयुष विभाग की बैठक में दिये निर्देश

कहा कि देश को सिकल सेल रोग मुक्त बनाने के लिए गठित मिशन की लॉन्चिंग प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश के शहडोल जिले से की है। इस तरह उन्होंने सिकल सेल उन्मूलन की दिशा में प्रदेश के कार्यों को पूरे देश में प्रसारित किया है।

संबोधन

'राम जन्मभूमि मिल गया। अब कृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी की तैयारी है'

## भारत अकबर, बाबर या रावण का नहीं बल्कि रघुवर का देश है: शास्त्री

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**

**हनुमान कथा**वाचक बागेश्वर धाम पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा है कि "राम जन्मभूमि मिल गया। अब कृष्ण जन्मभूमि और ज्ञानवापी की तैयारी है। भारत अकबर, बाबर या रावण का देश नहीं है बल्कि रघुवर का देश है। अब मंदिर तोड़कर मस्जिद नहीं बनेगा। राम मंदिर के लिए जैसे 500 साल इंतजार करना पड़ा। अब नहीं लगेगा। तीन दिनों के कवर्धा दौरे पर पहुंचे मंदिर पहुंचे पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने बीती आधी रात को कवर्धा के एक होटल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए यह बात कही है। इससे पहले उन्होंने कवर्धा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। हनुमान मंदिर से सीधे रात 10 बजे लालपुर हत्याकांड में मृतक साधराम यादव के घर पहुंचे और मृतक के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 2 लाख 51 हजार रुपये कैश दिए।



चर्चा

8 सनातन धर्म क्या है पांच दिन के अज्ञातवास में हमने यह किताब लिखी है : धीरेन्द्र शास्त्री

साथ ही कथा स्थल में भक्तों से अपील कर और भी मदद कराने का आश्वासन दिया। पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने बीती रात 12 बजे होटल में पत्रकारों से चर्चा की और कहा कि हम बागेश्वरधाम में भारत की सेना को मजबूत करने और अमर वीर शहीदों की स्मृति में 108 कुंडली महायज्ञ 1 मार्च से 08 मार्च तक करने जा रहे है। 8 मार्च को निर्धन कन्या विवाह किया जाएगा। दो फरवरी को पूरे भारत के हिन्दूओं को एक बहुत बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं।

सनातन धर्म क्या है पांच दिन के अज्ञातवास में हमने यह किताब लिखी है। उस किताब में जानकारी संक्षिप्त है। छोटा पैक बड़ा धमाका। उस किताब को पढ़ने के बाद छोटा से छोटा बच्चा भी एक लाख सनातन विरोधियों के बीच खड़ा होकर बोलेगा सनातन धर्म की जय हो

## युवा अपनी ऊर्जा राष्ट्र विकास के कार्यों में लगाएं: राज्यपाल कलराज

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि आदिवासी प्रकृति पूजक समाज है। उनकी प्रकृति पोषण परंपराओं से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम विविधता में एकता की भारत भूमि को समझने और एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना से साक्षात होने का अवसर है। उन्होंने राजभवन में देश के विभिन्न प्रांतों से आए युवाओं का स्वागत करते हुए उनसे अपनी ऊर्जा का उपयोग राष्ट्र के विकास में लगाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को राजभवन में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा केंद्र सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय एवं गृह मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 15 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से ही युवाओं को देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से रूबरू होने का मौका मिलता हैं। मिश्र ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के लिए अपनी-अपनी विशिष्ट परम्पराएं हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत इन परम्पराओं के संरक्षण का कार्य होना चाहिए।